नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जन-जन की आवाज

# द न्यूज फिफ्टीन

RNI NO.- DELHIN/2023/86360 www.thenews15.in



वर्ष :01 | अंक : 181 | नई दिल्ली, बुधवार 28 अगस्त 2024 | मूल्य : 05 | पृष्ठ-12 |

...मुंबई लौटीं प्रियंका चौपड़ा पेज-12

## एक नजर

### मोदी ने पुतिन से टेलीफोन पर बात की, जेलेंस्की की चर्चा की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन की यात्रा से लौटने के तीन दिन बाद मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन से टेलीफोन पर बात की और यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के साथ हुई बातचीत पर चर्चा की।

श्री मोदी ने 'एक्स' पर अपनी एक पोस्ट में लिखा, "आज राष्ट्रपति पुतिन से बात हुई। विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की।"

प्रधानमंत्री ने कहा, "रूस-यूक्रेन संघर्ष और यूक्रेन की हालिया यात्रा पर मेरी अंतर्दृष्टि पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ। संघर्ष के शीघ्र, स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करने के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई।"

### कांग्रेस बन गयी है नारा देने वाली पार्टी : सीतारमण

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस को नारा देने वाली पार्टी बताते हुये मंगलवार को कहा कि अब यह पार्टी किसी भी विषय पर मंत्रणा किये बगैर की नारा देने लगती है।

श्रीमती सीतारमण ने यहां संवाददाताओं से अनौपचारिक चर्चा में यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) को कांग्रेस द्वारा यू टर्न बताये जाने के बारे में पूछे जाने पर यह बात कही।

उन्होंने कहा कि सरकार के किसी भी निर्णय पर गठबंधन को कोई असर नहीं पड़ता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का साफ-साफ कहना है कि हमारा गठबंधन सीधे जनता से है और जनता के हित में ही निर्णय लिये जाते हैं।

श्रीमती सीतारमण ने कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के कारण महंगाई में बढ़ोतरी नहीं हुयी है। उन्होंने सवाल किया कि कोई भी व्यक्ति यह बता दे कि जीएसटी लागू होने के बाद किसी एक भी वस्तु या सेवा पर इससे पूर्व की तुलना में अधिक कर है।

### सतीश कुमार रेलवे बोर्ड के नये अध्यक्ष एवं सीईओ नियुक्त

**नई दिल्ली।** रेलवे बोर्ड में सदस्य (ट्रेक्शन रोलिंग स्टॉक) सतीश कुमार को बोर्ड का नया अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है। सरकार के नियुक्ति संबंधी आदेश के अनुसार भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा के अधिकारी श्री सतीश कुमार श्रीमती जया वर्मा सिन्हा का स्थान लेंगे जो 31 अगस्त को सेवानिवृत्त होंगी। श्री सतीश कुमार एक सितंबर को कार्यभार संभालेंगे। सूत्रों के अनुसार श्री सतीश कुमार रेलवे बोर्ड के ऐसे पहले अध्यक्ष एवं सीईओ होंगे जो अनुसूचित जाति वर्ग के हैं।

श्री सतीश कुमार ने 05 जनवरी, 2024 को रेल मंत्रालय में रेलवे बोर्ड में सदस्य (ट्रैक्शन एवं रोलिंग स्टॉक) का कार्यभार संभाला था। भारतीय रेलवे मैकेनिकल इंजीनियर्स सेवा के 1986 बैच के अधिकारी श्री कुमार मार्च, 1988 में भारतीय रेलवे की सेवा में औपचारिक रूप से शामिल हुए और उनके पास 34 वर्षों का समृद्ध अनुभव है। इससे पहले वह उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज में महाप्रबंधक के रूप में काम कर चुके हैं।

पूर्व में श्री कुमार ने विभिन्न पदों पर झांसी मंडल और बीएलडब्ल्यू (बनारस रेलइंजन कारखाना) पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर, पटियाला रेलइंजन कारखाना में काम किया था। उन्होंने 1996 में यूएनडीपी कार्यक्रम के तहत कुल गुणवत्ता प्रबंधन में प्रशिक्षण लिया था और वे अपने करियर में कई परियोजनाओं की देख-रेख कर चुके हैं।

# राज्यसभा में एनडीए को बहुमत

## 12 सीटों के उपचुनाव में 11 निर्विरोध जीतीं, तेलंगाना में कांग्रेस कैंडिडेट की जीत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राज्यसभा की 12 सीटों पर उपचुनाव में सभी उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए। एनडीए को 11 पर जीत मिली है। इनमें भाजपा 9, अजीत पवार गुट और राष्ट्रीय लोक मोर्चा को एक-एक सीट मिली हैं। वहीं, कांग्रेस का एक उम्मीदवार जीता है।

राज्यसभा में 245 सीटें हैं, हालांकि वर्तमान में आठ सीटें, इनमें चार जम्मू-कश्मीर से और चार मनोनीत की सीटें खाली हैं। सदन की मौजूदा सदस्य संख्या 237 के साथ बहुमत का आंकड़ा 119 है। आज की 11 सीटों की जीत के साथ एनडीए 112 सीटों तक पहुंच गया है। एनडीए को छह नामांकित और एक निर्दलीय सदस्य का भी समर्थन प्राप्त है। यानी एनडीए को राज्यसभा में बहुमत मिल गया है।

9 राज्यों की 12 राज्यसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव से पहले ही भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने 9 सीटों पर जीत दर्ज कर ली है। बीजेपी के ये सभी उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हैं। इसके साथ ही 2 उम्मीदवार एनडीए के सहयोगी दल के भी निर्विरोध चुने गए। वहीं कांग्रेस को तेलंगाना वाली सीट निर्विरोध मिली है।

बीजेपी के राजस्थान से रवनीत सिह बिट्टू, हरियाणा से किरण चौधरी, मध्य प्रदेश से जॉर्ज कुरियन, बिहार से उपेंद्र कुशवाहा और मनन कुमार मिश्रा, असम से रामेश्वर तेली और मिशन रंजन दास, महाराष्ट्र से धिर्य शील पाटिल, ओडिशा से ममता मोहंता और त्रिपुरा से राजीव भट्टाचार्जी शामिल हैं। इन 9 राज्यसभा सांसदों के साथ बीजेपी के सदस्यों की संख्या 96 हो गई है, साथ ही उच्च सदन में एनडीए के सदस्यों की संख्या 112 हो गई है।

जानकारों की मानें तो अब बीजेपी को राज्यसभा में कोई भी महत्वपूर्ण बिल पारित कराने के लिए बीजेडी, वायएसआर कांग्रेस, बीआरएस और एआईएडीएमके पर निर्भर नहीं रहना होगा। उधर, कांग्रेस की राज्यसभा में नेता विपक्ष की कुर्सी भी सुरक्षित रहेगी। राज्य सभा में कांग्रेस की संख्या एक बढ़कर अब 27 हो गई है, जो कि नेता विपक्ष की कुर्सी के लिए जरूरी 25 सीटों से दो अधिक है।

**राजस्थान :** केंद्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू राजस्थान से राज्यसभा के सदस्य चुने गए हैं। विधानसभा के प्रमुख सचिव एवं निर्वाचन अधिकारी महावीर प्रसाद शर्मा ने मंगलवार (27 अगस्त) को राजस्थान से राज्यसभा की एक सीट के उपचुनाव में बीजेपी के प्रत्याशी रवनीत सिंह को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। शर्मा ने निर्वाचित प्रत्याशी रवनीत सिंह के अधिकृत निर्वाचन अभिकर्ता और उनकी ओर से प्रमाण-पत्र लेने के लिए अधिकृत योगेन्द्र सिंह तंवर को प्रमाण-पत्र दिया।

**बिहार :** पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा और सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता मनन कुमार मिश्र को बिहार से राज्यसभा उपचुनाव में निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। राज्यसभा सांसद विवेक ठाकुर (बीजेपी) और मीसा भारती (आरजेडी) के लोकसभा के लिए चुने जाने के कारण राज्यसभा की दो सीट पर यह उपचुनाव कराया गया। राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने का प्रमाणपत्र लेने के बाद कुशवाहा और मिश्र ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आवास जाकर उनसे शिष्टाचार मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने दोनों नवनिर्वाचित सांसदों को जीत की शुभकामनाएं दीं।

**मध्य प्रदेश :** केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन को मध्य प्रदेश से राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बीजेपी ने 20 अगस्त को कुरियन को मध्य प्रदेश से राज्यसभा सीट के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया था। यह सीट जून में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के लोकसभा में निर्वाचित होने के बाद खाली हुई थी। कुरियन के अलावा, प्रदेश बीजेपी उपाध्यक्ष कांतदेव सिंह समेत दो अन्य ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। सिंगरौली के रहने वाले सिंह ने भगवा पार्टी के डमी उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था।

**हरियाणा :** वहीं, हरियाणा में बीजेपी की राज्यसभा उम्मीदवार किरण चौधरी निर्विरोध सांसद चुन ली गईं। मंगलवार को उन्हें रिटर्निंग ऑफिसर साकेत कुमार ने राज्यसभा सीट से निर्विरोध सांसद का प्रमाण पत्र दिया। 20 अगस्त को बीजेपी ने उन्हें उम्मीदवार घोषित किया था। 21 अगस्त को उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी की उपस्थिति में अपना नामांकन दाखिल किया। कांग्रेस समेत दूसरे विपक्षी दलों की ओर से कोई भी उम्मीदवार खड़ा नहीं किया गया, इस कारण से किरण चौधरी का निर्विरोध राज्यसभा जाने का रास्ता बन गया।

**असम :** इसी तरह असम की दो सीटों पर बीजेपी ने बीते दिन सोमवार (26 अगस्त) को ही जीत हासिल कर ली थी। दरअसल नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख कल ही थी और राज्य में होने वाले उपचुनाव के लिए बीजेपी के दो ही उम्मीदवार मैदान में थे। ऐसे में रामेश्वर तेली और मिशन रंजन दास को निर्विरोध चुन लिया गया। रिटर्निंग ऑफिसर राजीब भट्टाचार्य ने दोनों को प्रमाण पत्र भी दे दिया।

**ओडिशा:** ाारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता जगन्नाथ प्रधान ने मंगलवार को राज्यसभा उपचुनाव के लिए अपना नामांकन वापस ले लिया, जिसके बाद पार्टी की आधिकारिक उम्मीदवार ममता मोहंता निर्विरोध चुन लगी गईं। मोहंता की ओर से 21 अगस्त को नामांकन दाखिल करने के कुछ घंटों बाद प्रधान ने अपना नामांकन दाखिल किया था। बीजेपी के प्रदेश प्रभारी विजय पाल सिंह तोमर ने कहा था कि प्रधान ने 'डमी उम्मीदवार' के तौर पर नामांकन दाखिल किया था।

### सभी सीटों पर 3 सितंबर को होना था चुनाव

बता दें कि चुनाव आयोग ने इसी महीने राज्यसभा उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी की थी। इसमें नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त थी और नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 27 अगस्त थी। मतदान 3 सितंबर को संबंधित राज्यों की विधानसभाओं में सुबह नौ बजे से चार बजे तक होना था और उसी शाम पांच बजे से मतगणना होगी और रात तक नतीजे आने वाले थे। लेकिन नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख यानी 27 अगस्त को सभी 12 सीटों पर उम्मीदवार निर्विरोध चुन लिए गए।

### राज्यसभा में बीजेपी की संख्या बढ़कर 96 पहुंची

12 सीटों पर निर्विरोध चुनाव के बाद अब राज्यसभा में बीजेपी की संख्या बढ़कर 96 हो गई है। वहीं एनडीए की संख्या की बात करें तो ये भी बढ़कर 112 हो गई है। 245 सदस्यों की राज्यसभा में अभी आठ सीटें और खाली हैं। इनमें चार जम्मू-कश्मीर की और चार मनोनीत सदस्यों की सीटें शामिल हैं। इस तरह राज्यसभा में वर्तमान में बहुमत का आंकड़ा 119 सदस्यों का है। एनडीए को छह मनोनीत और एक निर्दलीय का भी समर्थन प्राप्त है और इस तरह एनडीए बहुमत के आंकड़े को छू चुकी है।

## कोलकाता में भाजपा के मार्च पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े



**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार के नेतृत्व में मंगलवार दोपहर लालबाजार की ओर निकाले गये मार्च पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े।

मार्च में शामिल भाजपा कार्यकताओं ने 'छात्र समाज' की ओर से आहूत नवन्ना अविजन (सचिवालय रैली) के दौरान गिरफ्तार प्रदर्शनकारियों की रिहाई की मांग की गयी। मार्च में आंसू गैस के गोले छोड़े जाने के बाद रैली का नेतृत्व कर रहे श्री मजूमदार बीमार पड़ गये और उनका इलाज किया गया। पार्टी के अन्य नेता अर्जुन सिंह, तपस रॉय, लॉकेट चटर्जी और अन्य वरिष्ठ नेता भी आंसू गैस से प्रभावित हुए।

'छात्र समाज' और 'संग्रामी जौथा मोन्चो' की ओर से आहूत नवन्ना अविजन में भाग लेने वाले गिरफ्तार प्रदर्शनकारियों की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करने के लिए भाजपा कार्यकताओं ने लालबाजार के रास्ते में बैरिकेड तोड़ने की कोशिश जिसके बाद पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे।

## हरियाणा चुनाव साथ लड़ेंगे चंद्रशेखर आजाद और दुष्यंत चौटाला

### सीटों का भी हुआ बंटवारा, 70 सीट पर जेजेपी और 20 सीट पर एएसपी लड़ेगी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव बेहद दिलचस्प होता जा रहा है. इस बार हो रहे विधानसभा चुनाव में जननायक पार्टी के दुष्यंत चौटाला और आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर आजाद साथ में चुनाव लड़ने का फैसला किया है. दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में उन्होंने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की. दोनों पार्टियों ने कहा कि वे इस बार मजबूती से चुनाव लड़ेंगे.

प्रेस कॉन्फेंस में कहा गया कि यह घोषणा भले आज हुई है, मगर इसकी चर्चा बहुत पहले से हो रही है. उन्होंने कहा कि इस बार हम 36 बिरादरी को साथ में लेकर काम करेंगे. हम किसानों, युवाओं, महिलाओं की आवाज बनकर चुनाव लड़ने जा रहे हैं.

दुष्यंत चौटाला ने कहा कि इस बार हरियाणा में हम संयुक्त रूप से 90 सीटों पर चुनाव लड़ने जा रहे हैं. 70 सीट पर जेजेपी चुनाव लड़ने जा रही है और 20 सीटों पर आजाद समाज पार्टी चुनाव लड़ रही है.

### हमारा लक्ष्य, गरीबों को आगे बढ़ाना है

आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष और सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि हम हरियाणा में युवाओं, गरीबों की आवाज बन कर चुनाव लड़ने जा रहे हैं. हम 36 बिरादरी को साथ में लेकर चुनाव लड़ रहे हैं. उन्होंने कहा कि ये गठबंधन किसानों के लिए बहुत ही खास है. हमारी कोशिश रहेगी कि किसानों को उनका हक कैसे दिलाया जाए. चंद्रशेखर ने कहा कि जब भी किसानों की बात हुई है दुष्यंत चौटाला का परिवार हमेशा साथ में खड़ा रहा है. हम हरियाणा की बेहतरी चाहते हैं. दुष्यंत चौटाला ने प्रेस कॉन्फेंस में कहा कि चंद्रशेखर के आने से हम और मजबूत हुए हैं. लोकसभा और विधानसभा के मुद्दे अलग होते हैं. बीजेपी पर प्रहार करते हुए कहा कि हरियाणा में जनता बीजेपी को अच्छे से जान गई है.

### हरियाणा में दलितों के आरक्षित सीट

चंद्रशेखर आजाद की दलित वर्ग के बीच अच्छी पकड़ मानी जाती है. ऐसे में यह गठबंधन जेजेपी के लिए भी दलित वोट को खींचने में मदद कर सकता है. हरियाणा के कुल वोटरों में करीब 20 प्रतिशत दलित समुदाय से हैं. यहां 17 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं. यानी यहां से केवल अनुसूचित जाति के प्रत्याशी के मैदान में उतर सकते हैं. इनमें मुलाना, सधौरा, शाहबाद, गुहला, निलोखेरी, इसराना, खरखौदा, नरवाना, कलनवली, उकलाना, बवानी खेड़ा, कालानौह, झज्जर, बवाल, पटौदी और होडल है.

## ममता का हो पॉलीग्राफ टेस्ट : गौरव भाटिया

### कर्नाटक में हाईटेक डिफेंस एयरोस्पेस पार्क जमीन आवंटन की भी हो सीबीआई जांच





**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कोलकाता में एक महिला डॉक्टर की रेप और हत्या मामले में राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए मंगलवार को उनका पॉलीग्राफ टेस्ट करवाने की मांग की। भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए गौरव भाटिया ने कहा कि चाहे वह अपराधियों को बचाने वाली तानाशाह ममता बनर्जी हों या महिला डॉक्टर की हत्या को आत्महत्या बताने वाले पुलिस कमिश्नर, दोनों को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए जिससे निष्पक्ष जांच हो सके।

उन्होंने कहा कि जांच एजेंसी (सीबीआई) को ममता बनर्जी और पुलिस कमिश्नर का पॉलीग्राफ टेस्ट भी करना चाहिए। भाटिया ने नबन्ना अभियान के दौरान बंगाल पुलिस द्वारा किए जा रहे व्यवहार की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि आज पश्चिम बंगाल के नबन्ना में जो हो रहा है, वह चिंताजनक है और संविधान को तार-तार करने वाला है। इससे यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि अगर देश में कोई तानाशाह है, तो वह ममता बनर्जी हैं। वह आरोपी की बजाय छात्रों पर अपना गुस्सा निकाल रही हैं।

भाजपा नेता ने ममता बनर्जी को ह्यनिर्ममताह्व बनर्जी की संज्ञा देते हुए तृणमूल कांग्रेस के साथ-साथ पूरे विपक्षी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अपने साथी डॉक्टर को न्याय दिलवाने के लिए शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर ममता बनर्जी की पुलिस सख्त कार्रवाई कर रही है। ममता बनर्जी सरकार अपराधियों को बचा रही है, वहां प्रशासन पक्षपातपूर्ण है और उससे न्याय की उम्मीद नहीं की जा सकती। पश्चिम बंगाल में ह्लकानून-व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है और इसलिए ममता बनर्जी को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

भाजपा प्रवक्ता ने विपक्षी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर भी भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि हाईटेक डिफेंस एयरोस्पेस पार्क मामले में हुए घोटाले की कर्नाटक सरकार को सीबीआई जांच करवानी चाहिए और कांग्रेस अध्यक्ष, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और प्रियांक खड़गे को तुरंत अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और भ्रष्टाचार एक दूसरे के पर्याय है।

गांधी परिवार के सदस्य घोटाले के मामले में जमानत पर हैं और अब कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का भ्रष्टाचार भी सामने आ गया है। कर्नाटक में पहले मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की नाक के नीचे मूडा घोटाला हुआ और अब हाईटेक डिफेंस एयरोस्पेस पार्क का भी घोटाला सामने आ गया है। मूडा घोटाले में मुख्यमंत्री सिद्दारमैया, कर्नाटक की जनता की जगह अपने परिवार का हित कर रहे थे।

## सीबीआई मामले में केजरीवाल की न्यायिक हिरासत तीन सितंबर तक बढ़ी

द न्यूज 15 ब्यूरो



**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के मुकदमे में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत मंगलवार को तीन सितंबर तक के लिए बढ़ा दी गई।

दिल्ली की राउज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री की न्यायिक हिरासत बढ़ाने का आदेश पारित किया दी। अदालत ने इसके अलावा श्री केजरीवाल के खिलाफ दायर सीबीआई के पूरक आरोपपत्र पर अपना फैसला तीन सितंबर तक के लिए सुरक्षित रख लिया। इस पूरक आरोपपत्र में पांच अन्य लोगों पर कथित घोटाले से शामिल होने के आरोप लगाए हैं।

सीबीआई ने श्री केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 14 दिन बढ़ाने की गुहार लगाई थी, लेकिन अदालत ने उसे ठुकरा दी। अदालत ने संबंधित पक्षों की दलीलें में सुनने के बाद एक सप्ताह के लिए न्यायिक हिरासत बढ़ाने का आदेश पारित किया।

उधर, उच्चतम न्यायालय ने 23 अगस्त को कहा था कि वह दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाला में सीबीआई की गिरफ्तारी की वैधता को चुनौती देने वाली और इसी मुकदमे में जमानत की श्री केजरीवाल की दो अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई पांच सितंबर को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्वल भुइयां की (शीर्ष अदालत) खंडपीठ ने उनकी याचिकाओं पर संबंधित पक्षों के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद इस मामले में अगली सुनवाई के लिए पांच सितंबर की तारीख मुकर्रर की। श्री केजरीवाल ने दिल्ली उच्च न्यायालय की ओर से पांच अगस्त को अपनी याचिकाएं ठुकरा दिए जाने के बाद शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटा आया था।

शीर्ष अदालत ने धन शोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से दर्ज मुकदमे में श्री केजरीवाल को 12 जुलाई को अंतरिम जमानत दे दी थी। इससे पहले लोकसभा चुनाव के दौरान भी उन्हें अंतिम जमानत दी गई थी।

सीबीआई मामले में शीर्ष अदालत की पीठ के समक्ष तब वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने केजरीवाल का पक्ष रखते हुए दलील दी थी कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज मुकदमे में शीर्ष अदालत ने तीन मौकों पर अंतरिम जमानत दी है। उन्होंने दावा किया था कि सीबीआई की ओर से श्री केजरीवाल की गई गिरफ्तारी एक प्रकार से पहले से तय थी, क्योंकि यह अनुमान था कि ईडी मामले में उन्हें जमानत मिलेगी और वह जेल से रिहा किए जाएंगे।

उन्होंने इस बात पर भी आश्चर्य व्यक्त किया था कि जब गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) जैसे कठोर प्रावधान वाले मामले में जमानत दी जा सकती है, तो भ्रष्टाचार के मुकदमे में अंतरिम जमानत क्यों नहीं दी जा सकती।

# इस्कॉन द्वारका में मनाया भव्य जन्माष्टमी महामोहत्सव

**नई दिल्लीं, एजेंसी।** सबका प्रिय, भक्तों के दिल के निकट एवं बेहद चर्चित पवित्र जन्माष्टमी का त्योहार विश्वभर में 26 अगस्त सोमवार को मनाया गया। दुनिया के सबसे बड़े मंदिरों में से एक इस्कॉन द्वारका में भी खूब धूमधाम से अनोखा और भव्य उत्सव मनाया गया। जन्माष्टमी का यह कार्यक्रम 26 अगस्त को सुबह 4:30 बजे से श्री श्री रुक्मिणी द्वारकाधीश के दर्शन के साथ आरंभ हुआ। प्रातः 8 बजे परम पूज्य भक्ति आश्रय वैष्णव स्वामी महाराज द्वारा कृष्ण कथा की गई। पूरे दिन मंदिर में कीर्तन का आयोजन किया गया। अपने जीवंत और हर्षोल्लासपूर्ण कीर्तन के लिए प्रसिद्ध विश्व प्रसिद्ध कीर्तन कलाकार सच्चिनंदन गौर प्रभु ने अपनी टीम के साथ विशेष कीर्तन प्रस्तुत किया। भक्तों ने भगवान के जन्म के समय आधी रात तक नृत्य और गायन का आनंद लिया। इस महामहोत्सव में चार चाँद लगाने के लिए जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर यानी 25 अगस्त अगस्त की शाम को 500 से अधिक स्कूली बच्चों ने कृष्ण के जीवन और लीलाओं को दशार्ने वाले नाटक प्रस्तुत किए। एक आकर्षक मंच प्रस्तुति में सुपर स्टार सिंगर सीजन-3 यानी छोटे परदे के चमकते सितारे खुशी व पिहू शर्मा एवं खुशी नागर अपने राधारानी और कृष्णमय भजनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया व श्री श्री रुक्मिणी द्वारकाधीश की कृपा प्राप्त की। भगवान को अनेक किस्म के लड्डू व पेड़े आदि मिलाकर एक लाख भोग लगाए गए। देश-विदेश से मँगाए गए अनेक तरह के फूलों से सुसज्जित मंदिर की सजावट व भगवान के ऑल्टर की साज-सज्जा बेहद आकर्षक रही। इस जन्माष्टमी पर इस्कॉन द्वारका में भगवान के महाभिषेक के लिए



भक्तों ने भी भाग लिया। विशेष वीवीआई व्यवस्था के तहत मंदिर निर्माण में सहयोग करने वाले भक्तों ने महा आरती और महाभिषेक किया। इस्कॉन द्वारका के उपाध्यक्ष श्रीगौर प्रभु ने कहा कि, जन्माष्टमी के उत्सव को धूमधाम से मनाने के साथ-साथ लोगों के लिए यह जानना भी बेहद जरूरी है कि आखिर भगवान कृष्ण के क्या उपदेश हैं, उनकी शिक्षाएँ क्या हैं। भगवद्गीता में स्वयं भगवान कृष्ण ने अर्जुन के माध्यम से हमें ये शिक्षाएँ प्रदान की हैं, जो लाइफ मैनुअल के रूप में हम सबको अपनानी चाहिए। उन्होंने यह भी जोर देकर कहा कि एक खुशहाल और संतोषजनक जीवन के लिए कृष्ण की शिक्षाओं को पढ़ना और समझना महत्वपूर्ण है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए हमारे साथ वैज्ञानिक, इंजीनियर, डॉक्टर, व्यवसायी व अनेक युवा छात्र आगे आए हैं। कृष्ण के संदेशवाहक बनकर वे स्वयंसेवक के रूप में दिल्ली एनसीआर के विभिन्न क्षेत्रों में कृष्ण के संदेश को प्रसारित कर रहे हैं। उत्साहपूर्वक पुस्तकों का वितरण कर रहे हैं। श्री गौर प्रभु ने आगे कहा कि भगवद्गीता और इस्कॉन के संस्थापक श्रील प्रभुपाद की लिखी ये पुस्तकें कृष्ण की कृपा का एक रूप हैं। इनके अंदर जीवन बदलने की शक्ति है। जैसा कि उन्होंने हमारा जीवन बदला है। " उन्होंने आगे कहा कि इस्कॉन द्वारका की ओर से जन्माष्टमी के इस अवसर पर लगभग 5 लाख से अधिक लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। जन्माष्टमी पर कृष्ण का आशीर्वाद प्रसाद के रूप में भी प्राप्त होता है, जो शरीर और आत्मा दोनों का पोषण करता है। कृष्ण जन्माष्टमी के अगले दिन 27 अगस्त को नंदोत्सव मनाया जाता है। यह गोकुल में भगवान कृष्ण के जन्म का एक खुशी का अवसर है। यह त्योहार विशेष रूप से जीवंत है, जहाँ भक्त शिशु कृष्ण के बचपन के दृश्यों को दोहराते हैं। उत्सव में विशेष कथा, चंचल अनुष्ठान, भक्ति गीत गाना और मीठे प्रसाद का वितरण शामिल है। इस्कॉन के संस्थापक आचार्य भक्तिवेदांत स्वामी श्रील प्रभुपाद का जन्म इसी दिन हुआ था, इसलिए भक्तगण उनका अवतरण दिवस मनाते हैं। पिछले 12 सालों से आध्यात्मिक विकास और सामाजिक सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाना जाने वाला इस्कॉन द्वारका मंदिर कठिन समय में पीड़ितों की आस का केंद्र रहा है। कोविड महामारी के दौरान, इस्कॉन द्वारका ने न केवल प्रतिदिन 5 लाख भोजन वितरित किए, बल्कि 200 बिस्तरों वाला अस्पताल भी खोला, जिसमें 1800 मरीजों का इलाज किया गया, जिससे यह मंदिर आशा और करुणा का एक सच्चा केंद्र बन गया। दुनिया के सबसे बड़े मंदिरों में से एक इस्कॉन द्वारका का लक्ष्य 250, 000 दाताओं को सुदामा सेवक के रूप में जोड़ना है ताकि मंदिर निर्माण परियोजना को पूरा किया जा सके। वर्तमान में, 175, 000 से अधिक दाता पहले से ही इस दिव्य मिशन का हिस्सा बन चुके हैं। मंदिर को उम्मीद है कि भविष्य में उनके साथ और भी सुदामा सेवक जुड़ेंगे, जो भगवान कृष्ण और समाज सेवा में अपने प्रयासों को आगे बढ़ा सकें। होमी नामक एक प्रमुख पीजी सुविधा प्रदाता के साथ सहयोग में, इस्कॉन द्वारका समग्र जीवन और परामर्श सेवाएँ भी प्रदान कर रहा है। इस पहल में वंचित छात्रों के लिए आर्थिक सहायता शामिल है। हमारा प्रयास है कि कृष्ण चेतना का लाभ समाज के हर कोने तक पहुँचे क्योंकि इस्कॉन द्वारका कृष्ण प्रेम और उनकी शिक्षाओं को दुनिया में फैलाने के अपने मिशन को जारी रखता है।


## परिवहन मंत्री गडकरी को लीला अवलोकन का न्यौता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लालकिला ग्राउंड में आयोजित लव कुश रामलीला कमेटी का एक शिष्टमंडल कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार के नेतृत्व में केंद्रीय सड़क, परिवहन, राजमार्ग, जहाजरानी मंत्री श्री नितिन गडकरी से मिला और उन्हें सपरिवार आगामी 03 अक्तूबर से 13 अक्टूबर तक आयोजित प्रभु श्री राम जी की लीला का अपनी सुविधा अनुसार किसी दिन अवलोकन करने के लिए आमंत्रित किया। मंत्री महोदय ने इस आमंत्रण को तुरंत स्वीकार करते हुए शिष्टमंडल का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर नितिन गडकरी ने कहा युग पुरुष प्रभु श्री राम की लीला हमारी युवा पीढ़ी को उनके त्याग, समर्पण, और उनके नैतिक मूल्यों से अवगत कराते हुए असत्य पर सत्य की जीत का संदेश देती है, उन्होंने लीला आयोजको को बधाई देते हुए कहा आप प्रति वर्ष लीला आयोजन के दौरान पूरी दिल्ली को राममयी बना देते है। इस शिष्ट मंडल में लीला कमेटी के चेयरमैन पवन गुप्ता, महामंत्री सुभाष गोयल, संजय जैन, संदीप भूटानी, लोकेश बंसल, राज कुमार कश्यप सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। लीला कमेटी की और से मंत्री महोदय को शक्ति का प्रतीक गदा, राम जी का चित्र और अंग वस्त्र प्रदान किया गया।

## डेंगू के प्रसार से निपटने के लिए कई कदम उठाने के निर्देश दिए गए : दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में डेंगू के प्रसार से निपटने के लिए कई उपाय करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने कहा, हमने लोगों को डेंगू की रोकथाम के बारे में जानकारी देने के लिए सभी मेट्रो स्टेशन, बस अड्डे और अन्य सार्वजनिक परिवहन केंद्रों पर जागरूकता घोषणाएं करने के लिए कहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि शहर के सभी सरकारी अस्पताल डेंगू के मामलों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हों। भारद्वाज ने कहा कि उन्होंने स्वास्थ्य सचिव को कई कदम उठाने के निर्देश दिए हैं, लेकिन वह इस बात को लेकर पूरी



तरह आश्वस्त नहीं हैं कि उन कदमों को लागू किया गया है। मंत्री ने कहा, मैंने स्वास्थ्य सचिव को हर दिन एक सरकारी अस्पताल का दौरा करने का निर्देश दिया है, ताकि यह जांचा जा सके कि डेंगू से संबंधित सभी आवश्यक उपकरण उपलब्ध हैं या नहीं। हालांकि, मुझे पता नहीं है कि ये दौरे शुरू हुए हैं या नहीं। अगर ये (दौरे शुरू) नहीं हुए हैं, तो मैं व्यक्तिगत रूप से अस्पतालों का दौरा करूंगा और अनुपालन सुनिश्चित करूंगा। भारद्वाज ने आरोप लगाया कि जब भी दिल्ली में कोई बड़ा संकट होता है, तो दस्तावेजों से पता चलता है कि इसके पीछे उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना का हाथ होता है। आशा किरण आश्रय गृह मामले पर प्रकाश डालते हुए, जहां जुलाई में 14 बंदियों की मौत हो गई थी, मंत्री ने कहा कि जांच से पता चला है कि डॉक्टरों और चिकित्साकर्मियों की कमी थी। भारद्वाज ने कहा, नियुक्तियों की जिम्मेदारी उपराज्यपाल के पास है। मंत्री बनने के बाद से, मैंने 30 प्रतिशत रिक्तियों के बारे में उपराज्यपाल को दर्जनों पत्र लिखे हैं।

## आतिशी ने धौला कुआं में वर्षा जल निकासी की क्षमता बढ़ाने का निर्देश दिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की लोक निर्माण (पीडब्ल्यूडी) मंत्री मंत्री आतिशी ने मंगलवार को कहा कि धौला कुआं में भारी जलभराव नजर आने के बाद उन्होंने अधिकारियों को मोबाइल पम्प के जरिए इलाके में वर्षा जल निकासी की क्षमता बढ़ाने का निर्देश दिया है। आतिशी ने धौला कुआं इलाके का निरीक्षण किया था। उन्होंने कहा, पिछले कुछ दिनों में



अप्रत्याशित बारिश के कारण रिंग रोड पर धौला कुआं फ्लाईओवर के नीचे भारी जलभराव की समस्या पैदा हो गयी थी। यह सुनिश्चित करने के लिए कि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा पैदा न हो, यहां पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया। मंत्री ने कहा, अधिकारियों को मोबाइल पम्प के जरिए पम्पिंग क्षमता बढ़ाने और प्रति घंटे 100 मिलीमीटर बारिश के अनुसार जल निकासी की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है।

## काठमांडू की ग्रे मार्केट में खपाए चोरी के 800 मोबाइल

### क्राइम ब्रांच ने 900 किमी पीछा करके आरोपी को नेपाल बॉर्डर से दबोचा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की वेस्टर्न रेंज-कने मोबाइल चोरी और स्नैचिंग के एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है जो चोरी के मोबाइल फोन को काठमांडू, नेपाल की ग्रे मार्केट में बेचने का गोरखधंधा कर रहा था। पुलिस टीम ने इसके एक प्रमुख रिसीवर और सप्लायर को गिरफ्तार किया है। इनको पकड़ने के लिए क्राइम ब्रांच की टीम ने 900 किलोमीटर तक पीछा किया। आरोपी की पहचान सरवरपाल सिंह उर्फ गिन्नी (53) के रूप में हुई है। आरोपी के पास से चोरी के 36 मोबाइल फोन और अपराध में इस्तेमाल की जा रही एक होंडा सिटी कार को भी जब्तक किया है। आरोपी करीब 800 मोबाइल ठिकाने लगा चुका है।

डीसीपी सतीश कुमार के मुताबिक क्राइम ब्रांच की टीम को आरोपी के बारे में कुछ सुराग हाथ लगा। पता चला कि आरोपी सर्वरपाल सिंह यूपी के लखनऊ के रास्ते नेपाल बॉर्डर जाता है और वहां के ग्रे मार्केट में चोरी के मोबाइलों को बेचने का काम किया करता है। इस इनपुट के आधार पर पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए पूरी योजना तैयार की। टीम ने उसका तकरीबन 900 किलोमीटर तक लंबा पीछा किया। उसको गोरखपुर से सनौली नेपाल बॉर्डर हाईव, नजदीक टोल टैक्स ननयासर (यूपी-नेपाल बॉर्डर) को नेपाल में प्रवेश करने से पहले रोक दिया और उसको पकड़ लिया गया। उसके पास से पुलिस ने 36 हाई एंड एंड्राइड मोबाइल फोन बरामद किए हैं और 20 से ज्यादा चोरी के मामलों को सुलझाने का दावा भी किया है। आरोपी आदतन अपराधी है।

## दिल्ली में मुठभेड़ के बाद वांछित अपराधी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के गोकलपुरी इलाके में पुलिस के साथ संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद एक वांछित अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गोकलपुर गांव का निवासी रवि उर्फ रिंकू (42) शनिवार को दर्ज हत्या के एक मामले में मुख्य आरोपी है। इस मामले में उसके तीन साथियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस के अनुसार, गोकुलपुरी इलाके में शराब पीते समय रवि और उसके दोस्त ने मामूली बात पर हुए विवाद के बाद नीरज अरोड़ा की कथित तौर पर हत्या कर दी थी। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) (उत्तर-पूर्व) जॉय तिर्की ने बताया कि रवि पर पांडव नगर, ज्योति नगर और गोकलपुरी में हत्या के तीन मामलों समेत कुल सात आपराधिक मामले दर्ज हैं। डीसीपी ने बताया कि पिछले 10 वर्षों में उसके खिलाफ डकैती, जबरन वसूली और आपराधिक हमले के मामले भी दर्ज किए गए हैं। तिर्की ने बताया कि सोमवार रात को सूचना मिली थी कि रवि गोकलपुरी में किसी से मिलने आ रहा है, जिसके आधार पर गंदा नाला के पास पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए जाल बिछाया। वह मोटरसाइकिल पर आया और जब उसे रुकने का इशारा किया गया तो उसने पुलिस पर गोली चला दी। उसने दो बार गोली चलाई लेकिन कोई घायल नहीं हुआ। अधिकारी ने बताया कि पुलिस टीम ने जवाबी कार्रवाई की और रवि के बाएं पैर में गोली लग गई। आरोपी का जीटीबी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। तिर्की ने बताया कि उसके पास से 7.65 एमएम की एक पिस्तौल, एक कारतूस और चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

## एलजी कार्यालय का काम केवल झूठ बोलना, काम रोकना और गुमराह करना रह गया है : सौरभ भारद्वाज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सौरभ भारद्वाज ने गंभीर आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि दिल्ली के सभी संकटों के पीछे भाजपा द्वारा दिल्ली को बर्बाद करने के लिए लगाए गए उपराज्यपाल होते हैं। आप नेता ने कहा कि इसके कई उदाहरण हैं। अभी ताजा उदाहरण एक आशा किरण शेल्टर होम का है जहां 14 लोगों की दुखद मौत हो गई थी। यहां डॉक्टरों और स्टाफ की भारी कमी थी, जिस वजह से ये मौतें हुई। दूसरी, यहां ट्रांसफर और पोस्टिंग की जरूरत थी, लेकिन उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के अंतर्गत आने वाले सर्विसेज विभाग ने अपना काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि



इस मामले में भी एलजी कार्यालय की तरफ से झूठ परोसा गया। सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया है कि दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी है। नये बनाये जा रहे अस्पतालों में भी नियुक्ति नहीं की जा रही है। इसके पीछे बीजेपी के एलजी साहब बेहद ही बेतुका कारण बताते हैं कि एनसीसीएस की बैठक नहीं हो पा रही है। सौरभ भारद्वाज का कहना है कि कुछ महीने पहले अंबेडकर मेडिकल कॉलेज के अंदर प्रोफेसर द्वारा दो छात्राओं का यौन शोषण किया गया लेकिन उस प्रोफेसर पर एलजी और स्वास्थ्य विभाग ने कोई एक्शन नहीं लिया, बल्कि दोनों छात्राओं को झूठा फंसाया जा रहा था। जब मेरे द्वारा इसका कारण पूछा गया तो स्वास्थ्य सचिव ने वही बेतुका तर्क दिया कि यह मामला सर्विसेस का है और नेशनल कैपिटल सिविल सर्विस अथॉरिटी (एनसीसीएसए) की बैठक न होने की वजह से कोई कार्रवाई नहीं हुई।

मंत्री ने कहा है कि डॉक्टरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग न होने के पीछे एनसीसीएसए की बैठक न होने का कारण दिया जाता है, वहीं अपना फायदा देखते हुए एलजी साहब ने पीडब्ल्यूडी विभाग में कई नियुक्तियां कर दीं।

## दिल्ली को मिला 'वैष्णवी पार्क', एलजी विनय कुमार सक्से ना ने किया उद्घाटन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्लीत विकास प्राधिकरण (डीडीए) की ओर से अशोक विहार फेज 2 में 7 ग्रीन पॉकेट को मिलाकर करीब 33 एकड़ में बड़ा पार्क और नर्सरी विकसत की जा रही है। इससे जुड़ी परियोजनाओं में से उपराज्यंपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने मंगलवार को डीडीए के वैष्णवी-पार्क और पौध नर्सरी का उद्घाटन किया। कुल प्रोजेक्ट करीब 10 एकड़ में तैयार किया गया है। इस वैष्णऔवी पार्क और पौध नर्सरी को बेहद खूबसूरत तरीके से तैयार किया गया है। जो आसपास के एरिया को हराभरा बनाने और आबोहवा को साफ-स्वतच्छ बनाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। उद्घाटन समारोह में चांदनी चौक से बीजेपी के सांसद प्रवीण खंडेलवाल, डीडीए वाइस चेयरमैन सुभाशीष पांडा और अन्ये प्रमुख रूप से मौजूद रहे। एलजी सक्सेसना ने कहा कि वैष्णवी उस जगह पर स्थित है, जहां मैंने कार्यभार संभालने के तुरंत बाद दिल्ली में ग्रीन स्पेहसों की पहचान करने और उनको विकसित करने के लिए उनका निरीक्षण कर लक्ष्यह निर्धारित किया था। उन्हों‍ने कहा कि इस बंजर भूमि पर अतिक्रमण किया हुआ था। इसको हरे भरे इकोलॉजिकल एसेट के रूप में तब्दील करने का काम किया गया है।

## एक नजर

### दिल्ली में बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में मंगलवार को न्यूनतम तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से चार डिग्री कम है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार दिन में बारिश होने की भी संभावना है। आईएमडी ने 26 अगस्त को राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार के लिए यलो अलर्ट जारी किया था, जिसमें शहर में आमतौर पर बादल छाए रहने, हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने तथा 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का पूवार्नुमान व्यक्त किया था। मौसम विभाग देश में मौसम संबंधी अलर्ट जारी करने के लिए चार रंगों का उपयोग करता है। ये रंग और इनके संदेशङ्क. ग्रीन (किसी कार्रवाई की जरूरत नहीं), येलो (नजर रखें और निगरानी करते रहें), ऑरेंज (तैयार रहें) और रेड (कार्रवाई/सहायता की जरूरत) हैं।

### करोड़ों खर्चने के बाद भी ध्वस्त हो चुका है दिल्ली का ड्रेनेज सिस्टम : विनोद जायस

**नई दिल्ली , एजेंसी।** राजधानी दिल्ली का ड्रेनेज सिस्टम पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। आलम यह है इस सिस्टम के सुधार के लिए हर साल करोड़ो रुपए का बजट बनाया जाता है लेकिन आंकड़ो पर गौर करें तो ड्रेनेज सिस्टम पहले से भी ज्यादा खराब हो चुका है। यह कहना है उत्तर पूर्वी दिल्ली जिला भाजपा के उपाध्यक्ष ठाकुर विनोद जायस का। विनोद जायस कहते हैं यदि दिल्ली के ड्रेनेज सिस्टम की जांच सी.बी.आई.से कराई जाए तो कई भ्रष्ट अफसर हत्थे चढ़ सकते हैं। विनोद जायस नें उपराज्यपाल से मांग की इस सिस्टम की जांच कराएं और दोषियों को सजा दिलवाए। विनोद जायस कहते हैं ड्रेनेज सिस्टम बुरी तरह से ध्वस्त हो चुका है।

आलम यह है की दो तीन घंटे की बरसात में ही दिल्ली तालाब बन जाती है। इस साल ही जलभराव के चलते कई लोग काल के ग्रास में समा चुके हैं। लेकिन दिल्ली सरकार इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही। अरविन्द केजरीवाल सरकार अपनी गलतियों से भी सबक नहीं लेती और केवल बयानबाजी में लगे रहना इस सरकार की आदत बन चुकी है। केजरीवाल ने 2021 में दिल्ली ड्रेनेज सिस्टम मास्टर प्लान 2021 को धरातल पर उतारकर नालियों में जल निकासी के लिए बदलाव लाने के लिए टेक्निकल एक्सपर्ट कमेटी का गठन किया था, परंतु 30-35 साल पुरानी 3740 किलोमीटर लम्बाई की 2846 नालियां व नालों के लिए अलग-अलग प्लान और प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनी परंतु आज तक कोई काम नहीं हुआ।

### शराब घोटाले में बीआरएस नेता कविता को मिली जमानत

नई दिल्ली, 27 अगस्त (वेब वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली शराब घोटाले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज अलग-अलग मुकदमों में मार्च से न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) विधान पार्षद के. कविता को सशर्तों के साथ मंगलवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की खंडपीठ ने तेलंगाना की विधान पार्षद की ओर से दिल्ली उच्च न्यायालय के एक जुलाई के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर यह आदेश पारित किया, जिसमें बीआरएस नेता को जमानत देने से इनकार कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय का यह आदेश कि किसी महिला को जमानत में छूट सिर्फ इसलिए नहीं दी जा सकती, क्योंकि वह शिक्षित और स्वतंत्र है, गलत है। इसे रद्द किया जाना चाहिए।

### भाजपा की टीम ने दिल्ली के स्कूल का किया दौरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल यह दावा करते नहीं थकते कि वो दिल्ली में बच्चों को विश्व स्तरीय शिक्षा मुहैया करा रहे हैं, जिसकी चर्चा ना महज देश, बल्कि विदेशों में भी हो रही है। यही नहीं, वे दिल्ली के शिक्षा मॉडल के नाम पर पंजाब सहित कई राज्यों में चुनाव भी लड़ चुके हैं। बीजेपी की एक टीम ने मंगलवार को कापसहेड़ा में एक स्कूल का निरीक्षण किया। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, सांसद रामवीर सिंह बिधुड़ी और राजा इकबाल स्कूलों का निरीक्षण करने पहुंचे तो उन्हें केजरीवाल सरकार पर हमला बोलने का एक और मौका मिल गया। जिस स्कूल का वो निरीक्षण करने पहुंचे थे, वहां ना तो बच्चों के लिए पर्याप्त क्लास रूम थे और ना ही उनके बैठने के लिए बेंच की व्यवस्था। बीजेपी ने दावा किया कि स्कूल की बदहाली का अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं कि एक क्सालरूम में दो कक्षाओं के बच्चे बैठने को मजबूर हैं और ना ही उन्हें पढ़ाने वाला कोई योग्य शिक्षक है।

### एकीकृत पेंशन योजना से लाखों लोग होंगे लाभान्वित : दीपक गाबा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) को मंजूरी दे दी है। सरकारी कर्मचारियों के लिए लाई गई इस योजना में कई बड़े ऐलान हैं। यूपीएस की सबसे बड़ी खास बात यह है कि इसमें पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) की तरह ही सरकारी कर्मियों को रिटायरमेंट के बाद औसत मूल वेतन की 50 फीसदी राशि मिलेगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमने एकीकृत पेंशन योजना यानी यूपीएस को मंजूरी दी है। केंद्र सरकार के इस फैसले पर बात करते हुए भाजपा शाहदरा जिले के महामंत्री दीपक गाबा ने कहा की केंद्र सरकार के द्वारा मंजूरी दी गई एकीकृत पेंशन योजना बेहद ही शानदार योजना है और निश्चित ही इस योजना से सरकारी कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। दीपक गाबा ने कहा की सरकारी कर्मचारी देशभर में सामान्य नागरिकों की सेवा करते हैं, रेलवे, पुलिस, डाक सेवा, चिकित्सा जैसी सेवाओं में देशभर में सरकारी कर्मचारी सामान्य नागरिकों को अपनी सेवाएं देते हैं जिससे समाज की एक व्यवस्था चलती है। सरकारी कर्मचारियों का समाज में एक महत्वपूर्ण स्थान है। दीपक गाबा ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दे समय समय पर उठते आए हैं और उस पर केंद्र सरकार के द्वारा अच्छे निर्णय भी लिए गए हैं। दीपक गाबा ने बताया की एकीकृत पेंशन योजना को पास करने की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा की सेवानिवृत्त यानी सुपर एन्यूएशन के बाद मिलने वाली पेंशन सामाजिक सुरक्षा का महत्वपूर्ण भाग है। देशभर में सरकारी कर्मचारियों की तरफ से मांग आती रही है कि नई पेंशन स्कीम यानी एनपीएस में सुधार किए जाए।

### यूट्यूबर ध्रुव राठी के खिलाफ बीजेपी नेता की मानहानि याचिका पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के साकेत कोर्ट ने यूट्यूबर ध्रुव राठी के खिलाफ बीजेपी के प्रवक्ता सुरेश करमशी नखुआ की मानहानि याचिका पर सुनवाई टाल दिया। डिस्ट्रिक्ट जज गुंजन गुप्ता ने मामले की अगली सुनवाई 20 सितंबर को करने का आदेश दिया। मामले में ध्रुव राठी ने जवाब दाखिल कर कहा है कि नखुआ ने कई तथ्यों को छिपाया है और वह हमेशा ही अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते रहे हैं। इससे पहले ध्रुव राठी की ओर से पेश वकील नकुल गांधी ने नखुआ के कुछ ट्वीट का जिक्र करते हुए कहा था कि याचिकाकर्ता सोनिया गांधी, बरखा दत्त, सुहेल सेठ और दूसरे लोगों के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करते रहे हैं। ध्रुव राठी ने अपने जवाब में कहा है कि जिस वीडियो को लेकर नखुआ ने याचिका दायर की है उसमें वीडियो के तथ्यों को जानबूझकर छिपाया गया है ताकि कोर्ट को गुमराह किया जा सके। उस वीडियो में भद्दी-भद्दी गालियां दी गई हैं। बता दें कि 24 जुलाई को कोर्ट ने यूट्यूबर ध्रुव राठी को नोटिस जारी किया था।

# सरला चोपड़ा डीएवी पब्लिक स्कूल ने नोएडा में मनाया जाएगा वेद प्रचार सप्ताह

**ऋषि तिवारी**

**नोएडा।** डीऐवी विद्यालय ने नोएडा में चलने वाले वेद सप्ताह में आर्य समाज के तत्वाधान में कई आयोजन किए जा रहें हैं। जिसके अंतर्गत आज इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभात फेरी से हुआ जिसमें विद्यार्थियों ने मंत्रोच्चारण करते हुए सभी को स्वामी दयानन्द जी के मानवतावादी आदर्शों पर चलते रहने की सीख दी और साथ ही साथ विद्यालय की यज्ञशाला में हवन भी किया गया। जिसमें विद्यार्थियों तथा अध्यापकों ने मिलकर 100 आहुतियां दी। तत्पश्चात विद्यालय के धर्मशास्त्री श्री करण सिंह ने अपने मधुर वाचन के द्वारा विद्यार्थियों को यज्ञ तथा वैदिक मूल्यों को अपने जीवन में उतारने की सीख दी।




विद्यालय की प्रिन्सिपल चित्राकांत ने सभी विद्यार्थियों को आर्य संस्कृति का महत्व समझाते हुए सबको समाज के प्रति अपना उत्तर दायित्व निभाने की सीख दी और साथ ही उन्होंने कहा कि वेदों की वाणी तथा उनका सार अपने जीवन में उतार कर तथा स्वामी दयानन्द, महात्मा आनंद स्वामी, स्वामी श्रद्धा नंद जी के पदचिन्हों पर चल कर ही नए भारत के विकास में अपना योगदान दे सकते हैं। विद्यार्थियों ने भी पूरी निष्ठा तथा उल्लासपूर्ण ढंग से इस पावन आयोजन में भाग लिया।

# नोएडा में लिव-इन पार्टनर के उत्पीड़न से तंग युवती समेत 4 ने की आत्महत्या

**नोएडा, एजेंसी।** थाना ईकोटेक-3 में एक शख्स ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी बहन लिव इन रिलेशनशिप में रह रही थी। उसके लिव इन रिलेशनशिप के पार्टनर और उसके परिजनों के उत्पीड़न के चलते उसने आत्महत्या कर लिया है। इसके अलावा तीन अन्य लोगों ने मानसिक तनाव के चलते अपने-अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है। थाना ईकोटेक-3 के प्रभारी निरीक्षक अनिल पांडे ने बताया कि राजेंद्र सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी बहन विगत 4 वर्ष से रविंद्र सहरावत नामक व्यक्ति के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रही थी। पीड़ित का आरोप है कि रवींद्र ने उससे शादी का वादा किया था, लेकिन शादी नहीं कर रहा था। जब उसकी बहन ने शादी के लिए दबाव बनाया तो रविंद्र और उसके परिजनों ने उसके साथ बदसलूकी की। इस बात से परेशान होकर उसने आत्महत्या कर लिया। उन्होंने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर रविंद्र और उसके परिजनों के खिलाफ पुलिस ने धारा 306, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। थाना बीटा-दो के प्रभारी निरीक्षक विद्युत गोयल ने बताया कि रोशन कुमार पुत्र मुकुल उम्र 25 वर्ष मूल निवासी जनपद बेगूसराय बिहार हाल निवासी सुशील नागर का मकान ग्राम नवादा ने अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना बीटा-दो पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं थाना फेस-3 क्षेत्र में रहने वाले शिवम उम्र 26 वर्ष ने मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है।

## एक नजर

### गाजियाबाद में तीन साल की लड़की से किशोर ने की शर्मनाक हरकत, पुलिस ने पकड़ा

**गाजियाबाद, एजेंसी।** इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र की एक कॉलोनी में 13 साल के किशोर ने तीन वर्षीय मासूम को अकेला पाकर उसके साथ गंदी हरकत कर दी। घटना 23 अगस्त की दोपहर की है। बच्ची की मां ने किशोर के नाम से पुलिस में मुकदमा कराया है। पुलिस ने किशोर को पकड़ लिया है। मूलरूप से असम की रहने वाली महिला इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र की एक कॉलोनी में पति और तीन साल की बेटी के साथ रहती है। वह घरेलू सहायिका का काम जबकि पति मजदूरी करता है।

महिला ने पुलिस को शिकायत दी कि 23 अगस्त की दोपहर करीब डेढ़ बजे पति को फोन करने को कुछ देर के लिए झुग्गी से बाहर गई थी। इस दौरान 13 साल का किशोर उनकी झुग्गी में घुस गया और उसने मासूम बच्ची से गंदी हरकत करनी शुरू कर दी। किशोर की जबरदस्ती से बच्ची रो रही थी। उसकी आवाज सुनकर वह झुग्गी में पहुंची तो किशोर उन्हें देखकर वहां से भाग गया। उन्होंने मामले की सूचना तुरंत स्थानीय चौकी पर दी। पुलिस ने किशोर के माता-पिता को बुलाकर पूछताछ की। कुछ देर बाद पुलिस ने किशोर को घर के पास से पकड़ लिया। एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि महिला की शिकायत पर तत्काल मुकदमा दर्ज कर लिया गया। किशोर को पकड़कर उससे मामले की जानकारी की गई। बाद में उसे बाल सुधार गृह में भेज दिया गया।

### मोटरसाइकिल चोर गिरफ्तार, बाइक और तमंचा बरामद

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से चोरी की एक बाइक और अवैध तमंचा बरामद हुआ है। यह बदमाश ग्रेटर नोएडा में मोबाइल और चैन लूट की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। पुलिस काफी दिन से इसकी तलाश में जुटी थी। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी के मुताबिक, पकड़े गए बदमाश की पहचान अंकित निवासी बाराही मंदिर वाली गली सूरजपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने बदमाश के पास से चोरी की एक बाइक बरामद की है। यह बाइक इसने बीटा दो कोतवाली क्षेत्र से चोरी की थी। यह बदमाश सेक्टर ओमिक्रोन तीन में एक महिला से चेन लूट की कोशिश के मामले में वांछित चल रहा था। इसके अलावा भी यह मोबाइल और चैन लूट के कई घटनाओं को अंजाम दे चुका है। अलीगढ़ और गौतमबुद्धनगर में इसके खिलाफ लूट और चोरी के 17 मुकदमे दर्ज हैं।

### खेत में पड़े कूड़े पर मिट्टी डालने की मांग

**गाजियाबाद, एजेंसी।** नगर निगम ने गढ़ी गुलधर मेरठ रोड पर शहर का कूड़ा डाला था। इसके लिए किसान नैपाल से जमीन किराए पर ली थी। निगम और किसान के बीच अनुबंध हुआ था कि कूड़ा डालने के बाद उसके ऊपर मिट्टी डलवाई जाएगी ताकि लोगों को दिक्कत न उठानी पड़े। अनुबंध खत्म होने के बाद निगम ने कूड़ा डालना बंद कर दिया, लेकिन उस पर मिट्टी नहीं डाली। किसान कई माह से निगम के चक्कर काट रहा है। इसके बाद भी सुनवाई नहीं हो रही। किसान का कहना है कि खुले में कूड़ा पड़ा होने से लोगों को दिक्कत हो रही है। उन्होंने अपर नगर आयुक्त से कूड़े पर मिट्टी डलवाने की मांग की है।

### गाजियाबाद नवीन फल सब्जी मंडी में 30 अगस्त को कब्जामुक्त होगी 27 बीघा जमीन

**गाजियाबाद, एजेंसी।** नवीन फल सब्जी मंडी में व्यापारियों की बार-बार शिकायत करने बाद जमीन कब्जामुक्त के लिए बड़ी कार्रवाई की जाएगी। 30 अगस्त को कार्रवाई कर 27 बीघे में बने फसल बेचने के चबूतरों को कब्जामुक्त कराया जाएगा। कार्रवाई का आदेश मंडी निदेशक लखनऊ की ओर से दिया गया है। अरबों रुपये की भूमि पर बने किसानों के चबूतरों पर लोगों ने कब्जा कर लिया था। इस संबंध में नगर मजिस्ट्रेट ने कार्रवाई के दौरान पर्याप्त पुलिस बल और पीएसी तैनात कराने के लिए पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन को पत्र लिखा है। व्यापारी भारत भाटी ने बताया कि सब्जी मंडी में किसानों को फसल बेचने के लिए मंडी समिति की तरफ से चबूतरे बनाए गए हैं, जिन चबूतरों पर कुछ दुकानदारों ने कब्जा कर रखा है। अतिक्रमण करने वाले कुछ दुकानदारों पर लाइसेंस भी नहीं है। अधिकारियों को बार-बार शिकायत करने पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही थी। किसानों को चबूतरे पर सब्जी व फल बेचने नहीं दिया जाता है। मजबूरी में किसानों को सड़क पर फल व सब्जी बेचना पड़ता है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री को शिकायत करने के बाद कार्रवाई कर किसानों की जमीन को कब्जामुक्त करने के आदेश आए हैं।

### गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नोएडा, एजेंसी।** सेक्टर-20 पुलिस ने मंगलवार को एक किलो 300 ग्राम गांजे के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को गंगा शॉपिंग काम्प्लेक्स के पीछे वाली रोड से मुखबिर से मिली सूचना पर दबोचा गया। तस्कर की पहचान पश्चिम बंगाल के हरी निवासी रिपन दास के रूप में हुई है। वह बीते कई वर्षों से गांजे की तस्करी के धंधे में संलिप्त है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह दिल्ली से गांजा लाता है और उसकी पुड़िया बनाकर कालेजों के आसपास बेचता है। इससे उसे तीन गुना मुनाफा होता है। पुलिस रिपन के खिलाफ पूर्व में दर्ज केस की भी जानकारी जुटा रही है। उसके साथ तस्करी में कई अन्य लोग भी शामिल हैं।

### डीडीए ने ईस्ट दिल्ली क्रिकेट एसोसिएशन को सात विकेट से हराया

**गाजियाबाद, एजेंसी।** नेहरू स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए मैच में दिल्ली डेवलपमेंट अथॉरिटी ने ईस्ट दिल्ली क्रिकेट एसोसिएशन को सात विकेट से हरा दिया। मैच में घातक गेंदबाजी कर चार विकेट लेने वाले अरुण कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। नेहरू नगर स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में बीआर शर्मा हॉट वेदर कप का आयोजन हो रहा है। मंगलवार को क्रिकेट टूनामेंट में दिल्ली डेवलपमेंट अथॉरिटी और ईस्ट दिल्ली क्रिकेट एसोसिएशन के बीच मुकाबला खेला गया। मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी ईस्ट दिल्ली क्रिकेट एसोसिएशन की टीम डीडीए के गेंदबाजों के सामने 29.2 ओवर में मात्र 86 रन पर सिमट गई। उसकी तरफ से कप्तान सिद्धांत देव ने सबसे ज्यादा 42 रन की पारी खेली। अरुण कुमार ने घातक गेंदबाजी करते हुए सात ओवर में आठ रन देकर चार बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया। शिवांश ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीडीए की टीम ने तीन विकेट के नुकसान पर 87 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला अपने नाम किया।

### तमंचे के साथ आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा, एजेंसी।** सेक्टर-20 पुलिस ने एक आरोपी को तमंचे के साथ मंगलवार को ब्रहमपुत्र मार्केट से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कन्नौज निवासी रवि कुमार के रूप में हुई है। वर्तमान में वह अट्टा गांव के इंदिरा मार्केट में रह रहा था, जिस समय रवि की गिरफ्तारी हुई वह किसी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहा था। पुलिस आरोपी का आपराधिक इतिहास पता कर रही है। उसके पास तमंचा कहां से आया इसकी भी जानकारी पुलिस जुटाई जा रही है। बताया जा रहा है कि आरोपी का एक अन्य साथी भी गिरफ्तारी के कुछ देर पहले तक मार्केट में ही था।

# कार पार्किंग के विवाद में दो पक्ष भिड़े, पांच गिरफ्तार




**ऋषि तिवारी**

**नोएडा।** सेक्टर- 72 नोएडा में सोमवार को कार पार्किंग को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए, जिसमें मारपीट का एक विडियो भी वायरल हो गया था। इस विडियो में मारपीट करते हुए महिलाएं भी दिख रही थी। मारपीट का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद थाना सेक्टर- 113 पुलिस ने दोनों पक्षों के पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। दोनों पक्षों ने मामले की शिकायत सेक्टर-113 थाने की पुलिस से की थी। एसीपी शैव्या गोयल ने बताया है कि मामले में एक पक्ष के नितिन छिब्बा और ममता छिब्बा को और दूसरे पक्ष के राजीव चौहान, उनकी पत्नी प्रियंका चौहान और उनके बेटे आशीष को गिरफ्तार किया है। सोशल मीडिया मंचों पर वायरल वीडियो में सेक्टर- 72 में रहने वाले राजीव चौहान और नितिन के बीच गाड़ी खड़ी करने को लेकर विवाद हो गया। नितिन पक्ष के लोगों ने पहले राजीव चौहान को पीटा। उसके बाद घायल राजीव चौहान के बेटों ने नितिन की गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस दौरान महिलाओं के बीच भी कहासुनी और हाथापाई हुई। पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल दोनों वीडियो के आधार पर कार्रवाई की है और दोनों पक्षों के कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके अलावा इसमें एक नाबालिग भी शामिल था। सोशल मीडिया पर सौ से अधिक लोगों ने वीडियो को साझा किया और नोएडा पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी।

# जीएसटी कमिश्नर ने की व्यापारियों और उद्यमियों के साथ बैठक



**ऋषि तिवारी**

**नोएडा।** सेक्टर 148 नोएडा स्थित जीएसटी कार्यालय पर उद्यमियों और व्यापारियों से बैठक की है और यह बैठक जीएसटी कमिश्नर चांदनी सिंह के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक के दौरान जीएसटी कमिश्नर चांदनी सिंह के समक्ष जीएसटी में आ रही समस्याओं को प्रमुखता से रखा गया। अपर आयुक्त विवेक आर्य ने कहा है कि छह बिंदुओं पर विभाग द्वारा चालान नहीं काटा जाता है। सभी को बिल बनाते समय विशेष ध्यान रखना चाहिए, एक छोटी सी भूल कई बार बड़ा नुकसान कर देती है। जीएसटी कमिश्नर चांदनी सिंह ने कहा कि शासन हमेशा व्यापारियों और उद्यमियों की सुरक्षा और सहायता के लिए काम कर रहा है। सभी बाजारों की अलग-अलग बैठक भी रखी जाएगी। जिससे व्यापारियों और उद्यमियों की समस्याओं का समाधान किया जा सके। वहीं, उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने कहा कि प्रशासन के साथ मिलकर सभी बाजारों में जीएसटी शिविर लगवाया जाएगा।

## गाजियाबाद में ट्यूशन गए 13 वर्षीय छात्र के अपहरण की सूचना से मचा हड़कंप

**गाजियाबाद, एजेंसी।** ट्यूशन गए 13 वर्षीय छात्र के अपहरण की सूचना से हड़कंप मच गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर छात्र की तलाश शुरू की तो छात्र मोदी मंदिर से बरामद हो गया। छात्र मां की डाट से नाराज होकर मोदी मंदिर में जाकर सो गया था। उसे पुलिस ने सोमवार को सकुशल बरामद कर लिया। कृष्णानगर कॉलोनी निवासी राजू सैनी का 13 वर्षीय पुत्र कक्षा सात का छात्र है। शाम वह ट्यूशन पढ़ने के लिए फफराना रोड पर गया लेकिन घर नहीं लौटा।

परिजनों ने खोजबीन की तो छात्र के ट्यूशन नहीं पहुंचने की जानकारी मिली। काफी तलाश के बाद भी छात्र को कोई पता नहीं लगा। परिजनों ने छात्र को अगवा करने की आशंका जताते हुए मोदीनगर थाने में तहरीर दी। पुलिस मामला दर्ज कर छात्र की तलाश में लग गई। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया पुलिस टीम ने सुबह छात्र को मोदी मंदिर से बरामद कर लिया।

# व्यापारिक सुरक्षा फोरम संस्था की एक अहम बैठक

**ऋषि तिवारी**

**नोएडा।** व्यापारिक सुरक्षा फोरम संस्था की एक अहम बैठक उत्तर प्रदेश संगठन मंत्री एवं प्रभारी जिला महानगर नोएडा राधा कृष्ण गर्ग की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में संपन्न हुई जिसमे नोएडा महानगर अध्यक्ष पद पर लवकेश कुमार गोयल को नियुक्त किया गया। नवनियुक्त नोएडा महानगर अध्यक्ष लवकेश कुमार गोयल ने कहा कि मैं अपने शीर्ष संगठन का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं कि मुझे उन्होंने यह जिम्मेदारी दी है मैं आश्वासन दिलाता हूं कि मैं संस्था के हित में कार्य करूंगा और व्यापारियों को



न्याय दिलाने में मदद करूंगा।

उत्तर प्रदेश संगठन मंत्री राधा कृष्ण गर्ग ने बताया कि व्यापारियों की समस्याओं हेतु हमारी संस्था सरकारी विभाग के उच्च अधिकारियों से मिलकर व्यापारियों की समस्याओं का समाधान कराने की यथा सम्भव प्रयास करेगी। बैठक में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमे मुख्य संरक्षक सुरेश गुप्ता, ओ.पी. गुप्ता, ओ.पी. गोयल एवं डॉ वी.के.गुप्ता को नियुक्त किया गया एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोहताश कुमार गोयल, सुनील गुप्ता एवं आर.के. सिंघला, महामंत्री अतुल गुप्ता, सचिव मनोज गोयल एवं निशांत गर्ग, महिला मोर्चा अध्यक्ष मधुबाला वैश्य, उपाध्यक्ष इंदु कुमारी को नियुक्त किया गया।

# मोबाइल लूटने वाले गिरोह के चार बदमाश गिरफ्तार

**ऋषि तिवारी**

**नोएडा।** ड्यूटी पर आने जाने वाले लोगों से नोएडा के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मोबाइल फोन छीनने वाले चार बदमाशों को फेज थ्री थाना पुलिस ने सोमवार देर रात सेक्टर-63 में गढ़ी गोल चक्कर के पास से एक मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। जिसमें तीन बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पकड़े गए बदमाशों की पहचान धीरेंद्र उर्फ वीर सिंह उर्फ लम्बू, पुरुषोत्तम मौर्य, इमरान उर्फ चाचा व सुधीर गुप्ता के रूप में हुई। डीसीपी शक्ति मोहन



अवस्थी ने बताया है कि मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ बदमाश गढ़ी गोल चक्कर के पास लूट की योजना बना रहे है। सूचना मिलते ही पुलिस वहां पहुंची। पुलिस को देखकर तीनों ने भागने का प्रयास किया। तीनों को घर लिया गया। जान से मारने की नीयत ने तीनों ने पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की और तीनों बदमाशों धीरेंद्र उर्फ वीर सिंह उर्फ लम्बू, पुरुषोत्तम मौर्य, इमरान उर्फ चाचा के पैर में गोली लगी। तीनों को मौके से गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। इनके पास से तीन तमंचा और एक चोरी की बाइक मिली। ये बाइक यामाहा एमटी पुलिस स्टेशन क्राइम ब्रांच दिल्ली से चोरी की है। पकड़े गए बदमाश लूटे गए मोबाइल सुधीर को बेचते है। पुलिस ने सुधीर को पर्थला गोल चक्कर के पास से गिरफ्तार किया। इन बदमाशों के पास से 14 मोबाइल अलग-अलग कंपनियों के चोरी किए गए मोबाइल बरामद किए गए। इनसे 8 हजार रुपए नगद बरामद हुए है।

# आईएमएस हॉस्टल की छात्राओं ने मनाया जन्माष्टमी



**ऋषि तिवारी**

**नोएडा।** सेक्टर 62 स्थित आईएमएस हॉस्टल की छात्राओं धूमधाम से जन्माष्टमी पर्व मनाया। राधा-कृष्ण की परिधान में सजकर छात्राओं ने कृष्ण रास का आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान राधा-कृष्ण, वासुदेव और देवकी की वेशभूषा में छात्राओं की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान नृत्य, गीत एवं संगीत की प्रस्तुती देकर छात्रों ने कार्यक्रम में चार चांद लगाए। कार्यक्रम के हॉस्टल कॉर्डिनेटर अनुराधा अग्रवाल ने बताया कि त्योहार हमारे सांस्कृतिक एवं धार्मिक धरोहर को जीवंत रखने के एक महत्वपूर्ण मौका है। आज के कार्यक्रम में संस्थान के छात्राओं ने श्रीराधा एवं श्रीकृष्ण की पोशाक पहनकर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। छात्राओं ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा में सजधज कर झांकी भी निकाली।

## दिल्ली कोट्स ने 203 रन से नेशनल क्रिकेट एकेडमी को मात दी

**गाजियाबाद।** दिल्ली कोट्स ने खेले गए मुकाबले में नेशनल क्रिकेट एकेडमी को 203 रन के बड़े अंतर से मात दी। मैच में शानदार शतक बनाने वाले अंकित को मैन ऑफ द मैच चुना गया। सेलिब्रेशन क्रिकेट ग्राउंड पर क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन हो रहा है। इसमें नेशनल क्रिकेट एके-डमी और दिल्ली कोट्स के बीच मुकाबला खेला गया। दिल्ली कोट्स की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 233 रन बनाए। उसकी तरफ से अंकित ने 134 रन की शानदार पारी खेली। आदित्य ने तीन विकेट लिए।लक्ष्य का पीछा करने उतरी नेशनल क्रिकेट एकेडमी की टीम 35 रन पर ही सिमट गई।

# मार्शवैल फुड कंपनी के चालक को लूटने वाले 4 बदमाश गिरफ्तार, एक घायल



**नोएडा, एजेंसी।** एनसीआर में हथियारों के बल पर लूट करने वाले चार बदमाशों को थाना सूरजपुर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली एक बदमाश के पैर में लगी है। इन बदमाशों ने बीती 24 अगस्त को ग्राम गुलिस्तानपुर अंडरपास के पास से मार्शवैल फुड कंपनी के चालक की गाड़ी को रोक कर हथियार के बल पर उससे 1 लाख 9 हजार रुपए की लूट की थी। पुलिस ने इनके पास से एक लाख रुपया नकद 4 तमंचा तथा घटना में प्रयुक्त ब्रेजा कार सहित अन्य सामान बरामद किया है। अपर पुलिस उपायुक्त जोन द्वितीय देश कठेरिया ने बताया कि सोमवार की देर रात को थाना सूरजपुर पुलिस चेकिंग कर रही थी, तभी पुलिस को सूचना मिली कि एक ब्रेजा कार में सवार होकर कुछ बदमाश लूटपाट करने के इरादे से थाना क्षेत्र में घूम रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए चेकिंग शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को एक ब्रेजा कार आती हुई दिखाई दी। पुलिस ने उसे रूकने का इशारा किया तो कार चालक कार रोकने की बजाय वहां से भाग निकले। उन्होंने बताया कि पीछा करके पुलिस ने कार को घेर लिया। अपने आप को पुलिस से घिरा हुआ देखकर कार में सवार बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली एक बदमाश को लग गई। बदमाश की पहचान बृजेश शर्मा पुत्र सरजुद्दीन शर्मा उम्र 32 वर्ष के के रूप में हुई। उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि मौके से भागे तीन बदमाशों बंटी त्यागी उर्फ बादशाह पुत्र जितेंद्र त्यागी निवासी ग्राम रोजा याकूबपुर, मानव पुत्र देवेंद्र सिंह नेगी निवासी ग्राम सुत्याना उम्र 19 वर्ष, तथा उमेश पुत्र राधे श्याम निवासी ग्राम सोनापुर जनपद सुल्तानपुर उम्र 28 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि इनके कब्जे से 24 अगस्त को मार्शवैल फुड कंपनी के चालक से लूटी गई 1 लाख 9 हजार रुपए की नकदी में से एक लाख रुपए नगद बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इनके पास से घटना में प्रयुक्त कार, 4 देसी तमंचा, कारतूस आदि बरामद किया है।

## गाजियाबाद में सोसायटी के आठवें फ्लोर से गिरी बुजुर्ग महिला की मौत

**गाजियाबाद, एजेंसी।** साहिबाबाद के ऑक्सी होम्स सोसायटी के ए-टावर में आठवें फ्लोर की बालकनी से संदिग्ध हालात में गिरकर 65 वर्षीय महिला की मौत हो गई। महिला का शव पहली मंजिल पर एक फ्लैट की बालकनी में मिला। किसी के गिरने की आवाज सुनकर वहां रह रहे लोगों और सुरक्षा गार्डों ने पुलिस को सूचना दी। सोसायटी के ए-टावर में आठवें फ्लोर पर फ्लैट संख्या-802 में मोनिका सेठी (65) अपने बेटे आदित्य और अंकित व पुत्रवधू के साथ रहती थीं। पुलिस ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे सूचना मिली कि पहली मंजिल पर एक फ्लैट की बालकनी में बुजुर्ग महिला खून से लथपथ पड़ी हैं। एसीपी शालीमार गार्डन अपनी टीम के साथ वहां पहुंचे। वहां बुजुर्ग महिला की पहचान मोनिका सेठी के रूप में हुई। पुलिस का कहना है कि संदिग्ध हालात में आठवें फ्लोर से गिरकर महिला की मौके पर ही मौत हो गई। प्राथमिक जांच में पाया गया कि उनके पति दीपक सेठी की 17 फरवरी 2024 को बीमारी के कारण मृत्यु हो गई थी। उसके बाद से वह मानसिक रूप से काफी परेशान रहने लगी थीं। दोनों बेटे उनका इलाज भी करा रहे थे।

# डॉ. हेनरी ने एमिटी में छात्रों को अपराध स्थल जांच में आधुनिक प्रगति पर दिया व्याख्यान

## डॉ. हेनरी सी ली को प्रोफेसरशिप की मानद उपाधि से किया सम्मानित

**नोएडा, एजेंसी।** एमिटी विश्वविद्यालय के एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ फॉरेसिक साइंसेस के छात्रों को फॉरेसिक विज्ञान मे हो रही प्रगति की जानकारी प्रदान करने के लिए आज यूएसए के यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू हेवेन के हेनरी सी ली इंस्टीटयूट ऑफ फॉरेसिंक साइंसेस के डॉ. हेनरी सी ली ने अपराध स्थल जांच में आधुनिक प्रगति विषय पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डॉ. बलविंदर शुक्ला और एडिशनल प्रो वाइस चांसलर डॉ. संजीव बंसल ने डॉ. हेनरी को प्रोफेसरशिप की



मानद उपाधि से सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में ताइवान पुलिस कॉलेज के अपराधिक जांच विभाग के डॉ. जेफ गेंग-लेंग ली, यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू हेवेन की कंट्री हेड (इंटरनेशनल) रंजना मैत्रा भी मौजूद थे। यूएसए के यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू हेवेन के के हेनरी सी ली इंस्टीटयूट ऑफ फॉरेसिंक सांइसेस के डॉ. हेनरी सी ली ने अपराध स्थल जांच में आधुनिक प्रगति विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि प्रारंभिक दिनों में संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ कर अपराध की जड़ तक पहुचा जाता था वर्तमान में न्यायिक प्रणाली के विभिन्न क्षेत्रों जैसे अपराध की जांच, नागरिक विवाद, आमजन सुरक्षा, पर्यावरण सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा, साइबर अपराध, ऐतिहासिक महत्व सहित ग्राहक अधिकार की सुरक्षा, उत्पाद की सुरक्षा, अंतर्राष्ट्रीय व घरेलु आंतकवाद में भी फॉरेसिक विज्ञान का उपयोग हो रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मैनपुरी में जन्मे 10 कृष्ण और छह राधा, परिवारों में खुशी



**मैनपुरी** । उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर 24 घंटे में सौ शैया मातृ एवं शिशु अस्पताल में 16 बच्चों ने जन्म लिया। इनमें 10 बालक और छह बालिकाएं शामिल हैं। कुछ के माता-पिता ने बेटों का नाम कृष्ण और बेटी का नाम राधा रखने की बात कही। बालक और बालिकाओं के जन्म के बाद लोगों में खुशी देखी गई।श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सोमवार को सुबह 8 बजे से मंगलवार की रात 12 बजे तक सौ शैया अस्पताल में 16 बच्चे पैदा हुए। इनमें आठ बालक और छह बालिकाएं पैदा हुईं। शहर के मोहल्ला राजीव गांधी नगर निवासी श्वेता ने एक बालक को रात 12 बजे जन्म दिया। श्वेता की सास अनीता ने बताया कि वह अपने पौत्र का नाम कृष्णा रखेंगे। रात करीब 10 बजे शहर के आगरा बाईपास रोड निवासी सुनील की पत्नी रीमा ने एक बेटी को जन्म दिया। सुनील ने बताया कि वह अपनी बेटी का नाम राधा रखेगा।

सात ने कराया सिजेरियन प्रसव

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभ घड़ी में अपने बच्चों के जन्म को लेकर कुछ लोगों ने सिजेरियन प्रसव कराए। सौ शैया मातृ एवं शिशु अस्पताल में डॉ. पल्लवी पाल ने सात सिजेरियन प्रसव श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर किए। इस दौरान चार को पुत्र और तीन को पुत्रियां पैदा हुईं। सभी को जश्न मनाते हुए देखा गया। डॉ. पल्लवी ने बताया कि सभी ने पहले से ही श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर प्रसव का निर्णय लिया था।

### रंगदारी मांगने में माफिया अनुपम सहित 10 के खिलाफ मुकदमा,

**फरुर्खाबाद**। रंगदारी मांगने में माफिया अनुपम दुबे व उनके दोनों भाइयों सहित 10 लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। इसमें दबाव बनाकर सहयोगी के नाम पर जमीन का बैनामा करवाने का भी आरोप लगाया है। मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव गाजीपुर निवासी अमर पाल सिंह ने फतेहगढ़ कोतवाली के मोहल्ला कसरट्टा निवासी माफिया डॉ अनुपम दुबे (वर्तमान में उम्रकैद की सजा में मथुरा जेल मेंबंद),भाई अनुराग दुबे उर्फ डब्बन (25 हजार के इनाम में फरार) ब्लॉक प्रमुख भाई अमित दुबे उर्फ बब्बन (वर्तमान में हरदोई जेल में बंद), अभिषेक दुबे उर्फ जीतू दुबे, गांव बरारिख निवासी रामसागर, अवधेश उर्फ भूरे, महेंद्र उर्फ रीशू, सोनी, सौरभ द्विवेदी, गांव सहसापुर निवासी हरिभान के खिलाफ मऊदरवाजा थाने में मुकदमा दर्ज कराया।

इसमें बताया कि उसके पास गांव अलावलपुर में खेत है। उसने रामसागर से एक लाख रुपये उधार लिया था। इसके एवज में खेत का शर्तिया बैनामा 12 अगस्त 2011 को कर दिया था। ब्याज सहित रामसागर को 1.48 लाख रुपये वापस कर दिए। रामसागर ने 13 अगस्त 2012 को जमीन का वापस उसको बैनामा कर दिया।

उसी दिन अनुराग दुबे सहित सभी लोग आए। उसको तमंचे के बल पर गाड़ी में बैठाकर माफिया के घर ले गए। वहां अनुपम दुबे सहित सभी लोगों ने गाली-गलौज कर खेत का बैनामा रामसागर के पक्ष में करने का दबाव बनाकर परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी। तहसील ले जाकर रामसागर के पक्ष में जमीन का बैनामा करा दिया। कोई रुपया नहीं दिया। जमीन वापस करने के नाम पर 10 लाख की रंगदारी मांगी।

आठ लाख रुपये अमित दुबे उर्फ बब्बन को दिए। इसके बाद भी इन लोगों ने रामसागर से खेत का बैनामा 5 मार्च 2020 को अवधेश उर्फ भूरे के पक्ष में करा दिया। माफिया व उसके भाइयों के भय के कारण शिकायत नहीं कर पाया। माफिया को उम्रकैद होने के बाद शिकायत करने आया हूं। सीओ सिटी प्रदीप सिंह ने बताया कि माफिया अनुपम दुबे, उनके दो भाइयों सहित 10 के खिलाफ रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### जिला अस्पताल में भर्ती महिला की हार्ट अटैक से मौत, ओपीडी में एक हजार से अधिक को दिया गया उपचार



**मैनपुरी**। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में बीमारियों से मरने वालों की संख्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। जिला अस्पताल में भर्ती महिला की हार्ट अटैक से मौत हो गई। वहीं तीन मरीजों को हालत बिगड़ने पर मेडिकल कॉलेज सैफई के लिए रेफर किया गया। ओपीडी में 1155 मरीजों को प्राथमिक उपचार दिया गया। इनमें बुखार के मरीजों की संख्या अधिक रही।

मंगलवार को सुबह से ही जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भीड़ देखी गई। फिजीशियन और बालरोग विशेषज्ञ कक्ष में 400 से अधिक मरीज उपचार के लिए पहुंचे। शहर के आगरा रोड मंडी गेट निवासी राजबेटी (46) पत्नी ओमवीर को पिछले कुछ दिनों से सीने में दर्द की शिकायत थी।

उन्हें सोमवार की रात हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां अचानक उनका ब्लड प्रेशर बढ़ने के साथ हार्ट अटैक पड़ गया। इससे पहले कि उन्हें रेफर किया जाता उनकी मौत हो गई। सीएमएस डॉ. मदनलाल का कहना था कि राजबेटी को गंभीर हालत में लाया गया था। उन्हें बचाने का हर संभव प्रयास किया गया। हर संभव उपचार दिया गया लेकिन उनकी मौत हो गई। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. डीके शाक्य का कहना था कि इस मौसम में बच्चों का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। उमस, गर्मी और बारिश के कारण बच्चे वायरल फीवर की चपेट में आ रहे हैं। बच्चों के उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए।

### एसपी ने 12 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में किया बदलाव, 91 कांस्टेबलों के कार्यक्षेत्र भी बदले

**कन्नौज**। एसपी ने 12 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। दो उपनिरीक्षकों को पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी बनाया है। वहीं, कलां चौकी में तैनात अजब सिंह को सरायमीरा चौकी प्रभारी बनाया गया तो दरोगा विकल्प चतुवेर्दी को शहर की मुख्य कस्बा चौकी की जिम्मेदारी दी गई है। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि अनिलेश कुमार को पुलिस लाइन से सौरिख थाना की खड़िनी चौकी, विकल्प चतुवेर्दी को कला चौकी, किशनवीर को गुरसहायगंज कोतवाली की अनौगी चौकी, अजब सिंह को कला चौकी से सरायमीरा चौकी प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा अरविंद सिंह को सदर कोतवाली से सकरावा थाना के चपुन्ना चौकी, राजेश कुमार रावत को चपुन्ना से तालग्राम की अनौगी चौकी, प्रदीप कुमार को दौलताबाद से सरायप्रयाग चौकी, मेवालाल यादव को पुलिस लाइन से दौलताबाद चौकी, मुईनुल्ला खां को सौरिख थाना से इंदरगढ़, आशीष कुमार को सरायप्रयाग चौकी से गुरसहायगंज कोतवाली, मोहम्मद तौकीर को मंडी चौकी से हाजी शरीफ चौकी और कामता प्रसाद पाल को थाना तालग्राम से नवीन सलेमपुर चौकी प्रभारी बनाया गया है। एसपी ने हेड कांस्टेबल, कांस्टेबल और महिला कांस्टेबलों के भी कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। जिले के 91 कांस्टेबलों को इधर से उधर किया है।

## संजय सिंह का आरोप: दलित और ओबीसी विरोधी है केंद्र सरकार की यूपीएस योजना, उठाए गंभीर सवाल




**लखनऊ**। आप सांसद संजय सिंह ने कहा है कि देश के लाखों कर्मचारी ओपीएस की मांग कर रहे थे। उनकी मांग नहीं सुनी गई। रामलीला मैदान, लखनऊ के साथ जिलों में प्रदर्शन किया। अब जब 4 राज्यों के चुनाव आने वाला है तो केंद्र सरकार यूपीएस लेकर आई है। संजय सिंह ने कहा कि सरकार इससे भारी संख्या में आदिवासी, दलितों और पिछड़ों को पेंशन से वंचित करेगी।

उन्होंने कहा कि लाखों काम करने वाले अर्ध सैनिक बल, देश की रक्षा वाले इस योजना से वंचित रह जायेंगे। यह योजना कर्मचारी का पैसा लेकर उनको पेंशन देने की योजना है। इस प्रेसवार्ता में संजय सिंह ने कुछ मुद्दे बिंदुवार उठाए।

1. सरकारी नौकरी में एससी, एसटी ओबीसी को उम्र की छूट होती है। अगर किसी को 36 साल में नौकरी मिली, वह ओबीसी है तो उसको पेंशन कैसे मिलेंगी ? क्योंकि 25 साल नौकरी करना जरूरी है। 24 साल में ही रिटायर हो जायेगा। यह पेंशन लाखों दलित, पिछड़ा और आदिवासी को योजना से वंचित करेंगी।

2. अर्ध सैनिक बल 20 साल की नौकरी करने के बाद सेवानृवित्त होते हैं। अब उनको पेंशन के लिए 25 साल नौकरी करनी होगी। नहीं तो वंचित हो जायेंगे।

3. कभी जीपीएफ का पैसा निकाल सकते थे शादी, घर बनवाने के लिए। इस योजना में अगर 20 साल नौकरी की तो पैसा कटेगा, 25 साल में ही पेंशन मिलेगी। 20 साल का काटा पैसा कहां गया? संजय सिंह ने कहा कि यूपीएस देश के कर्मचारियों के साथ बड़ा धोखा है। यह एनपीएस से भी बदतर है। ये कर्मचारी का पैसा लेकर उसी को देने की योजना है। यूपीएस बंद की जाए और पुरानी पेंशन योजना लागू किया जाए। 40 दिन सांसद- विधायक रहे तो पेंशन मिलती है। 40 साल कर्मचारी तो पेंशन क्यों नहीं? अटेवा के आंदोलन को पूरा समर्थन करते हैं। 20 साल नौकरी करने वाले को भी पेंशन का लाभ दें। आखिरी सैलरी का आधा पेंशन दें।

**वक्फ बोर्ड मामले पर दिया बयान...**आप सांसद ने कहा कि मैं अभी मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली से मिला हूं। यह बिल क्यों लाया गया? मैं जीपीसी का सदस्य हूं। इसे लेकर भ्रांति फैलाई जा रही है। बोर्ड में महिला सदस्य शामिल होने का पहले से प्रावधान है। उन्होंने कहा कि 5 लाख 72 हजार एकड़ जमीन है 9 लाख एकड़ नहीं। यह आरएसएस की वाट्सअप यूनिवर्सिटी की सूचना है।

उन्होंने कहा कि यह बांटो और राज करो का बिल है। वफ्फ के नियम कानून काफी साफ हैं। उन्होंने कहा कि यह संविधान की धारा 26 के भी खिलाफ है। गैर मुस्लिम को शामिल करना गलत है। यह बिल, गुरुद्वारा, चर्च और मंदिर की जमीन पर कब्जा करने का है। सेना की 13 हजार एकड़ जमीन अयोध्या में अदानी को दे दी गई है।

**69000 शिक्षक भर्ती में सरकार समाधान निकाले...**आप सांसद ने कहा कि 69000 शिक्षक भर्ती में आरक्षण के नियमों का उल्लंघन किया गया था। अब दोनों पक्ष आंदोलन कर रहे हैं। सरकार समाधान निकाले। आरक्षण मूल स्वरूप में बिना किसी भेदभाव लागू किया जाना चाहिए और खाली पदों को भरा जाना चाहिए।

**कंगना रनौत का बयान आपित्तजनक है...**आप सांसद ने कहा कि किसान आंदोलन को लेकर कंगना रनौत का बयान आपित्तजनक है। ये किसानों का अपमान है। 750 किसानों की शहादत का अपमान है। वो किसानों को बलात्कारी और हत्यारा कह रही हैं। भाजपा को माफी मांगनी चाहिए। हरियाणा, पंजाब और जम्मू में भी किसान हैं। हम इस मुद्दे को उठाएंगे। बयान शर्मनाक है। आम आदमी पार्टी की आगामी योजनाओं पर कहा कि यूपी में 13 अक्तूबर को प्रादेशिक सम्मेलन होगा।

अगले साल की रणनीति तैयार करेंगे। आठ जोन में प्रशिक्षण शिविर करेंगे। तिरंगा शाखा का विस्तार करेंगे। उन्होंने कहा कि यूपी में सीटों पर होने वाले उपचुनाव में कहीं भी चुनाव नहीं लड़ेंगे। सीएम योगी के बयान पर कहा कि हमारा मानना है कि जुड़ोगे तो बढ़ोगे।

## डिप्टी सीएम, बोले- सपा ने 'एक जिला-एक मफिया, भाजपा ने 'एक जिला-एक उत्पाद' दिया




**मैनपुरी**। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में मंगलवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक सपा के गढ़ करहल पहुंचे। वह कानून व्यवस्था को लेकर सपा पर हमलावर नजर आए। उन्होंने कहा कि सपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को 'एक जनपद एक माफिया' देने का काम किया। योगी सरकार ने एक जनपद एक उत्पाद देकर उत्तर प्रदेश को नई पहचान दिलाई।

उन्होंने कहा कि एक जनपद एक उत्पाद के तहत जिलों के वही उत्पाद लिए गए जो वहां सालों से बनते आ रहे थे। लेकिन सपा सरकार ने कभी इसकी सुधि नहीं ली। आज प्रदेश के सभी 75 जिलों के उत्पाद विश्व पटल पर चमक रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब किसी देश की यात्रा पर जाते हैं या कोई राष्ट्राध्यक्ष भारत आता है तो उसे उत्तर प्रदेश से ही एक जनपद एक उत्पाद के सामान भेंट किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य समेत अन्य क्षेत्रों में भी हमारी सरकार बेहतर कर रही। वहीं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में छह एक्सप्रेसवे तैयार होने और इतने ही निमार्णाधीन होने की उपलब्धि भी गिनाई।

डिप्टी सीएम ने कहा कि करहल में रोजगार मेला लगाया गया। इस मेले में 50 से अधिक कंपनियों ने भाग लिया। पांच हजार से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए जा चुके हैं। मैं करहल के युवाओं को बधाई देता हूं। फरुर्खाबाद की घटना पर उन्होंने कहा कि सरकार ने इस घटना को बहुत गंभीरता से लिया है। घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

**मैनपुरी का नाम इतिहास में है अमर...**डिप्टी सीएम ने कहा कि मैनपुरी का नाम इतिहास में अमर है। 1857 में जब अंग्रेजों के खिलाफ क्रांति का बिगुल बजा तो मैनपुरी के महाराजा तेजसिंह ने अंग्रेजों के खिलाफ सबसे पहले जंग शुरू की। आज फिर वक्त आ गया है, मुझे विश्वास है कि करहल के लोग स्वावलंबी बनने और अपने विकास के लिए आगे आकर बिगुल बजाएंगे। उन्होंने इस बार उप चुनाव में लोगों से करहल से विधायक चुनने के लिए कहा।

## गलत सिग्नल के कारण आमने-सामने टकराए मालगाड़ी के इंजन



**ऊंचाहार (रायबरेली)**। सोमवार की देर रात एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना के संयंत्र क्षेत्र में बड़ा ट्रेन हादसा हो गया। परियोजना में तीन वैगन को यार्ड की ओर ले जा रहे इंजन को सामने से आ रहे दूसरे इंजन ने जोरदार टक्कर मार दिया। भिड़ंत के बाद दोनों इंजन पटरी से उतर गए। ट्रैक के साथ ही दोनों इंजन क्षतिग्रस्त हो गए। इंजनों को ट्रैक से हटाकर लाइनों को ठीक कराने का काम शुरू कर दिया गया है। एनटीपीसी ऊंचाहार में सोमवार की रात करीब 10 बजे हादसा संयंत्र क्षेत्र में स्थित कोल हैंडलिंग प्लांट में हुआ है। सोमवार की शाम को ही झारखंड प्रांत के कोयला खदानों से एक मालगाड़ी ऊंचाहार परियोजना में कोयले की आपूर्ति लेकर आई थी। रात तक इस मालगाड़ी से कोयले की अनलोडिंग परियोजना के कोल हैंडलिंग प्लांट में होती रही। रात करीब 10 बजे वैगन को यार्ड में छोड़कर इंजन वापस जा रहा था। सामने से मालगाड़ी के तीन वैगन लेकर दूसरा इंजन यार्ड में आ रहा था। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता कि मालगाड़ी और रेल इंजन में भिड़ंत हो गई।

इसमें रेल इंजन पटरी से उतर गए। हादसे में इंजन का लोको पायलट और एक अन्य घायल हो गए। उन्हे एनटीपीसी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर रेलवे और एनटीपीसी के अधिकारी मौके पर पहुंचे। पूरे क्षेत्र को सील कर दिया गया। वहां पर सीआईएसएफ के जवानों को तैनात कर दिया गया है। इस हादसे में रेल इंजन और रेलवे ट्रैक को काफी क्षति हुई है। परियोजना की जनसंपर्क अधिकारी कोमल शर्मा ने बताया कि दो लोको इंजन आपस में टकरा गए हैं। घटना में कोई चोटिल नहीं हुआ है।

मरम्मत का कार्य शुरू है। एनटीपीसी परियोजना के संयंत्र क्षेत्र में हुए रेल हादसे का कारण गलत सिग्नल बताया जा रहा है। रेलवे और परियोजना सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिस ट्रैक पर एनटीपीसी से मालगाड़ी रवाना हो रही थी सामने से इसी ट्रैक पर एक रेल इंजन को भी सिंगल देकर रवाना कर दिया गया था।

## स्वच्छ्ता की अलख जगाने में जुटी पीएसआई-इंडिया सम्मानित

### संस्था के ईडी मुकेश शर्मा ने ग्रहण किया सीएसआर टाइम्स अवार्ड-2024




**लखनऊ**। राजधानी लखनऊ में स्वच्छ्ता की अलख जगाने में जुटी पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल-इंडिया (पीएसआई-इंडिया) संस्था को 11वें राष्ट्रीय सीएसआर (कारपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी) शिखर सम्मेलन में ख्यातिप्राप्त सीएसआर टाइम्स अवार्ड-2024 से सम्मानित किया गया। गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत, राज्यसभा सदस्य सदानंद तनावडे व अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में राजभवन गोवा में आयोजित समारोह में संस्था की तरफ से एक्जेक्युटिव डायरेक्टर मुकेश कुमार शर्मा ने इस गौरवपूर्ण सम्मान को ग्रहण किया।

इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि लोगों को स्वस्थ बनाना है तो पहले वहां स्वच्छ्ता की मुहिम चलानी जरूरी है। इसी के तहत 'स्वच्छ बनेगा तभी तो स्वस्थ बनेगा लखनऊ' सोच के साथ यह 'स्वच्छ उदय' अभियान चलाया जा रहा है। एचसीएल फाउन्डेशन की मदद से लखनऊ के 16 वार्डों में चलायी जा रही इस अनूठी परियोजना 'स्वच्छ उदय' को नगर निगम लखनऊ का पूरा सहयोग प्राप्त है। पीएसआई-इंडिया के पर्यावरण प्रबन्धन, वन, नदी व जल संरक्षण, जलवायु कार्रवाई और स्वस्थ भारत-विकसित भारत की दिशा में किये जा रहे सराहनीय प्रयासों के तहत संस्था को इस सम्मान से नवाजा गया है। ज्ञात हो कि पीएसआई इंडिया लखनऊ नगर निगम के सहयोग से मोहल्ला स्वच्छता समितियों का गठन कर मोहल्लों में साफ-सफाई, पानी के रखरखाव, स्वच्छ पेयजल, सबमर्सिबल वाटर स्टैंड पोस्ट की सुरक्षा, कूड़े का व्यवस्थित तरीके से निवारण और डोर टू डोर आने वाली कूड़ा गाड़ी की सेवाओं के उपयोग, सेप्टिक टैंकर सेवाओं के उपयोग के प्रति जागरूकता में जुटी है। इसके अलावा बच्चों को हाथों की स्वच्छ्ता के लिए हैण्डवाश के सही तरीके सिखाये जा रहे हैं ताकि उनमें शुरूआत से ही इसके प्रति व्यवहार परिवर्तन आ सके। दूषित हाथों से खाना खाने, आँख-नाक छूने से कई संक्रामक बीमारियाँ बच्चों को घेर लेती हैं और कुपोषित बनाती हैं। इसी उद्देश्य से बच्चों को शौच के बाद और खाना खाने से पहले हाथों को अच्छी तरह से धुलने के तरीके सिखाये जा रहे हैं ताकि वह स्वस्थ बन सकें और उनकी शिक्षा प्रभावित न हो सके।

## बिजनौर के कांग्रेसी नेता को पंजाब में किया गया सम्मानित



**बिजनौर**। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और वरिष्ठ समाज सेवी गांव कंभौर निवासी नजाकत अली कंभौर को पंजाब प्रदेश के जिला गुरदासपुर शहर के लेफ्टिनेंट नवदीप सिंह ने महाविद्यालय के सेंटरल हाल में स्वतंत्रता सेनानी और शहीद परिवारों से लगाव रखने और शहीदों की कुबार्नी को याद करने के उपलक्ष में शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। नजाकत अली की हौसला अफजाई की गयी।

पंजाब प्रांत के जिला गुरदासपुर शहर के महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शहीद अशोक चक्र विजेता लेफ्टिनेंट नवदीप सिंह की 13 वीं शहादत दिवस के मौके पर कर्नल अनिमेष घोष, कर्नल अक्षय कांबले, एसएसपी गुरदासपुर हरीश धीमान, आम आदमी पार्टी के दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री एसएस फुल्का, पूर्व कैप्टन जोगिंदर सिंह, शहीद परिवारों के लिये अलख जलाने वाले वरिष्ठ समाज सेवी देवेंद्र सिंह जैसे सम्मानित लोगों ने स्वतंत्रता सेनानी और शहीद परिवारों से लगाव रखने और वक्त वक्त पर उन्हें याद करने के मौके पर मौजूद रहते हैं नजाकत अली कंभौर की हौसला अफजाई करते हुए शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर नजाकत अली कंभोर ने कहा कि इन स्वतंत्रता सेनानी और वीर शहीदों की वजह से आज हम अपने घरों में आराम से सोते हैं। इन्होंने अपना आज ना देखते हुए हमें आने वाला कल दिया है।

## दुर्घटनाओं के चलते लोगों के लिए परेशानी का सबब बना राष्ट्रीय राजमार्ग 927

### 17 जुलाई को मोटरसाइकिल से लखनऊ के लिए निकले करण की इस मार्ग पर हो गई है मौत

**करण के कंधों वृद्ध और बीमार पिता, माता, पत्नी के साथ ही पांच साल की छोटी बेटी की भी जिम्मेदारी**







**गोंडा**। जनता की टैक्स से बना राष्ट्रीय राजमार्ग 927 दुर्घटनाओं के चलते आम जनता के लिए परेशानी का सबब बन गया हैं ' ग्राम दुबेपुरवा, आटा परसपुर, गोंडा के निवासी तीस वर्षीय नवयुवक करन कुमार मिश्रा पुत्र श्री दिनेश मिश्रा ऐसी ही एक भयानक दुर्घटना का शिकार हो गया, वह काम के सिलसिले से अपने घर दुबेपुरवा से लखनऊ के लिए निकला था लेकिन करन देवीपाटन मंडल की सबसे जोखिमपूर्ण सड़क को ऐसी भेंट चढ़ा कि न तो लखनऊ पहुंचा और न ही जीवित घर पहुंच सका।

अपने परिवार का इकलौता जीविकोपार्जक करन मिश्रा, जिसके कंधों पर अपने वृद्ध और बीमार पिता, माता, पत्नी और एक अबोध पांच साल की छोटी बेटी (परी) की जिम्मेदारी थी, गत 17 जुलाई को अपने घर से मोटर साइकिल पर लखनऊ काम के सिलसिले में निकला लेकिन रास्ते में मसौली से पहले विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार ईको वैन के ड्राइवर ने लापरवाही से करन मिश्रा को टक्कर मारी और करन को अधमरी हालत में एवम अपनी क्षतिग्रस्त गाड़ी को दुर्घटना स्थल पर छोड़ बिना पुलिस व एंबुलेंस को सूचित किए भाग गया। रात को करीबन 10 बजे करन के पिता को बाराबंकी पुलिस ने फोन कर सूचना दी कि आपका पुत्र करन निश्रा सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसे हम जिला अस्पताल, बाराबंकी लेकर जा रहे हैं।

यह सुन परिवार के लोग भयभीत हो गए और आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर द्वारा बताया गया कि करण अब हमारे बीच नहीं रहा। परिजनों द्वारा स्थानीय लोगों से पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि करन का एक्सीडेंट रात 09:30 पर हुआ जिसके पश्चात दुर्घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने पुलिस और एम्बुलेंस सेवा को तत्काल सूचित किया, परंतु लचर स्वास्थ्य और न्याय व्यवस्था के कारण, उसे प्राथमिक चिकित्सा समय रहते नहीं मिल पायी और रात्रि 10:50 पर उसे मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था।

भावना रहित व्यवहार की परिकाष्ठा यह रही कि स्थानीय पुलिस से करन मिश्रा के पिताजी की फोन पर बातचीत के बाद भी करन के शव को लावारिस घोषित कर शवगृह भेज दिया गया था। जवान पुत्र करन मिश्रा का शव देख बीमार पिता दिनेश मिश्रा एवं परिजनों के भावनाओं का बांध और साहस दोनों टूट गए और घर पर अपने बेटे की प्रतीक्षा में बैठी मां का रो-रो कर बुरा हाल था। जिस बेटे से बाप को कंधे की आस थी, अब उसी बेटे को कंधा देने का महान शोक बीमार बाप दिनेश मिश्रा पर टूट पड़ा था। करन तीन बहनों का एकलौता भाई था। बहनें आने वाली राखी के त्योहार को मनाने के सपने बुन रहीं थी, भाई से मिल उसके कलाई पर बांधने के लिए अच्छी से अच्छी राखी ढूंढ रही थीं परंतु नियति के खेल का क्या पता था कि उनके इकलौते भाई का हाथ और साथ दोनों छिनने वाला हैं ।

बहनों को करण के निधन की सूचना जब परिजनों ने दी तो उनकी आस और श्वास दोनों टूट गयीं। बहनों का दुर्भाग्य ऐसा की वह भाई का अंतिम बार मुख भी नही देख पायीं। पुलिस ने करन की मोटर साइकिल और ईको वैन को जब्त तो कर लिया लेकिन वैन का ड्राइवर अभी भी पुलिस की पहुंच से बाहर है यहां तक एफआईआर में भी इको ड्राइवर के खिलाफ उचित धाराएं (हिट एंड रन) भी नही लगाई गई है जिससे पुलिस की कार्यवाही संदेह के घेरे में आती है और सवाल उठता है कि क्या करन मिश्रा व उसके परिवार को इंसाफ मिलेगा?

करनैलगंज क्षेत्र के विधायक अजय सिंह व कैसरगंज सांसद करण भूषण सिंह, जिनके क्रमशः विधानसभा एवं लोकसभा क्षेत्र का करन निवासी था, उनके द्वारा भी इस विषय पर कोई संज्ञान नही लिया गया है। करन के निधन के उपरांत, विधायक और सांसद जी ने उसके घर पर जाकर वृद्ध एवं बीमार माता- पिता से शोक संवेदना व्यक्त करना भी उचित नहीं समझा व न ही किसी प्रकार की आर्थिक सहायता का आश्वासन दिया जिससे एक परिवार जो अपना एकलौता रोजगार युक्त पुत्र खो चुका है, उस परिवार के लालन पालन में बाधा न आए।

करन के निधन के उपरांत जब हमने उनके पिताजी से बात करनी चाही तो ज्ञात हुआ कि वे काफी दिनों से अस्वस्थ हैं और उनका इलाज लखनऊ में चल रहा है। उनके गांव के स्थानीय निवासियों ने बताया कि करन ही अपने घर परिवार एवम पिताजी के इलाज का सब खर्च उठाता था, अब बेटा नहीं है तो परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। गांव वालों एवं क्षेत्रवासियों का कहना है कि स्थानीय विधायक व सांसद एवम उत्तर प्रदेश सरकार को परिवार की आर्थिक सहायता करनी चाहिए।

प्रश्नचिन्ह सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय पर भी खड़ा होता है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर 10 मिनट में सहायता प्रदान करने का वादा भी क्या केवल जुमला मात्र है? टोल के नाम पर जनता से मनचाही वसूली तो हो रही है लेकिन इस पूरे राष्ट्रीय राजमार्ग एन एच 927 पर कर्नलगंज से लखनऊ तक सुरक्षा एवं सुविधा के नाम पर बुनियादी सुविधाएं जैसे स्ट्रीट लाइट, डिवाइडर, स्पीडोमीटर, सीसीटीवी कैमरे, फुटपाथ, चेतावनी बोर्ड इत्यादि सभी नदारद हैं। स्थानीय सांसद तनुज पुनिया जिनके लोकसभा क्षेत्र में इस जानलेवा रोड का प्रमुख हिस्सा विद्यमान है, उन्होंने आज तक लोकसभा में इस ज्वलंत मुद्दे पर कभी बात करना सार्थक नहीं समझा।

# 'हनुमान' के दर्द को क्यों कुरेद रही बीजेपी, लाल गुलाब के बीच पीले फूल का राज समझिए

दीपक कुमार तिवारी।




**पटना।** 'मुझे अब भी 2021 का वह दिन याद है, जब संघर्षों के दौर से गुजर रहा था। मेरी पार्टी तोड़ दी गई, मुझे सभी पदों से हटा दिया गया। मेरी राजनीतिक पारी पर विराम लगाने की कोशिश की गई।' चिराग को ये दर्द उस वक्त मिला था, जब केंद्र में पीएम मोदी की सरकार थी। अमित शाह तब भी बड़ी हस्ती थे और आज भी हैं। मगर, मोदी-शाह की मदद के लिए चिराग को लंबा इंतजार करना पड़ा। पीएम मोदी के कथित 'हनुमान' को आज भी वो 'डर' सता रहा है। एनडीए के सियासत में किनारे लगा दिए गए चिराग पासवान के चाचा पशुपति पारस की भाव बीजेपी ने अचनाक पटना से दिल्ली तक बढ़ा दी। पशुपति पारस की वजह से ही चिराग पासवान का पॉलिटिकल करियर दांव पर लग गया था। मगर, बीजेपी ने 2024 चुनाव में चिराग को 100% स्ट्राइक रेट वाला बना दिया।

सियासत में पावर बैलेंस बड़ा जरूरी होता है। जिसके माथे पर 100% स्ट्राइक रेट वाला तमगा लगा हो, उसको कंट्रोल करना तो और भी ज्यादा जरूरी हो जाता है। पहले पटना में पशुपति पारस की बिहार बीजेपी अध्यक्ष दिलीप जायसवाल से मुलाकात हुई। इसके बाद अमित शाह से मिलने दिल्ली में लाल गुलाब के बीच में पीले फूल वाले गुलदस्ते के साथ अपने दूसरे वाले भतीजे को लेकर मिलने पहुंचे। राजनीति में ऐसे मेल-मिलापों के बड़े मायने होते हैं। चिराग पासवान कम से कम इतना तो समझते ही होंगे कि जिसने उनको एक समय पैदल कर दिया था। अब वो सत्ता के 'कंधे' पर सवार होते दिख रहा है।लिहाजा, चिराग की बेचैनी बढ़ी हुई दिख रही है। बिहार विधानसभा चुनाव में पांव जमाने के लिए चाचा-भतीजा दोनों को मोदी और नीतीश की जरूरत है। पासवान परिवार में सियासी जंग अब शह-मात में बदलती दिख रही है। शह-मात का ये 'खेल' एक तरफा न हो, इसके लिए बड़ी पार्टियां बैलेंस बना रही हैं।

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एक बार फिर चिराग पासवान बने हैं। इसके बाद उन्होंने एक भावुक लेटर सोशल मीडिया पर शेयर किया है। जिसमें 2021 को याद किया है। चिट्ठी में उन्होंने लिखा है कि 'एक बार पुनः आप सभी ने लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है, मैं विश्वास दिलाता हूं कि आपकी उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। आप सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं के विश्वास की डोर कभी टूटने नहीं दूंगा। आप सभी ने मुझपर विश्वास जताया, इसके लिए हृदय से आप सभी का धन्यवाद और आभार प्रकट करता हूं। बीते कुछ वर्षों में आपलोगों के साथ, सहयोग और समर्पण की वजह से लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने राष्ट्रीय स्तर पर एक नया कीर्तिमान रचा है।'

2024 लोकसभा चुनाव को याद करते हुए चिराग पासवान ने लिखा कि '100% स्ट्राइक रेट के साथ सभी पांच सीटें हाजीपुर, वैशाली, समस्तीपुर, खगड़िया और जमुई में हमलोगों ने प्रचंड जीत हासिल की। अभी विधानसभा चुनाव सामने है, और जिस तरीके से हमलोगों ने लोकसभा चुनाव में सभी सीटों पर जीत हासिल की, उसी प्रकार विधानसभा चुनाव में भी सभी सीटें जीतकर एकबार फिर से बिहार में एनडीए की सरकार बनाना हमारा लक्ष्य है।'

इसी चिट्ठी में चिराग ने 2021 को भी याद किया है, जिसमें कहा, 'मुझे अब भी 2021 का वह दिन याद है, जब संघर्षों के दौर से गुजर रहा था। मेरी पार्टी तोड़ दी गई, मुझे सभी पदों से हटा दिया गया। मेरी राजनीतिक पारी पर विराम लगाने की कोशिश की गई। लेकिन, यह आपलोगों का स्नेह, समर्थन और विश्वास ही था कि आपलोगों ने मुझे ना टूटने दिया और ना ही झुकने दिया। आपलोगों ने समर्पण भाव से मेहनत की और आज परिणाम सबके सामने है।'

बिहार फर्स्ट- बिहारी फर्स्ट को लेकर चिराग ने कहा, 'एक बार पुनः आपसभी ने मुझपर भरोसा जताकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा है। मैं, आप सभी सम्मानित पार्टी पदाधिकारियों और निष्ठावान कार्यकताओं का आभारी रहूंगा। श्रद्धेय रामविलास पासवान जी के सपनों को पूरा करने के लिए हम सभी संकल्पित हैं। उनके सपने, विजन 'बिहार फर्स्ट-बिहारी फर्स्ट' को बिहार के हर घर तक पहुंचाना एकमात्र लक्ष्य है, और ये आप सभी के साथ और सहयोग से ही संभव है। मैं आग्रह करता हूं कि आइए, हम मिलकर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को एक नई उंचाई दें।'

दरअसल, हाल के दिनों में चिराग पासवान ने अपने चार बयानों से केंद्र की मोदी सरकार के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी। कहा जा रहा है कि बीजेपी ने चिराग के बयानों को पसंद नहीं किया।

दलित वर्ग की जातियों में उपवर्गीकरण की अनुमति वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर आपत्ति जताई। केंद्रीय सचिवालय में कुछ पदों को लेटरल एंट्री से भरने का चिराग पासवान ने विरोध किया।

वक्फ संशोधन विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजने को लेकर बयानबाजी की। देशभर में जातीय जनगणना की मांग को लेकर चिराग पासवान ने मीडिया में बयान दिया।ऐसे में माना जा रहा है कि चिराग पासवान अगर बीजेपी को असहज करने की कोशिश करेंगे तो उन्हें भी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। ये संकेत चिराग के चाचा और चचेरे भाई की अमित शाह से मुलाकात से मिलता है। चिराग के चाचा और चचेरे भाई ने हाल ही में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इससे कयास लगाए जा रहे हैं कि बीजेपी चिराग के हर कदम का जवाब देने के लिए तैयार है। चिराग के पांच सांसदों के साथ अलग रुख अपनाने की खबरों के बीच बीजेपी की ताकत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। चिराग का रूख अगर यही रहा तो अभी सिर्फ 'विपरीत प्रतिक्रिया' आई है, ये 'बराबर प्रतिक्रिया' में बदल सकती है।

# बिहार कांग्रेस और प्रदेश समिति वाला जिन्न!

## आखिर ये 'बोतल' से बाहर आता क्यों नहीं?

दीपक कुमार तिवारी।



**पटना।** बिहार में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। अखिलेश प्रसाद सिंह के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बने भी करीब 22 महीने गुजर गए, लेकिन वह प्रदेश समिति का गठन नहीं कर सके हैं। ऐसे में कहा जा रहा है कि बिहार संगठन को लेकर पार्टी आलाकमान की नजर हाल के दिनों में तिरछी हुई है। माना जा रहा है कि आलाकमान ने बिना किसी विवाद और विघटन के संगठन को चुनावी राजनीति के अनुकूल बनाने का लक्ष्य तय कर लिया है। हाल के दिनों में कांग्रेस आलाकमान ने भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) का बिहार प्रदेश अध्यक्ष जयशंकर प्रसाद को और अल्पसंख्यक विभाग का प्रदेश अध्यक्ष ओमैर खान को नियुक्त किया है। यह साफ संदेश है कि आने वाले समय में कई और मनोनयन हो सकते हैं। बताया जाता है कि आलाकमान ने इन नियुक्तियों को लेकर प्रदेश नेतृत्व से कोई सलाह भी नहीं ली थी।

दरअसल, प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ऐसे कोई पहले अध्यक्ष नहीं हैं, जो इतने समय में प्रदेश समिति का गठन नहीं कर सके। इससे पहले मदन मोहन झा भी प्रदेश समिति का गठन नहीं कर सके थे। इस बीच, हालांकि लोकसभा और विधानसभा चुनाव भी हुए। इस दौरान चुनाव समिति भले ही कार्यशील होती है। आलाकमान का मानना है कि प्रदेश समिति के नहीं रहने से इन चुनावों में अपेक्षा के अनुरूप परिणाम नहीं आए। कांग्रेस के सूत्र बताते हैं कि प्रदेश अध्यक्ष कोई जोखिम नहीं उठाना चाहते हैं। वह जानते हैं कि प्रदेश समिति के गठन के बाद गुटबाजी उभरकर सामने आ जायेगी। इस स्थिति में कांग्रेस आलाकमान स्वयं ऐसे चेहरे सामने ला रहे हैं जो जुझारू और पार्टी के प्रति ईमानदार हों।

दरअसल, कांग्रेस के दो विधायकों मुरारी गौतम और सिद्धार्थ सौरव के पार्टी से किनारा करने और एनडीए के साथ गलबहियां लेने के बाद कांग्रेस नेतृत्व को इसका आभास हुआ। कांग्रेस के नेता दबी जुबान से स्वीकारते भी हैं कि संगठन अगर कारगर पहल करती तो ये नेता पार्टी के साथ बने रहते। कांग्रेस के नेता भी मानते हैं कि पार्टी नेतृत्व ने छात्र संगठन और अल्पसंख्यक विभाग को अपने मनोनुकूल लोगों को लाकर कार्य पद्धति में परिवर्तन के संकेत दिए हैं। अब देखने वाली बात होगी कि आगे और किस पद पर नियुक्ति होती है।

# बिहार की तुलना महाभारत से क्यों?

## राजद एमएलए ने तेजस्वी को बताया युधिष्ठिर, सीएम नीतीश पर भी की टिप्पणी

दीपक कुमार तिवारी।





**पटना।** बिहार में आज के हालात को राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के एक विधायक ने महाभारत काल से जोड़ा है। राजद विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने कहा कि जैसे महाभारत में अन्याय का बोलबाला था, वैसे ही आज बिहार में भी अन्याय और अत्याचार हो रहा है। उन्होंने तेजस्वी यादव की तुलना युधिष्ठिर से करते हुए कहा कि तेजस्वी ही बिहार में न्याय स्थापित करेंगे। मीडिया से बातचीत में आरजेडी विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने सबसे पहले सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया भगवान श्रीकृष्ण का जन्मदिन मना रही है। हम सभी श्रीकृष्ण के आदर्शों को मानते हैं और उन्हें अपने जीवन में उतारने की कोशिश करते हैं।

आरजेडी विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने कहा कि बिहार में गरीबी, अशिक्षा और पलायन सबसे ज्यादा है। बिहार की हालत बहुत खराब है। बिहार के लोग परेशान हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र में भी एनडीए की सरकार है और बिहार में भी एनडीए की सरकार है, लेकिन दोनों मिलकर भी बिहार की हालत नहीं सुधार पा रहे हैं। बिहार की जनता को न्याय नहीं मिल पा रहा है। बिहार में न्याय के लिए तेजस्वी यादव को युधिष्ठिर बनाना होगा।

शाहीन ने कहा, 'बिहार में नीतीश कुमार भीष्म पितामह की भूमिका में हैं। सब देखते हुए भी कुछ नहीं करते हैं। मांझी द्रोणाचार्य की भूमिका में हैं। चिराग पासवान भी सगा संबंधी की तरह कर्ण की भूमिका में विवश हैं।' उन्होंने कहा कि 'ये सारे लोग अपने हैं, लेकिन अन्याय अधर्म के साथ रहने के लिए विवश हैं। इसलिए भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य और कर्ण के भरोसे बिहार को कब तक छोड़े रहेंगे। बिहार में न्याय की स्थापना करने के लिए अब युधिष्ठिर (तेजस्वी) बागडोर संभालेंगे, तब बिहार में न्याय मिल पाएगा।'

उन्होंने कहा कि हमें लगता है कि जैसे श्रीकृष्ण ने हस्तिनापुर में युधिष्ठिर को राजा बनाया। इसके बाद युधिष्ठिर ने न्याय की स्थापना की थी, वैसे ही बिहार में भी तेजस्वी यादव न्याय स्थापित करेंगे। उन्होंने कहा, 'हमलोगों को तेजस्वी यादव को बिहार का राजा बनाना है। तभी वो बिहार में न्याय की स्थापना करेंगे।'

# शादी का झांसा देकर नाबालिग को छपरा से ले गया मध्य प्रदेश

## पुलिस ने सिंगरौली से पकड़ा तो हुआ बड़े नेटवर्क का खुलासा

संवाददाता।



**छपरा।** बिहार के सारण जिले से बीते दिनों एक नाबालिग लड़की गायब हो गई थी। मामला गरखा थाना क्षेत्र का है। यहां रहने वाली गायब हुई नाबालिग लड़की को बिहार पुलिस ने मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले से बरामद किया है। बताया जाता है कि शादी का झांसा देकर लड़की का कथित तौर पर अपहरण कर लिया गया था। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सारण के पुलिस अधीक्षक कुमार आशीष ने मंगलवार को मीडिया से बात करते हुए बताया कि गरखा थाना क्षेत्र की निवासी नाबालिग लड़की के बारे में सूचना मिली थी कि शादी झांसा देकर उसका अपहरण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पहले कोलकाता में उसकी मौजूदगी के बारे में पता चला, लेकिन बाद में ठिकाना बदल दिया गया और मध्यप्रदेश के सिंगरौली में उसके होने की बात पता चली। वहां पुलिस सोमवार को पहुंची और लड़की को बरामद कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सारण की लड़की के अलावा चार अन्य नाबालिग लड़कियों को भी बरामद किया गया है, जो मध्यप्रदेश की ही रहने वाली थीं। उन्हें आगे की कार्रवाई के लिए वहां की पुलिस के हवाले कर दिया गया। एमपी पुलिस भी मामले की जांच कर रही है। आशीष कुमार ने बताया कि इस मामले में संभवतः कोई गिरोह संलिप्त हो सकता है, जो प्रलोभन देकर नाबालिग लड़कियों का अपहरण करता है। उन्होंने बताया कि छापेमारी से पहले ही गिरोह के सदस्य फरार हो चुके थे, जिनकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी हैं। फिलहाल लड़की के परिजनों को उसकी सूचना दे दी है।

# बिहार में राज्यसभा की दोनों सीटों पर एनडीए की जीत

## उपेन्द्र कुशवाहा और मनन मिश्रा निर्विरोध निर्वाचित

दीपक कुमार तिवारी।



**पटना।** राज्यसभा की दो सीटों के लिए बिहार में हुए चुनाव में उपेंद्र कुशवाहा और मनन मिश्रा निर्विरोध निर्वाचित हो गये हैं। 21 अगस्त को दोनों ने एनडीए की तरफ से नामांकन किया था। 27 अगस्त यानी कि आज नामांकन वापसी का अंतिम दिन था और आज दोनों को सर्टिफिकेट दे दिया गया है। राजद की मीसा भारती पाटलिपुत्र से सांसद बनी हैं तो उनका सीट खाली हुई थी। वहीं बीजेपी के विवेक ठाकुर नवादा से सांसद बने हैं तो उनकी भी राज्यसभा का सीट खाली हुई थी। दोनों सीटें एनडीए को मिली और राजद को एक सीट का नुकसान हुआ।

राज्यसभा की दोनों सीट के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख 21 अगस्त थी। उपेंद्र कुशवाहा और मनन मिश्रा ने अंतिम तिथि को ही नामांकन किया था। नामांकन वापसी की अंतिम तिथि 27 अगस्त चुनाव आयोग ने तय किया था। ऐसे में पूरे देश में 12 सीटों पर नामांकन वापसी की दो तिथि तय की गई है 26 और 27 अगस्त।

असम, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और त्रिपुरा के लिए नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 26 अगस्त थी, जबकि बिहार, हरियाणा, राजस्थान, तेलंगाना और ओडिशा में नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 27 अगस्त है। राज्यसभा की कुल 12 रिक्त सीटों में से असम, बिहार और महाराष्ट्र से 2-2 सीटें हैं। हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, त्रिपुरा, तेलंगाना और ओडिशा से 1-1 सीट है। बिहार में दो सीटों पर चुनाव 3 सितंबर को चुनाव आयोग ने तय किया था। लेकिन चुनाव की स्थिति नहीं आई और दोनों उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं।

राज्यसभा में बिहार से कुल 16 सांसद हो गए है। इसमें एनडीए के पास 10 सीट है तो वहीं इंडिया ब्लॉक के पास 6 सीट है। दलों में 5 सीट बीजेपी के पास जबकि जदयू के पास 4 सीट है तो वहीं आरजेडी के पास 5 सीट, कांग्रेस 1 और राष्ट्रीय लोक मोर्चा को एक सीट मिली है।बिहार विधानसभा में बीजेपी के 78 विधायक हैं, जदयू के 44, हम के 3 और एक निर्दलीय का भी समर्थन है। वहीं राजद का 75, कांग्रेस का 19, लेफ्ट के 15 विधायक हैं। अक्टक्ट के एक और एक और निर्दलीय विधायक हैं जो हाल ही में रुपौली से जीते हैं। चार विधानसभा की सीट खाली है। एनडीए के पास 126 विधायकों का समर्थन था तो वहीं विपक्ष के पास 109थे। उपेंद्र कुशवाहा और मनन मिश्रा विधानसभा में सर्टिफिकेट लेने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भी जाकर मुलाकात की है। उपेंद्र कुशवाहा ने राज्यसभा का सर्टिफिकेट लेने के बाद प्रधानमंत्री की भी तारीफ की है। मीसा भारती के सीट पर उपेंद्र कुशवाहा को भेजा गया है। 4 साल तक उपेंद्र कुशवाहा राज्यसभा में रहेंगे। वहीं विवेक ठाकुर के सीट पर मनन मिश्रा को भेजा गया है। मनन मिश्रा 2 साल तक राज्यसभा के सदस्य बने रहेंगे।

# कोर्ट में जवाब देंगे पूर्व डीएम व वर्तमान मुख्य सचिव दिलीप कुमार

बिट्टू कुमार



**बेतिया।** पश्चिमी चंपारण जिला समाहरणालय में तत्कालीन जिलाधिकारी दिलीप कुमार की अध्यक्षता में करनमेया महावीरी अखाड़े विवाद को लेकर एक जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई।जिसमें सभी सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, मौजूद थे। मैं भी तत्कालीन युवा, कला ,संस्कृति मंत्री रेणु देवी के प्रतिनिधि के तौर पर संघ परिवार के एक वरिष्ठ कार्यकर्ता के नाते सम्मिलित हुआ। उक्त बातें ब्रजराज श्रीवास्तव अधिवक्ता और विजय कश्यप ने जिला विधिक पुस्तकालय में प्रेस वार्ता के दौरान संयुक्त रुप से कहीं। आगे उन्होंने कहा कि विजय कश्यप ,उ?द्योग भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं चनपटिया के प्रखंड के निवासी होने के नाते उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर किया।

आगे उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिवक्ता, आरएसएस के अधिकारी होने के नाते बैठक में आमंत्रित थे, पूर्वाग्रह से ग्रसित तथा पूर्व नियोजित एजेंडे पर प्रशासन की बैठक में उक्त घटनास्थल को आगे के लिए 100 वर्षों से चले आ रहे महावीरी आखाड़ा मेले को प्रतिबंधित किया गया। 8 अगस्त को नाग पंचमी के दिन मेले पर हुए आक्रमण में 14 लोगों को गहरे जख्म आए थे। उनके द्वारा दिए गए आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं हुई की। पर जब मैं जानने की जिज्ञासा प्रकट की तो मुझे ओ एस डी, विनोद आनंद द्वारा जोर के थप्पड़ एवं लात घुसो से सरेआम पीटा गया एवं कमांडो बुलाकर एसपी के.एस.अनुपमा द्वारा अरेस्ट कर लिया गया।

तत्पश्चात आपति प्रकट करने पर इन्हें भी कालर पकड़कर थप्पड़ लगाए गए एवं कुंदा से पीटा गया तथा अरेस्ट कर लिया गया। हम दोनों को भूखे प्यासे रखते हुए थाने में फिर शारीरिक प्रताड़ना दी गई एवं रात्रि में 9:00 बजे उग्रवादी (टेरोरिस्ट सेल) में डाल दिया गया । हमारे पिटीशन को सी जे एम ने रिजेक्ट किया कोर्ट परिवाद संख्या 2260/2008 डीजे ने रिजेक्ट किया फिर माननीय उच्च न्यायालय के डी डी झा की पीठ ने सी जे एम, डी जे पर निरीक्षण न्यायाधीश बहाल कर जांच कराया एवं डी एम दिलीप कुमार पर क्रिमिनल सेक्शन में बेतिया सी जी एम कोर्ट में 7 सितंबर 2010 को आपराधिक मुकदमा चलाने का आदेश दिया। तत्पश्चात प्रतिवादी कलेक्टर दिलीप कुमार ने सर्वोच्च न्यायालय में उच्च न्यायालय के आदेश के विरुद्ध राहत के लिए सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। लेकिन पिछले 26 जुलाई 2023 को माननीय न्यायाधीश अभय एस एवं न्यायाधीश, ओका जे, द्वारा 2010 से लेकर 13 सालों तक उच्चतम न्यायालय में कलेक्टर दिलीप कुमार द्वारा दी गई दलीलों एवं पूर्व मुख्य न्यायाधीश यु यु ललित जैसे अधिवक्ताओं के प्रयासों के बावजूद भी उपरोक्त बेंच ने उच्च न्यायालय के माननीय डी डी झां की पीठ ने माननीय उच्च न्यायालय के आदेश को पुनः स्थापित करते हुए माननीय सर्वोच्च न्यायालय की संयुक्त खंडपीठ ने 7 आपराधिक धाराओं में बेतिया मुख्य दंडाधिकारी के न्यायालय में अपराधिक मुकदमा चलाने का जो आदेश दिया था, उस पर कल दिनांक 21 अगस्त को एस डी जी एम के न्यायालय, बेतिया द्वारा 7 आपराधिक धाराओं में कलेक्टर दिलीप कुमार को दोषी मानते हुए उनको नोटिस निर्गत किया है, जो 15 दिनों में आकर उन्हें नोटिस का जवाब देना है। आगे उन्होंने कहा कि आज की इस घटना को आम जनता की लोकतंत्र के संवैधानिक जीत के रूप में दर्ज किया जाए इस तरह का संदेश आज संयुक्त वार्ता में आज देशवाशियो को संदेश दिया।

गत 16 वर्षों में माननीय अधिवक्ता बंधुओ ने निशुल्क के इस न्याय की लड़ाई में जो मदद और सहयोग किया है। उसके लिए तमाम राष्ट्रभक्त जनता उनके प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करता है, जिसमें हमारे स्थानीय अधिवक्ता मित्रों तथा उच्च न्यायालय पटना एवं सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली के दूरस्थ मित्रों ने भी अपने जी जान से इस लड़ाई को लड़ने में अपनी शिद्दत दिखाई। इस मौके पर योगेंद्र मिश्र अधिवक्ता विधि संघ के अध्यक्ष एवं अधिवक्ता राजन मिश्रा, ओमप्रकाश वर्मा, विनय नाथ शर्मा ,अनिल श्रीवास्तव और समाजिक कार्यकर्ता एम राम दयाल प्रसाद सहित कई मौजूद रहे।

# खुद झोपड़े में..भगवान के लिए खड़ा कर दिया 16 मंजिला मंदिर

## खर्च कर दिए 51 लाख, बिहार के समस्तीपुर की बात

दीपक कुमार तिवारी।




**पटना/समस्तीपुर।** बिहार के समस्तीपुर में एक शिव भक्त की खूब चर्चा हो रही है। यह कोई राजा-महराजा या फिर कोई बड़ा बिजनसमैन नहीं है बल्कि एक मजदूर है। जिन्होंने अपने जीवन की गाढ़ी कमाई मंदिर बनाने में लगा दी। शिव भक्त शिवशंकर महतो समस्तीपुर के रोसड़ा के रहने वाले हैं।इनका दावा है कि अपनी मेहनत की कमाई 51 लाख रुपये से शिव मंदिर बनवा रहे हैं। जब मंदिर निर्माण का कार्य पूरा नहीं हुआ तो अब सुबह से शाम तक चंदा मांगते हैं और जो मिलता है उसे वे मंदिर निर्माण में लगा देते हैं।

शिवशंकर महतो ने दावा किया है कि उन्होंने 101 फीट ऊंची 16 मंजिला इस मंदिर के ढांचे के निर्माण में करीब 51 लाख रुपये खर्च कर दिए। 2012 तक अपने पैसे से निर्माण कार्य चलता रहा और जब खुद का पैसा समाप्त हो गया तो अब चन्दा इकट्ठा कर मंदिर में लगाता हूं।शिवशंकर महतो का काम अब पूजा करना और मंदिर निर्माण के लिए चंदा इकट्ठा करना है। शिव भक्त का दावा है कि सपने में भगवान शिव और मां पार्वती ने दर्शन दिया और उसके बाद से उनका जीवन ही बदल गया। गुड़गांव में मजदूरी करने के बाद सैंटरिंग कॉन्ट्रेक्टर बन गये। उसके बाद अपना काम धंधा छोड़ वह साल 2007 में अपने गांव लौटे और यहां इस शिव मंदिर का निर्माण शुरू किया।

शिव भक्त शिव शंकर महतो ने समस्तीपुर के लालपुर गांव में एक दो नहीं 16 मंजिला भगवान भोलेनाथ का भव्य मंदिर बना दिया। शिवशंकर महतो बताते हैं कि अपने गांव में इस मंदिर का निर्माण कार्य 2007 से शुरू किया और फिर 2012 में इस मंदिर में भगवान की प्रतिमा स्थापित कराई। फिलहाल इस मंदिर में शिव, पार्वती, हनुमान, कार्तिक, गणेश और काल भैरव की पूजा हो रही है। शिव शंकर महतो ने बताते हैं कि प्रतिदिन सैकड़ों लोग यहां पूजा करने आते हैं। मंदिर निर्माण का कार्य कब तक पूरा होगा। इस प्रश्न के जवाब में शिवशंकर कहते हैं कि सब भोले बाबा की कृपा है।

मंदिर निर्माण का कार्य भी उनके आदेश से शुरू हुआ था और अंत भी उनके आदेश से होगा। बेटे सरकारी स्कूल में पढ़ाई करते हैं। परिवार चलाने के लिए अपनी जमीन बटाई पर दे दी है, जिससे परिवार का खर्चा निकल जाता है। ग्रामीण भी शिवशंकर के प्रयास में सहयोग करते हैं।शिव शंकर महतो आज मंदिर के समीप एक खपड़ैल के मकान में पूरे परिवार के साथ रहते है। इनके चार बेटे और एक बेटी हैं। उन्होंने बताया कि इस मंदिर निर्माण में न केवल परिवारजनों का बल्कि गांव के लोगों का भी सहयोग मिलता रहा है।

# केबीसी की हॉट सीट पर टोटो ड्राइवर बन गया लखपति

## अमिताभ बच्चन के हैं सबसे बड़े फैन

संवाददाता।



**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर के रहने वाले एक टोटो चालक ने बड़ा कारनामा कर दिखाया है। टोटो चलाते हुए केबीसी के सीट तक पहुंच गए, इतना ही नहीं अपने ज्ञान से वह लखपति भी बन गए। कौन बनेगा करोड़पति में हॉट सीट पर बैठकर लखपति बनने वाले पारसमणि सिंह बीते 20 साल से कौन बनेगा करोड़पति के लिए अथक प्रयास कर रहे थे और अब यह प्रयास रंग लाया।

मुजफ्फरपुर के मालीघाट के रहने वाले टोटो ड्राइवर के 12 लाख 50 हजार रुपए जीतने पर उनके परिवार में खुशी का माहौल है। पारसमणि सिंह बताते हैं कि केबीसी का खेल शुरू से ही खेल रहा हूं और बीते वर्ष 2003 से प्रयास कर रहा था। बीच में कई बार कॉल आया लेकिन आज तक सिलेक्शन नहीं हुआ था। पहली बार जब सिलेक्शन हुआ तो इसको लेकर पूरे परिवार में खुशी और हर्ष का माहौल है। उन्होंने आगे बताया कि केबीसी को लेकर लगातार प्रयास करता रहता था। यात्रा के दौरान में कॉल आया और फिर हमलोग मुंबई गए और ?12.50 लाख रुपए जीत गए. इस दौरान एक सवाल का जवाब नहीं आया जिसको लेकर क्विट करना पड़ा। केबीसी में जीत कर आए पारसमणि सिंह ने बताया कि कॉलेज के पढ़ाई के दौरान में ही गाना लिखने का शौक था। उन्होंने कहा कि मैंने कई गानों को लिखा जिसके बाद एक गाना 'अदभुत टमटम' गाया। जिसको गाने के बाद अमिताभ बच्चन भी भावुक हो गए और मुझे ढाढस बंधाया।

उसके बाद मेरी बीमारी को जानने के बाद मेरे इलाज का खर्च भी उठाने की बात कही। मुंबई के लीलावती अस्पताल में अब मेरा इलाज होगा।इसका पूरा खर्च अमिताभ बच्चन ने उठाने की बात कही है। बता दें कि पारसमणि ब्रेन ट्यूमर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं।



चरण सिंह

## विचार

# चंद्रशेखर आजाद को भारी पड़ सकता है दुष्यंत चौटाला से हाथ मिलाना !

नगीना से सांसद बनने के बाद आजाद समाज पार्टी के मुखिया चंद्रशेखर आजाद एक कद्दावर नेता के रूप में उभर कर सामने आ रहे हैं। उनके आंदोलनकारी अंदाज को पूरी तरह से पसंद किया जा रहा है। यही वजह है कि उप चुनाव न लड़ने वाली बसपा इस बार उत्तर प्रदेश विधानसभा का उप चुनाव लड़ रही है। आज की तारीख में चंद्रशेखर आजाद न केवल मायावती बल्कि अखिलेश यादव के लिए भी राजनीतिक खतरा माने जा रहे हैं। चंद्रशेखर आजाद ने जिस तरह से एनडीए और इंडिया गठबंधन से अलग होकर अपने दम पर आगे बढ़ने के निर्णय लिया है यह उनके पक्ष में जा रहा है पर हरियाणा में जिस तरह से वह जेजेपी केसाथ गठबंधन करने जा रहे हैं। यह गठबंधन उन्हें उल्टा भी पड़ सकता है। इसकी बड़ी वजह यह है कि जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला की छवि किसान और पहलवान दोनों के विरोधी बन चुकी है।

दरअसल नगीना से सांसद बनने के बाद आजाद समाज पार्टी के संस्थापक चंद्रशेखर आजाद का आत्मविश्वास आसमान पर है। वह सड़क से लेकर संसद तक विभिन्न मुद्दों को लेकर मुखर हैं। इस बीच जहां सरकार की कमियों को गिनाते हुए उन्होंने सत्तारूढ़ पार्टी बीजेपी को घेरा है वहीं आजम खां के साथ नाइंसाफी का मुद्दा उठाकर सपा मुखिया अखिलेश यादव को भी कटघरे में खड़ा कर दिया। एक ओर जहां वह दलितों के हक की लड़ाई लड़ रहे हैं वहीं दूसरी ओर किसान, मजदूरों की समस्या उठाने के साथ ही दूसरे जमीनी मुद्दे उठा रहे हैं। ऐसे में एक ओर जहां वह बसपा मुखिया मायावती के लिए खतरा बनते जा रहे हैं वहीं अखिलेश यादव को भी उनसे असुरक्षा होने लगी है। उत्तर प्रदेश विधानसभा के उपचुनाव में चंद्रशेखर आजाद सभी १० सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुके हैं।चंद्रशेखरआजाद ने जिस तरह से किसान आंदोलन के साथ ही पहलवानों के आंदोलन को भी समर्थन दिया और जिस तरह से वह संसद में विनेश फोगाट के ओलंपिक में कुश्ती के फाइनल में ओवर वेट के नाम पर डिसक्वालीफाई होने पर संसद में नाराजगी दिखाई उससे उनका कद काफी बढ़ गया है। इन सबके बीच चंद्रशेखर आजाद हरियाणा विधानसभा चुनाव में जो जेजेपी के नेता दुष्यंत चौटाला से हाथ मिलाने जा रहे हैं उससे उनकी छवि धूमिल हो सकती है। क्योंकि दुष्यंत चौटाला न तो किसान आंदोलन में कहीं दिखाई दिये और न ही पहलवानों के आंदोलन में।उल्टे उनके पिता अजय चौटाला ने किसान आंदोलन पर गलत टिप्पणी कर थी। ऐसे में यदि चंद्रशेखर आजाद हरियाणा में दुष्यंत चौटाला से हाथ मिलाते हैं तो कांग्रेस के साथ ही उन्हें किसान नेताओं और पहलवानों की नाराजगी झेलनी पड़ सकतीहै। क्योंकि दुष्यंत चौटाला को न तो हरियाणा के जाट पसंद कर रहे हैं और न ही किसान। ऐसे में चंद्रशेखर आजाद पर यह आरोप लग सकता है कि वह सत्ता के लिए किसान विरोधी नेताओं से भी हाथ मिला रहे हैं। इसकी बड़ी वजह यह है कि क्योंकि जब किसान और पहलवान आंदोलन कर रहे थे तब दुष्यंत चौटाला सत्ता की मलाई चाट रहेथे।

यदि चंद्रशेखर आजाद को हरियाणा में चुनाव लड़ना ही तो उन्हें उत्तर प्रदेश उप चुनाव की तरह हरियाणा विधानसभा चुनाव भी अपने दम पर लड़ना चाहिए। दुष्यंत चौटाला के लिए बड़ा प्रश्न यह है कि कि यदि वह किसानों और जाटों के इतने ही हितैषी थे तो फिर किसान आंदोलन में उनको किसानों की पीड़ा क्यों नहीं दिखाई दी। बीजेपी सांसद और तत्कालीन कुश्ती फेडरेशन के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह वैसे भी दुष्यंत चौटाला के बारे में कहा जा रहा है कि बीजेपी ने ही उन्हें चुनाव लड़ने के लिए भेजा है। बीजेपी चाहती है कि दुष्यंत चौटाला जाट किसानों के वोट बटोर कर कुछ सीटें ले आए और फिर से जेजेपी के सहयोग से हरियाणा में सरकार बना ली जाए पर इस बार जाट उनसे बहुत नाराज हैं। उनके विधायक कांग्रेस में शामिल होरहे हैं। इंडिया गठबंधन उन्हें अपने साथ लेने को तैयारनहीं। ऐसे में यदि चंद्रशेखर आजाद दुष्यंत चौटाला से हाथ मिलाते हैं तो उनके लड़ाके की छवि पर असर पड़ना तय है।

वैसे भी बसपा हरियाणा में इनेलो के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है। इनेलो के नेता अभय चौटाला और जेजेपी के नेता दुष्यंत चौटाला वैसे तो चाचा भतीजे हैं पर राजनीति में इन दोनों नेताओं में 36 का आंकड़ा है। यदि चंद्रशेखर आजाद और दुष्यंत चौटाला मिलकर चुनाव लड़ते हैं तो फिर मायावती और अभय चौटाला दोनों ही नेता किसानों और पहलवानों के मामले में चंद्रशेखर आजाद पर हमला बोलेंगे।

# खाद्य कीमतों पर सतर्कता जरूरी

-डा. जयंतीलाल भंडारी-

हाल ही में 22 अगस्त को वित्त मंत्रालय के द्वारा प्रकाशित आर्थिक रिपोर्ट में कहा गया है कि जुलाई 2024 में दक्षिण पश्चिमी मानसून में प्रगति के कारण खरीफ की बोआई अच्छी हुई है और खाद्य पदार्थों की महंगाई दर में और कमी आ सकती है। इसी तरह पिछले दिनों 19 अगस्त को रिजर्व बैंक ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा कि यद्यपि देश में बेहतर मानसून, अच्छे मौद्रिक प्रबंधन और सरकार के द्वारा तत्परता से महंगाई नियंत्रण के उपायों से महंगाई घटने का सुकूनदेह परिदृश्य दिखाई दे रहा है, लेकिन अभी भी खाद्य कीमतों पर सतर्कता जरूरी है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि महंगाई सरकार की चिंता बनी रही है और अब सरकार ने संकेत दिया है कि महंगाई नियंत्रण के लिए बहुआयामी रणनीति की डगर पर आगे बढ़ती रहेगी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि वर्ष 2024-25 के बजट के तहत शीघ्र खराब होने वाले सामान की बाजार में समुचित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। बजट के तहत उपभोक्ता मामलों के विभाग को दाम स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के लिए 10000 करोड़ रुपए दिए गए हैं। जहां इस कोष का उपयोग दाल, प्याज और आलू के बफर स्टॉक को रखने के लिए किया जाएगा, वहीं जरूरी होने पर इन अन्य खाद्य वस्तुओं के बढ़े दामों को नियंत्रित करने के लिए भी इस कोष का इस्तेमाल किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि 14 अगस्त को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक थोक महंगाई जुलाई 2024 में घटकर तीन महीने के निचले स्तर 2.04 प्रतिशत पर आ गई।

यह जून में 3.36 प्रतिशत थी। खास बात यह भी है कि 12 अगस्त को जारी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा महंगाई के आंकड़ों के अनुसार जुलाई 2024 में खुदरा महंगाई दर घटकर 3.54 फीसदी रह गई है, जबकि जून 2024 में खुदरा महंगाई दर 5.08 प्रतिशत थी। सुकूनदेह स्थिति यह है कि खुदरा महंगाई दर पिछले 5 वर्षों के सबसे कम और रिजर्व बैंक के द्वारा निर्धारित 4 प्रतिशत के लक्ष्य से भी नीचे आ जाने से अर्थव्यवस्था को मजूबती मिलते हुए दिखाई देगी। इसमें कोई दोमत नहीं हैं कि बेहतर मानसून से खाद्यान्नों, फलों, सब्जियों विशेषतया आलू, प्याज और टमाटर आदि की कीमतों में बड़ी कमी आने से खुदरा महंगाई दर में कमी आई है। पिछले दिनों 8 अगस्त को आरबीआई ने देश में बढ़ती हुई महंगाई को देखते हुए मौद्रिक नीति समीक्षा के तहत रेपो रेट को पहले की तरह 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। यह लगातार 9वीं बार है जब मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में रेपो रेट को यथावत रखने का फैसला किया गया है। आखिरी बार रेपो रेट में फरवरी 2023 में बदलाव किया गया था।



-डॉ. आर.के. सिन्हा-

# मरीजों को पीड़ामुक्त करती नर्सों के चेहरे की मुस्कान भी बनी रहे !

भारत को अपने हेल्थ सेक्टर को बेहतर बनाने के लिए नर्सिंग क्षेत्र को और सशक्त बनाना होगा। हमारे यहां हर साल करीब ढाई लाख नई नर्सें प्रशिक्षित होकर आ जाती हैं। यह बहुत साफ है कि नर्सें किसी भी देश के हेल्थ सेक्टर की जान होती हैं, जो रोगी की देखभाल, उपचार का संचालन और रोगी के मनोबल को बढ़ाकर उन्हें स्वस्थ करने में अहम रोल निभाती हैं। भारत में नर्सों की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। नर्स अपने आप में डॉक्टरों से कोई बहुत पीछे नहीं होती, रोगियों का इलाज करने में।

भारत में रोगियों का अस्पतालों में तस्ल्लीबख्श इलाज किस तरह से हो, इस मसले पर नए-नए सुझाव सामने आते रहते हैं। सब अपने-अपने अनुभव और जानकारी के हिसाब से बताते हैं कि रोगियों को हम किस तरह से उच्च कोटि का इलाज दे सकते हैं। पर सारी बहस में हेल्थ सेक्टर की जान नर्सो के योगदान और उनके हितों की चर्चा कहीं पीछे छूट जाती है। यह बात ध्यान रखने की है कि अपने पेशे के प्रति निष्ठावान नर्सों के बिना रोगियों को सही ढंग से इलाज ही संभव नहीं है। इसलिए नर्सों की ट्रेनिंग और इनकी पगार और दूसरी सुविधाओं, खासकर इनके साथ होने वाले विनम्र व्यवहार पर खास देते रहना होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का मानना है कि एक हजार की आबादी पर चार नर्सें लाजिमी तौर पर होनी चाहिए। भारत अभी तक इस स्थिति तक नहीं पहुंचा है। भारत में एक हजार लोगों पर औसत दो ही प्रशिक्षित नर्सें उपलब्ध हैं।

भारत को अपने हेल्थ सेक्टर को बेहतर बनाने के लिए नर्सिंग क्षेत्र को और सशक्त बनाना होगा। हमारे यहां हर साल करीब ढाई लाख नई नर्सें प्रशिक्षित होकर आ जाती हैं। यह बहुत साफ है कि नर्सें किसी भी देश के हेल्थ सेक्टर की जान होती हैं, जो रोगी की देखभाल, उपचार का संचालन और रोगी के मनोबल को बढ़ाकर उन्हें स्वस्थ करने में अहम रोल निभाती हैं। भारत में नर्सों की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। नर्स अपने आप में डॉक्टरों से कोई बहुत पीछे नहीं होती, रोगियों का इलाज करने में। उदाहरण के रूप में कैंसर रोगियों का इलाज करने के लिए विशेष ज्ञान और कौशल की आवश्यकता होती है। ऑन्कोलॉजी नर्सों को उपचार का संचालन करने, दुष्प्रभावों का प्रबंधन करने और रोगियों और उनके परिवारों को भावनात्मक समर्थन प्रदान करने में कुशल होना चाहिए। इसी प्रकार किडनी या लिवर ट्रांसप्लांट के मरीजों को संक्रमण (इन्फेक्शन) से बचाना एक बड़ी समस्या है जिससे निपटने के लिये प्रशिक्षित नर्सें ही प्राणरक्षक का कार्य करती हैं।

अंग्रेज नर्स 'फ्लोरेंस नाइटिंगल' विश्व में आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक मानी जाती हैं। बेशक, नर्सं किसी भी देश की चिकित्सा प्रणाली का जरूरी अंग हैं। यह रोगियों की जांच में फिजिशियनों एवं ऑपरेशन के दौरान भी सर्जनों की सहायता करती हैं, फीवर और ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, पल्स रेट आदि नियमित रूप से रिकॉर्ड करती हैं, रोगियों को दवा खिलाने/पिलाने, इंजेक्शन देने का कार्य करती हैं, घावों की पट्टियां बदलती हैं और रोगियों के उपचार का रिकॉर्ड, तापमान, पल्स रेट, पोषाहार, सुधार आदि का रिकॉर्ड भी रखती हैं।

अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के बावजूद, नर्सों को अक्सर उनके योगदान के लिए बहुत कम पहचान मिलती है और उनके पेशेवर विकास के अवसर भी कम ही होते हैं। यह सबको पता है कि भारत में अधिकतर नर्स केरल से आती हैं, यूरोप और अमरीका में फिलीपींस से। दोनों ही स्थान समंदर के किनारे बसे हैं। यह अपने घरों को और बाल-बच्चों परिवार को देखने के अलावा नाइट-ड्यूटी भी करती हैं। फिलीपींस और केरल दोनों से हर साल हजारों नर्सें निकलती हैं। नर्सें भारत के विभिन्न भागों अलावा अरब खाड़ी के अन्य देशों में जातीं हैं। फिलीपींस वाली नर्सें ज्यादा पसंद करती हैं अमरीका और यूरोप। इन दोनों जगहों की नर्सों ने अपनी मेहनत और लगन से सारी दुनिया में अपना नाम कमाया है। दिल्ली का सेंट स्टीफंस अस्पताल गुजरे सवा सौ सालों से रोगियों का इलाज कर रहा है। यहां की नर्सों को इस अस्पताल को स्थापित करने वाली संस्था दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी की तरफ से सीख मिलती रही है कि जनसेवा से बढ़कर कुछ भी नहीं है। इसके चलते सेंट स्टीफंस अस्पताल या इसे छोड़कर किसी अन्य जगह पर जाकर काम करने वाली नर्सें हमेशा रोगियों के साथ खड़ी रहती हैं।

अगर आप खेलों की दुनिया को करीब से नहीं भी जानते हैं तो भी आपने भारत के मशहूर धावक अमोज जैकब का नाम सुना होगा? हो सकता है कि कि आप कहें कि नर्सों की चर्चा करते हुए हम भटक तो नहीं रहे। यह बात नहीं है। जैकब उस भारतीय पुरुष 4x400 रिले टीम के मेंबर थे जिसने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में नए राष्ट्रीय और एशियाई रिकॉर्ड के साथ फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। उन्होंने पेरिस ओलंपिक में भी भाग लिया था। अमोज जैकब की मां राजधानी दिल्ली के एक अस्पताल में हेड नर्स हैं। अमोज जैकब कहते हैं कि मेरी मां ने दिन-रात रोगियों की सेवा करते हुए मुझे भी हमेशा प्रोत्साहित किया कि मैं बेहतरीन धावक बन जाऊं।

अब तो भारत के सभी प्रदेशों से नर्से आ रही हैं खासकर पहाड़ी प्रदेशों उत्तरांचल, मणिपुर, अरुणाचल, मिजोरम, नागालैंड, मेघालय, सिक्किम आदि से। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल कहते हैं कि केरल की नर्सों की अब भी सब जगहों में बहुत मांग है। वह जहां जाती हैं, वहां पर केरल का नाम रोशन भी करती हैं। उन्हें बेहतर सेवा करने के बदले में अच्छी से अच्छी सैलरी भी मिलनी चाहिए। डब्ल्यूएचओ की एक रिपोर्ट के अनुसार, करीब साढ़े छह लाख भारतीय नर्सें देश से बाहर जाकर काम कर रही हैं। जाहिर हैं कि इतनी बड़ी संख्या में नर्सों के देश से बाहर काम करने से देश में और उनके परिवारों में पर्याप्त काफी विदेशी मुद्रा आती ही होगी।

भारत की सबसे बड़ी लक्जरी कारें और बसें उपलब्ध करवाने वाली मान ट्रांसपोर्ट कंपनी के चेयरमेन अमृत मान तो नर्सों की बात होते ही बहुत भावुक हो जाते हैं। वे बताते हैं कि अगर उनकी राजधानी के जयप्रकाश नारायण अस्पताल (पहले इरर्विन अस्पताल) में हेड नर्स के रूप में काम करने वाली मां ने उनका साथ न दिया होता तो वह अपने को स्थापित नहीं कर पाते। अमृत मान की मां ने अपने बेटे को अपनी रिटायरमेंट के वक्त मिले पैसे से टैक्सी दिलवाई। उसके बाद अमृत मान ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। उनकी कंपनी ही जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत सरकार को लक्जरी कारें और बसें उपलब्ध करवा रही थी।

भारत में, नर्सिंग एक ऐसा पेशा है जो महिलाओं द्वारा बड़े पैमाने पर चुना जाता है। इस क्षेत्र में पुरुष नर्सों की भूमिका अभी भी ऐसे क्षेत्रों तक सीमित है, जिसमें रोगियों को उनकी न्यूनतम आवश्यकता होती है जैसे आई.सी.यू.। अभी भी विशेष रूप से प्रसूति एवं महिला रोग विज्ञान विभाग में पुरुष नर्सों को स्वीकार नहीं करते। जानकार मानते हैं कि भारत में एक लाख सहायक नर्स (मिडवाइफों) तथा चार लाख सामान्य नर्स (मिडवाइफों) की कमी है।



अरुण श्रीवास्तव

# तोल मोल के बोल ....

घर में बड़े-बुजुर्ग अक्सर टोका करते थे खिंचाई किया करते थे और कभी-कभी तो पिटाई भी कर देते थे वो भी इस बात के लिए कि, बिना सोचे-समझे बोला क्यों? हालांकि पिटने के बाद घर में हिदायत दी जाती कि चोंच खोलने से पहले सोच लिया करो कि क्या बोलना है। हंसी मजाक में हम लोग भी अक्सर दोस्तों को सहकर्मियों पर तंज कसते हुए कहते हैं कि कुछ बोलने से पहले दिमाग का इस्तेमाल कर लिया करो (अगर है तो)। ये बात किसी एक व्यक्ति पर किसी एक क्षेत्र पर किसी एक जात वर्ग या समुदाय विशेष पर ही लागू नहीं होती बल्कि सबके लिए लागू होती है। यूं भी अपने समय की चर्चित फिल्म का एक संवाद है "मुंह से निकली बोली और बंदूक से निकली गोली कभी वापस नहीं आती"। बावजूद इसके कुछ क्षेत्रों में खास कर राजनीति में अक्सर मांग की जाती है और इसे मनवाने के लिए अस्त्रों-शस्त्रों की बौछार की जाती कि जो कहा गया है वह बयान वापस लिया जाए या उसे वापस लेना ही होगा। हालांकि निजी जीवन और व्यक्तिगत जीवन में चीजें एक जैसी नहीं होती और होनी भी नहीं चाहिए। इसलिए यदि कोई निजी जीवन से सार्वजनिक जीवन में आता है तो उसे फूंक फूंक कर कदम रखना चाहिए।

प्रसिद्ध क्रांतिकारी रूसी नेता लेनिन की एक पुस्तक का नाम ही है 'एक कदम आगे दो कदम पीछे' हालांकि राइट विंग इसका मजाक उड़ाती है कि यदि इसे व्यावहारिक रूप में लागू करने लगेंगे तो अपनी मंजिल तक कभी पहुंच ही नहीं पाएंगे अब ऐसे लोगों की सोच को क्या कहा जाए। लेनिन के हिसाब से एक कदम आगे चलने से पहले दो कदम पीछे की सोचना चाहिए। शतरंज में यह बहुत ही मायने रखता है।

ताजा मामला फिल्म अभिनेत्री व मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर चुनकर आई कंगना राणावत का है। हाल ही में उन्होंने या यूं कहें कि आएदिन ऐसा कुछ कह देखतीं हैं कि हंसी का पात्र बन जाती हैं। बनें भी क्यों न ज्यादातर बातें बे सिर पैर की रहती है। कंगना कोई आज की ख्याति प्राप्त नहीं हैं अपने देश के ही नहीं विदेशी भी उन्हें जानते हैं। फिल्मी घराने की न होने के बाद भी उन्होंने अपना सिक्का जमाया। आम लोगों की तरह संघर्ष भी किया पर पर कसौटी उनके कहे पर है।

उनका कहा उन्हें बालक बुद्धि नहीं बैल बुद्धि की ओर इशारा करता है। बानगी के तौर पर लें तो एक ऐक र से बातचीत के दौरान उन्होंने कह दिया कि, देश को असली आजादी 2014 के बाद मिली है वह यही नहीं थमती एक अन्य कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि देश के आजाद होने के बाद नेताजी सुभाष चंद्र बोस को पीएम क्यों नहीं बनाया गया। अपनी आदत के अनुसार वो यहीं नहीं रुकतीं इसी संसद के मानसून सत्र के दौरान उन्होंने लोकसभा परिसर में एक संवाददाता से राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए कहा कि राहुल नशे की हालत में संसद में आते हैं इनकी तो इससे संबंधित जांच होनी चाहिए। अब चंद सवाल तो उठना लाजिमी वो ये कि, कंगना कह कहां रहीं हैं चुनावी सभा या रैली में कह रही हैं तो वो संसद के बाहर कह रहीं हैं। किसके बारे में कह रही हैं तो वे किसी दल या दल के नेता पर नहीं नेता प्रति पक्ष के विषय में कह रही हैं, अब क्यों कह रही हैं ये कंगना ही सही बता सकतीं हैं। लोकसभा में न तो ड्रग पर और न ही नशा मुक्ति आंदोलन पर बहस चल रही थी। फिर किसी संवाददाता ने भी तो राहुल गांधी को लेकर सवाल नहीं किया था।

हर तबके में यह बात आम होती जा रही है कि कंगना को हर एक के फटे (कहावत मात्र) में टांग अड़ाने की आदत सी पड़ गई है। जिस क्षेत्र से वे आयीं हैं वहां इस तरह की बातें सामान्य हैं पर आज वो फिल्म अभिनेत्री नहीं लोकसभा की माननीय सदस्य हैं मंडी संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं जनता की प्रतिनिधि भी हैं??। आजकल फिल्मी दुनियां में इस तरह की बातें आरोप फिल्म को प्रमोट करने के लिए की जातीं हैं फिर फिल्मों में एक दृश्य को कई बार फिल्माने की सुविधा होती है डायलॉग में भी कांट-छांट की संभावना रहती है पर राजनीति में नहीं।

-डा. रवीन्द्र अरजरिया-

# विस्फोटक होते हालातों के स्पष्ट संकेत

न्यायालयों के फैसलों के विरोध में खास जातियों के मुखौटे ओढकर केन्द्र को घेरने के हिंसक प्रयासों की बानगी पिछले दिनों सडकों पर खुलेआम देखने को मिली। भारतबंद के उस आह्वाहन के दौरान ही महन्त रामगिरि जी महाराज के वक्तव्य को पैगम्बर विरोधी बताकर मुसलमानों को भडकाया गया। राष्ट्रद्रोहियों ने दौनों मोर्चों पर एक साथ घातक प्रहार करके सुरक्षा व्यवस्था को अग्नि परीक्षा देने के लिए बाध्य कर दिया था। आन्दोलन के नाम पर अपराध करने वालों को अनेक राजनैतिक दलों के कद्दावर नेताओं ने खुलकर समर्थन दिया।

दुनिया में भारत के बढते कद को नीचे लाने के लिए सीमापार से होने वाले षडयंत्र निरंतर तेज होते जा रहे हैं। बंगलादेश, श्रीलंका जैसे राष्ट्रों को घुटनों पर लाने वाली ताकतों की आंखों में अब देश और देश का नेतृत्व खटकने लगा है। रूस के बाद यूक्रेन की यात्रा से लेकर मालदीप जैसों के परिवर्तित व्यवहार तक ने भारतीय कूटनीति का लोहा मनवा दिया है ऐसे में देश के आन्तरिक हालातों को गृहकलह तक पहुंचाने के लिए हथियारों के सौदागरों व्दारा अपने पिट्ठिओं के माध्यम से मीरजाफरों की फौजों को सक्रिय कर दिया गया है। न्यायालयों के फैसलों के विरोध में खास जातियों के मुखौटे ओढकर केन्द्र को घेरने के हिंसक प्रयासों की बानगी पिछले दिनों सडकों पर खुलेआम देखने को मिली। भारतबंद के उस आह्वाहन के दौरान ही महन्त रामगिरि जी महाराज के वक्तव्य को पैगम्बर विरोधी बताकर मुसलमानों को भडकाया गया। राष्ट्रद्रोहियों ने दौनों मोर्चों पर एक साथ घातक प्रहार करके सुरक्षा व्यवस्था को अग्नि परीक्षा देने के लिए बाध्य कर दिया था। आन्दोलन के नाम पर अपराध करने वालों को अनेक राजनैतिक दलों के कद्दावर नेताओं ने खुलकर समर्थन दिया। ऐसा ही समर्थन जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय परिसर में टुकडे-टुकडे गैंग के बुलंद नारों को दिया गया था। राष्ट्रहित में हटाई गई धारा 370 के विरोध हेतु जम्मू-कश्मीर चुनावों में अनेक राजनैतिक दल एकजुट हो रहे हैं। इन्हीं पार्टियों के काले कोटधारी नेताओं की जमात न्यायालय की चौखट पर भितरघातियों के साथ खडी हो जाती है। राष्ट्रीय पार्टियों की कारगुजारियों के मध्य ही हिंसक प्रयास भी शुरू हो गये हैं। उदाहरण के तौर पर देखें तो मध्यप्रदेश का छतरपुर जिला अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण उत्तरप्रदेश के एक बडे भू भाग को भी सीधा प्रभावित करता है। विगत दिनों वहां के आकाशवाणी तिराहे सहित जवाहर रोड पर भारतबंद के दौरान खुलकर तोडफोड की गई, दुकानों को नुकसान पहुंचाया गया, लोग घायल हुए। यह सारी घटनायें हो ही रही थी कि महाराष्ट्र में दिये वक्तव्य के विरोध मुस्लिमों की भीड ने सिटी कोतवाली पर हमला कर दिया। जमकर पथराव हुआ, झूमा झटकी हुई, नारों की शक्ल में उत्तेजना फैलाई गई। साफसुथरे बाजार में स्थिति कोतवाली पर पत्थरों, ईंटों, टुकडों आदि की अचानक बरसात होने लगी। निश्चय ही यह सामग्री आगन्तुक भीड पहले से ही लेकर चली थी और पूर्व लिखित स्क्रिप्ट को ही अमली जामा पहनाया जा रहा था। इस हिंसा में शहर कोतवाल सहित तीन पुलिसकर्मी गम्भीर रूप से घायल हो गये। यह तो केवल छतरपुर के शान्त इलाके की बानगी है जबकि समूचे बुंदेलखण्ड में रोहिग्याओं, बंगलादेशियों और घुसपैठियों की व्यापक पैमाने पर आमद की चचार्ये लम्बे समय से हो रहीं हैं परन्तु पानी सिर से ऊपर पहुंचने के पहले इन सब की चिन्ता न करने का अघोषित प्रशिक्षण शायद उत्तरदायी अधिकारियों को पूर्व में दिया जा चुका है तभी वे आंखों के सामने हो रहे गैरकानूनी कृत्यों को निरंतर अनदेखा करते रहे हैं। अशान्ति को लेकर सुर्खियों में आये छतरपुर में ही बिजावर नाके वाली पुलिस कालोनी के सामने, वीआईपी के आवागमन वाला सर्किट हाउस रोड, व्यस्ततम जवाहर रोड आदि पर लम्बे समय से अतिक्रमणकारी सरकारी जमीनों पर ने केवल काबिज हैं बल्कि उन्हें बिजली, पानी आदि की सेवायें भी निरंतर दी जा रहीं हैं। छोटे-बडे शहरों की कौन कहे उत्तराखण्ड राज्य में तो प्रदेश की 11 हजार हेक्टेयर वन भूमि पर अवैध कब्जे हो चुके हैं। वास्तविक समाजसेवियों व्दारा जब इस ओर सरकार का ध्यानाकर्षित कराया गया तब कुम्भकरणी नींद टूटी और भारी मसक्कत के बाद महज 11.5 हेक्टेयर भूमि मुक्त कराई गयी। धरातली सत्यता तो यह है कि वहां के 39 वन प्रभागों में 104.54 वर्ग किलोमीटर जंगल में अतिक्रमणकारियों की संदिग्ध गतिविधियां अभी भी संचालित हो रहीं हैं। सीमापार के घुसपैठियों को देश के भितरघातियों व्दारा न केवल विधायिका में घुसे अपने सिपाहलारों के माध्यम से संरक्षण प्रदान करवाया जाता है बल्कि कार्यपालिका में विभिन्न पदों पर काबिज अपने दलालों के व्दारा दस्तावेजी सबूतों के साथ देश का नागरिक बना दिया जाता है और फिर शुरू हो जाता है सरकारी सुविधाओं को लेकर राष्ट्रविरोधी अभियान। बंद का आह्वाहन और महाराष्ट्र में महंत के वक्तव्य का विरोध, एक साथ होते ही जातिगत जनगणना का मंसूबा पलाने वालों की लाटरी निकल गई। विभाजनकारी जनगणना को मुद्दा बनाने वाले वास्तव में जन्म के आधार पर खाई खोदने को आतुर हैं। दूसरी ओर जाति का नाम लेने पर आपराधिक धाराओं के तहत दण्ड का प्राविधान है। एक ओर किसी को धमकी देने पर मुकदमा कायम हो जाता है किन्तु कर्नाटक में दिग्गज नेता के व्दारा बंगलादेश की तरह राज्यपाल का हस्त्र करने की चेतावनी पर सर्वत्र मौन है। देश के असामाजिक तत्वों को बंगलादेशी गृहयुध्द के सद्दश्य वातावरण निर्मित करने के लिए उकसाने वाले खद्दरधारियों पर सरकारी डंडा अपने आवरण से बाहर नहीं निकल रहा है। संसद में शपथ ग्रहण के दौरान फिलिस्तीन का नारा बुलंद करने वाले खुलेआम साम्प्रदायिक दंगों के लिए वातावरण निर्मित कर रहे हैं, परन्तु संविधान खामोश है। खण्डित जनादेश का परिणाम परिलक्षित हो रहा है। बलात्कार की घटनायें, अपराधों की बढता ग्राफ, संसद से बिना पारित हुए लौटते राष्ट्रहित के बिल और तार-तार होती वहां की मयार्दायें, मनमाना आचरण करने वालों का लहराता परचम, मेहनतकशों के खून की कमाई पर ऐश करते हरामखोर और राष्ट्रघातियों के पक्ष में संविधान की धाराओं को तोडमडोर कर प्रस्तुत करने वाली जमात जैसे अनगिनत कारक है जो देश के विस्फोटक होते हालातों के स्पष्ट संकेत दे रहे हैं परन्तु उत्तरदायी लोगों की आंखों पर स्वार्थ की पट्टी बंधी हुई है तभी तो वे बूंद-बूंद करके जमा किये जा रहे तेजाब को देखने की साहस नहीं कर रहे है। ऐसे में स्वयं की सुरक्षा के लिए आम आवाम को स्वयं तैयार रहने की जरूरत है अन्यथा षडयंत्रकारियों की फौज, भीड की शक्ल में कभी भी उन्हें नस्तनाबूद कर देगी। इस बार बस इतनी ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

(यह लेखक के अपने विचार हैं)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, **विक्रम राज** द्वारा हाऊस नं. आर-132 ब्लॉक-ए नियर मेन नसीरपुर रोड डाबरी पालम गांव न्यू दिल्ली-110045 से प्रकाशित एवं आर.डी. प्रिंटर्स पब्लिसर प्राइवेट लिमिटेड ए-41 सेक्टर-8 नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश से मुद्रित। **सम्पादक : विक्रम राज**

समाचारों के चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदारी। समाचार पत्र में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। न्यायलय संबंधी सभी मामले दिल्ली न्यायालय में ही निपटाए जाएंगे। RNI NO.- DELHIN/2023/86360. Telephone No.-011-49385179

# जालंधर में अपना घर बदलेंगे सीएम मान, 11 एकड़ में फैला है 1857 स्वतंत्रता संग्राम से भी पुराना मकान

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान जालंधर में जल्द ही अपना घर बदलेंगे। यहां 11 एकड़ में फैला पुराना हाउस उनके लिए तैयार किया गया है। इससे वह जालंधर को अपना दूसरा घर बनाने के वादे को भी पूरा कर पाएंगे, ताकि यहीं से एरिया के लोगों के काम हो सकें।

उनके लिए जो घर फाइनल किया गया है, वह शहर के पुराने बारादरी इलाके में स्थित हाउस नंबर 1 है, जो 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से भी पुराना है। यहां तक कि जालंधर डिवीजन के पहले ब्रिटिश कमिश्नर सर जॉन लॉरेंस 1848 में इस घर में रहने आए थे। उस समय जालंधर महाराजा रणजीत सिंह के साम्राज्य का हिस्सा था। इसे उस समय की प्रचलित निर्माण सामग्री, अनूठी नानकशाही ईंटों और चूना पत्थर से बनाया गया था।



निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी द्वारा ईंटों, सीमेंट और अन्य सामग्री भेजी है। सुरक्षा के लिए दो गार्ड तैनात कर दिए गए हैं, लेकिन इस घर में ज्यादा कुछ बदलाव नहीं किया जा सकता है, क्योंकि इसे 2002-03 में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित स्मारक का दर्जा दिया गया था।

इससे पहले जालंधर में किराए का मकान लेते हुए सीएम ने कहा था कि अब माझे और दोआबे के लोगों को अब चंडीगढ़ नहीं जाना पड़ेगा, उनकी समस्याएं यहीं दूर की जाएंगी। यहीं रहकर हम लोगों की परेशानी कम करेंगे और लोगों को हमसे सीधा संपर्क स्थापित करने के हर संभव प्रयास करेंगे। सीएम मान का पिछला मकान शहर से थोड़ा दूर था, लेकिन अब ये मकान बीचों बीच होने के चलते लोगों को शिकायत लेकर आने में दिक्कत नहीं होगी।

**मुख्यमंत्री के नए घर में ये सुविधाएं होंगी...**सीएम मान के नए घर में कई सुविधाएं होंगी। इसमें चार ड्राइंग रूम, चार बेडरूम, तीन ऑफिस रूम, एक बाहरी बरामदा और साथ ही सहायक कर्मियों के लिए 10 दो कमरों वाले फैमिली फ्लैट भी हैं। घर के सामने वाले हिस्से में बड़ा गॉर्डन है और साथ ही इसके पिछली तरफ चर्चित क्लब जिमखाना है।

पिछले 176 सालों में इस घर में 140 कमिश्नर रह चुके हैं। पिछले डिवीजनल कमिश्नर आईएएस अधिकारी गुरप्रीत सपरा भी इस घर में रहीं, लेकिन उसके बाद मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा इस घर पर ध्यान केंद्रित किया गया तो इसे मुख्यमंत्री के दूसरे घर के रूप में तैयार करने की शुरूआत की गई।

**कांग्रेस नेता प्रताप बाजवा ने कसा तंज...**मुख्यमंत्री भगवंत मान के जालंधर में नई रिहाइश पर कांग्रेस नेता बाजवा ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि सतोज के महाराजा अब एक राजा की तरह शानदार जीवन जीने के अपने सपने को पूरा करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

उन्होंने कहा कि जालंधर के बीचोंबीच मुख्यमंत्री भगवंत मान के लिए 11 एकड़ का मकान तैयार किया जा रहा है। 2022 के पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी के सभी सदस्यों और नेताओं ने सत्ता संभालने के बाद आम लोगों की तरह जीने का संकल्प लिया था। उन्होंने छोटे घरों या फ्लैटों में रहने और गैर-लक्जरी कारों में जाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की थी, लेकिन सत्ता संभालने के बाद उन्होंने अपना असली रंग दिखा दिया है।

# पाकिस्तान से जुड़े वीएचपी नेता की हत्या के तार, एनआईए की जांच में चौंकाने वाले खुलासे

**चंडीगढ़।** पंजाब में विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) नेता विकास प्रभाकर उर्फ विकास बग्गा की हाईप्रोफाइल हत्या में एनआईए की जांच में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। इस मामले के तार अब पाकिस्तान से जुड़ गए है क्योंकि इसमें आतंकवादी हरविंदर सिंह रिंदा का भी नाम सामने आया है।

इसके अलावा इस मामले के तार बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से भी जुड़ गए है। कुछ दिन पहले दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम व राष्ट्रीय जांच एजेंसी की संयुक्त टीम द्वारा गिरफ्तार किए गए यूपी के गोंडा निवासी धर्मिंद्र कुमार उर्फ कुणाल ने आठ दिन के दौरान कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं।

आरोपी को चंडीगढ़ एनआईए की जांच टीम द्वारा आठ दिन का रिमांड खत्म होने के बाद ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। विश्व हिंदू परिषद के नंगल अध्यक्ष विकास बग्गा की 13 अप्रैल 2024 को नंगल में उनकी हलवाई की दुकान में गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले की जांच पहले पंजाब पुलिस कर रही थी लेकिन बाद में मामले के तार विदेशों में बैठे आतंकियों से जुड़े होने के चलते इसकी जांच केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से राज्य पुलिस से लेकर एनआईए को सौंप दी गई थी।



नौ मई को एनआईए ने मामले की जांच अपने हाथ में ली और पंजाब के एसबीएस नगर के रहने वाले मनदीप कुमार उर्फ मंगली और सुरिंदर कुमार उर्फ रीका को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर उनसे पूछताछ की।

इन्होंने रिमांड में खुलासा किया कि उन्हें वारदात में प्रयुक्त किए गए अवैध हथियार धर्मिंद्र उर्फ कुणाल ने उपलब्ध करवाए थे। इसके बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम ने एनआईए की संयुक्त टीम के साथ मिलकर लुधियाना से कुणाल को गिरफ्तार किया और उसे एनआईए के हवाले कर दिया गया। एनआईए की जांच टीम ने आरोपी को 18 अगस्त को कोर्ट में पेश कर 25 अगस्त तक 8 दिन के रिमांड पर लिया। इसके अलावा उस पर यूएपीए की धाराएं भी लगाई गई।

उसने हत्या के मामले में रिमांड के दौरान बताया कि उसे पाकिस्तान में बैठे हरविंदर सिंह रिंदा के कहने के मुताबिक ही यूएआई से अज्ञात नंबर के जरिए फोन आया था। इसके बाद उसने मध्य प्रदेश से कुछ हथियार पंजाब में कुछ शूटरों को मुहैया करवा दिए थे। इसके अलावा उसने एमपी से कुछ गोला-बारूद भी खरीदा था जिसका खुलासा पूछताछ में किया है।

उसने पूछताछ में बताया कि बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़े हरजीत सिंह उर्फ लाधी और कुलवीर सिंह उर्फ सिद्धू भी इस हत्या में शामिल है क्योंकि उनके कहने पर ही यह हत्या की गई है। यह दोनों आरोपी पाकिस्तान में बैठे रिंदा के भी साथ जुड़े हुए हैं। एनआईए के जांच सूत्रों के मुताबिक बीकेआई गिरोह से जुड़े हरजीत सिंह और कुलवीर सिंह उर्फ सिद्धू पिछले लंबे समय से जर्मनी में है और वहीं से बैठकर भारत में अवैध गतिविधियों को अंजाम दिलवाते है। एनआईए ने इन दोनों पर 10-10 लाख रुपये का इनाम पहले ही घोषित कर दिया है।

# सोनीपत से रोहतक कोर्ट पेशी पर आए दो युवकों पर जानलेवा हमला

**रोहतक** सोनीपत से रोहतक कोर्ट में पेशी पर आए दो सगे भाइयों को 6-7 युवकों ने बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया। आनन-फानन में उनको अस्पताल में भर्ती कयाया गया। जहां पर एक को छुट्टी दे दी गई, जबकि दूसरे की पेट की नस फट गई। जिससे उसके पेट के निचले हिस्से का आपरेशन करना पड़ा है। पीड़ित पिता की शिकायत पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मामला दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।



सोनीपत के गोहाना स्थित गांव बरोदा निवासी जगदीश की ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके बेटे अमित और संजय है। दोनों की 23 अगस्त को कोर्ट में पेशी थी। कोर्ट के बाहर जब पहुंचे तो वहां पर एकता कॉलोनी निवासी अमित अपने 6-7 दोस्तों के साथ आया और मारपीट करनी शुरू कर दी। उन्होंने अमित पर लात-घूसों से उसके गुप्तांगों पर जानलेवा हमला कर दिया। जबकि छोटे बेटे संजय को भी मारपीट की, लेकिन उसे छोड़ दिया और अमित पर ही बुरी तरह से हमला किया। इस हमले में अमित वहीं पर बेहोश हो गया और पास के अस्पताल में भर्ती कराया। तीन दिन इलाज चला, लेकिन पेट के नीचे और गुप्तांगों के पास की नस फट गई और उसका ऑपरेशन करना पड़ा है। पीड़ित पिता जगदीश की शिकायत पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मामला दर्ज करके आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश देनी शुरू कर दी है।

**जेल में हुआ था विवाद...**पुलिस ने बताया कि अमित का जेल में आरोपी युवकों से विवाद हुआ था। उस दौरान जेल में उक्त लोगों के खिलाफ अधिकारियों ने कार्रवाई की थी, इसी रंजिश में एकता कॉलोनी निवासी युवकों ने हमला किया है।

**अधिकारी के अनुसार...**कोर्ट के पास मारपीट के मामले में अमित समेत 6-7 युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। -रविंद्र सिंह, निरीक्षक प्रभारी, थाना आर्यनगर।

# बीते 24 घंटे में खूब बरसे बदरा, चंडीगढ़ में 48.8 एमएम बारिश, रात में 27.5 एमएम पानी बरसा

**चंडीगढ़ सिटी।** ब्यूटीफुल चंडीगढ़ में बीते 24 घंटे में 48.8 एमएम बारिश हुई है। जन्माष्टमी के दिन शहर में मौसम खूब मेहरबान रहा। सोमवार दोपहर बाद बदले मौसम के चलते देर रात तक शहर में झमाझम बारिश हुई। दिन के मुकाबले रात में ज्यादा बारिश हुई है। वहीं, मंगलवार को मौसम का मिजाज मिलाजुला रहा। आसमान पर कभी बादल छा जाते तो कभी धूप निकली।

इससे पहले शहर में सोमवार को दिन में 21.3 एमएम बारिश हुई थी। वहीं, रात लगभग 11 बजे बारिश शुरू हुई जो रात एक बजे तक होती रही। सोमवार रात 11 बजे से मंगलवार सुबह 8:30 बजे तक 27.5 एमएम बारिश दर्ज की गई है। बारिश के बाद न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री की गिरावट आई है। रात का पारा 23.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.3 डिग्री कम था। वहीं, मंगलवार को मौसम राहत भरा रहा। लोगों को



गर्मी और उमस से राहत रही। हालांकि बीच-बीच में तेज धूप खिलने से गर्मी का अहसास भी हुआ है।

इस मानसून सीजन में अभी तक शहर में 573.3 एमएम बारिश हो चुकी है। एक जून से 30 सितंबर तक मानसून सीजन रहता है। शहर में पूरे सीजन में 845 एमएम बारिश सामान्य बारिश माना जाता है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में बारिश का कोटा पूरा हो जाएगा। अभी मानसून सीजन का सितंबर महीना है। सितंबर में भी शहर में बारिश की उम्मीद रहती है। ऐसे में आने वाले दिनों में बारिश होने पर मानसून सीजन में बारिश का कोटा पूरा हो जाएगा।

मौसम विभाग केंद्र चंडीगढ़ के अनुसार शहर में अगले दो दिन बारिश के आसार कम हैं। हालांकि बादल छा सकते हैं। वहीं, 30 अगस्त और 31 अगस्त को अच्छी बारिश की उम्मीद है। एक सितंबर को भी शहर में बारिश का पूवार्नुमान जताया गया है।

# आजाद समाज पार्टी के साथ चुनाव लड़ेगी जजपा, इस तरह होगा सीटों का बंटवारा



**चंडीगढ।** हरियाणा में जननायक जनता पार्टी और आजाद समाज पार्टी मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेंगी। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने एलान किया कि दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन हो गया है। 70 सीटों पर जननायक जनता पार्टी और 20 सीटों पर आजाद समाज पार्टी उम्मीदवार उतारेगी।

इस चुनाव से पहले हरियाणा में जजपा के एमएलए लगातार पार्टी छोड़ रहे हैं। अब तक छह विधायक पार्टी छोड़ चुके हैं। वहीं रामकुमार गौतम शुरू से ही पार्टी के विरोध में बोलते रहे हैं, वो भी पार्टी छोड़ सकते हैं। जननायक जनता पार्टी ने 2019 में दस सीट जीती थी और पूर्ण बहुमत से दूर रही भाजपा को समर्थन देकर प्रदेश की सरकार में साझेदार बनी थी।

किसान आंदोलन के बाद से विरोध झेल रही पार्टी

इनेलो से अलग होकर बनी नई पार्टी जजपा का किसान वर्ग से कोर वोटर था। हरियाणा में किसान आंदोलन के दौरान जजपा को भाजपा का साथ छोड़ने की किसानों ने मांग की थी, लेकिन पार्टी गठबंधन में बनी रही। जिसका नुकसान लोकसभा चुनाव में देखने को मिला। कई साक्षात्कार में खुद दुष्यंत चौटाला भी मान चुके हैं कि किसान आंदोलन के दौरान उन्हें पब्लिक सेंटिमेंट को समझने में चुक हुई है। जिसका उनको लोकसभा चुनाव में नुकसान हुआ।

# पटियाला के युवक की कनाडा में मौत: ट्राले से टकराई कार

**चंडीगढ़।** पटियाला के समाना के रहने वाले युवक की कनाडा में एक भीषण सड़क हादसे में मौत हो गई है। मृतक की पहचान कंवरपाल सिंह स्टडी वीजा पर करीब दो साल पहले कनाडा गया था। पढ़ाई पूरी करने के बाद करीब चार महीने पहले ही उसे वर्क परमिट मिला था। इसके बाद कंवरपाल सिंह नौकरी कर रहा था। कंवरपाल सिंह के पिता पीआरटीसी में मुलाजिम हैं। पीड़ित परिवार ने पंजाब सरकार से बेटे का शव गांव लाने में मदद की अपील की है।




परिवार वालों के मुताबिक कनाडा में कंवरपाल के चचेरे भाई जगदीप सिंह ने उन्हें बताया कि कनाडा के गुएल्फ में कंवरपाल की कार हादसे का शिकार हो गई थी। हादसा 20 अगस्त को हुआ था। कंवरपाल रोजाना की तरह काम पर जा रहा था। इसी दौरान उसकी कार की ट्राले के साथ टक्कर हो गई। हादसे में कंवरपाल सिंह गंभीर घायल हो गया था। उसके सिर व दिमाग में अंदरूनी चोटें आई थी। उसके फेफड़े फट गए थे और एक पैर की हड्डी भी टूट गई थी। छह दिन तक कंवरपाल सिंह छह दिन तक अस्पताल में भर्ती था। सोमवार को उसकी मौत हो गई है। परिवार के मुताबिक कंवरपाल का शव भारत लाने के लिए उसके दोस्त व चचेरा भाई फंड जुटा रहे हैं, ताकि उसके शव को जल्द वापस समाना लाया जा सके। लेकिन अभी तक जरूरत के हिसाब पैसे जमा नहीं हो सके हैं। इसलिए पीड़ित परिवार ने पंजाब सरकार से उनके बेटे का शव पंजाब लाने में मदद करने की अपील की है।

# बंसीलाल के कुनबे में छिड़ा सियासी घमासान, पोता और पौत्री के आमने-सामने होने के बढ़े आसार

**भिवानी।** देश-प्रदेश की राजनीति में सक्रिय भूमिका में रहे पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल के गढ़ तोशाम में अब चुनावी घमासान होगा। ये चुनावी घमासान चौधरी बंसीलाल के परिवार के बीच ही होने के आसार हैं, जिसके संकेत उनके जन्मदिवस पर हुए दो अलग-अलग आयोजनों से उनकी तीसरी पीढ़ी श्रुति चौधरी और अनिरुद्ध चौधरी ने दे दिए हैं। तोशाम की जन आशीर्वाद रैली में किरण ने इशारो-इशारों में यहां से बेटी श्रुति चौधरी की भावी उम्मीदवारी जता दी है।

वहीं बंसीलाल के पैतृक गांव गोलागढ़ में समाधि स्थल पर हुए कार्यक्रम में बंसीलाल के पोते अनिरुद्ध चौधरी ने भी तोशाम सीट से चुनाव लड़ने का ऐलान कर डाला। अनिरुद्ध ने चाची (किरण चौधरी) पर भी जमकर निशाना साधा। वैसे बंसीलाल परिवार के लिए यह पहला मौका नहीं है जब परिवार के सदस्य चुनावी मैदान में आमने-सामने होंगे। इससे पहले भी बंसीलाल परिवार में उनके बड़े बेटे रणबीर महेंद्रा व सुरेंद्र सिंह 1998 के लोकसभा चुनाव में आमने-सामने हो चुके हैं।



सुरेंद्र ने हविपा और महेंद्रा ने कांग्रेस से चुनाव लड़ा था, जिसमें सुरेंद्र सिंह जीते थे। अब बंसीलाल की तीसरी पीढ़ी फिर से ये इतिहास दोहराने को तैयार हो गई है। कांग्रेस नेता अनिरुद्ध पहले से ही किरण के खिलाफ लड़ने की बात कर रहे हैं लेकिन किरण के राज्यसभा में जाना तय होने के बाद तोशाम से भाजपा की दावेदारी में श्रुति का नाम सबसे आगे आ रहा है। अनिरुद्ध भी कांग्रेस की तरफ से टिकट की दौड़ में खुद को सबसे आगे रख रहे हैं। इधर, श्रुति चौधरी ने अपने ही भाई के सामने चुनाव लड़ने की बात सामने आने पर स्पष्ट किया है कि उसे तोशाम से भाई के विरोध में चुनाव लड़ने से कोई परहेज नहीं।

**किरण ने मंच से दिए संकेत, विरोधियों को दिखाई ताकत...**किरण ने संबोधन के दौरान तोशाम से श्रुति की संभावित उम्मीदवारी पर इशारो-इशारों में मोहर लगा डाली। हालांकि सीएम सैनी ने इस मामले में अभी पत्ते नहीं खोले हैं। वहीं रैली में जुटी भीड़ भी श्रुति चौधरी के पक्ष में बात करती रही। इस रैली के माध्यम से किरण ने भाजपा और दूसरे दलों को यह दिखाने का भी प्रयास किया कि तोशाम में किरण की पैठ और कार्यकताओं पर पकड़ कितनी मजबूत है।

# बठिंडा के मॉल में कंगना रणौत की फिल्म लगने की सूचना पर हंगामा, बैन लगाने की मांग

**बठिंडा।** सांसद कंगना रणौत की नई फिल्म इमरजेंसी का विरोध पंजाब में तेज हो गया है। बठिंडा में एक मॉल में फिल्म लगने की सूचना पर मंगलवार को सिख जत्थेबंदियों और निहंग सिंह विरोध करने पहुंच गए।विरोध की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस समेत अन्य पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों से बातचीत की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि इस फिल्म में सिखों को गलत पेश किया है, जिससे सिख कौम आहत हुई है। उन्होंने मांग की कि इस फिल्म को सरकार द्वारा बैन किया जाए।

इससे पहले फिल्म में सिख भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाते हुए पंजाब के मंडी गोबिंदगढ़ के सोशल मीडिया एक्टिविस्ट अमनदीप सिंह कलसी ने एडवोकेट गुरमिंदर सिंह सलाणा और केएस सिद्धू के माध्यम से फिल्म की पूरी कास्ट को कानूनी नोटिस भेजा है। अमनदीप सिंह कलसी ने बताया कि इमरजेंसी फिल्म के ट्रेलर रिलीज होने से सिखों की भावनाओं को आहत किया गया है। इससे सिखों में काफी गुस्सा है और कई जगहों पर इस फिल्म के रिलीज होने से देश में कानून व्यवस्था और शांति भंग हो सकती है।



शिकायतकर्ता अमनदीप सिंह कलसी ने एक नोटिस केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण को भी भेजा है। नोटिस में उन्होंने फिल्म इमरजेंसी से सिख समुदाय आहत होने की बात कही है। एडवोकेट गुरमिंदर सिंह सलाणा, एडवोकेट केएस सिद्धू की शिकायत के अनुसार कुछ निजी चैनलों ने सिखों के चरित्र को बदनाम करने की कोशिश की है। उक्त चैनल को प्रसारण चैनलों से फिल्म के ट्रेलर को हटाने की भी चेतावनी दी गई है। उन्होंने कहा कि उन्होंने फिल्म पर आपत्ति जताते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष पारसन जोशी को अलग-अलग पत्र लिखें हैं। फिल्म को छह सितंबर को रिलीज न करने की मांग की है। वहीं फिल्म से आपत्तिजनक दृश्यों को हटाने के बाद ही रिलीज करने की अनुमति देने की अपील की है।

# भाजपा उम्मीदवारों के नाम तय: सीएम सैनी समेत इनको मिलेगा टिकट, हिसार से इनकी लगेगी लॉटरी

**चंडीगढ़।** भाजपा ने 90 विधानसभा सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों के नाम लगभग तय कर दिए हैं। हिसार विधानसभा क्षेत्र से सावित्री जिंदल और बादशाहपुर से राव नरबीर का टिकट लगभग फाइनल हो गया है। वहीं, सीएम की सीट को लेकर भी काफी मंथन किया गया।

पार्टी सैनी को नारायणगढ़ और लाडवा सीट से लड़वाने के पक्ष में है। करनाल सीट से भाजपा पंजाबी समुदाय से उम्मीदवार उतारेगी। भाजपा का शीर्ष नेतृत्व 29 अगस्त को उम्मीदवारों पर मंथन करेगा। बैठक के अगले दिन पार्टी 30 अगस्त को अपनी पहली सूची जारी कर सकती है।

हरियाणा भाजपा की विधानसभा चुनाव समिति की बैठक पिछले दिनों गुरुग्राम में हुई थी। दो दिन चली बैठक में 90 विधानसभा सीटों के लिए पैनल तैयार किए गए। उसके बाद हरियाणा के प्रभारी, सीएम व प्रदेश अध्यक्ष की छोटी टोली की बैठक हुई। दो दिन वरिष्ठ नेताओं ने इस सूची पर मंथन किया।




बताया जा रहा है कि छोटी टोली की बैठक में हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम लगभग तय हो चुके हैं। भाजपा नेतृत्व को सबसे ज्यादा मंथन उन सीटों पर करना पड़ा, जहां विधायकों के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर हावी है। हिसार सीट पर भी कड़ा मुकाबला है।

यहां से सैनी के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व भाजपा सांसद नवीन जिंदल की मां सावित्री जिंदल के बीच टिकटों को लेकर जोर आजमाइश चल रही है। फिलहाल पार्टी सावित्री जिंदल को टिकट देने के पक्ष में है। वहीं, अहीरवाल की भी कुछ सीटों पर काफी मशक्कत करनी पड़ी। बादशाहपुर में पूर्व मंत्री राव नरबीर व मनोहर लाल के पूर्व ओएससी जवाहर यादव के बीच टिकट को लेकर काफी जोर-आजमाइश चल रही है।

सूत्रों ने बताया कि राव नरबीर के नाम पर लगभग सहमति बन गई है। पिछले चुनाव में भाजपा ने उनकी टिकट काट दी थी।

**हलोपा को सिर्फ दो सीटें दे सकती है भाजपा...**भाजपा को गठबंधन के साथ तालमेल बैठाना है। इनमें सिरसा जिले की सभी सीटें शामिल हैं। हलोपा सिरसा की सभी विधानसभा सीटों कालांवली, डबवाली, सिरसा, ऐलनाबाद और रानियां से अपने प्रत्याशी खड़े करना चाह रही है। मगर, फिलहाल भाजपा इस पर सहमत नहीं है। भाजपा हलोपा को दो सीटें देने को तैयार है।

**इनको टिकट मिलना तय...**भाजपा ने पहली सूची के लिए कुछ नाम तय कर दिए हैं। इनमें सीएम सैनी, कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर, पूर्व मंत्री अनिल विज, पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व मंत्री ओमप्रकाश धनखड़, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, भव्य बिश्नोई, श्रुति चौधरी, आरती राव, कृष्णमूर्ति हुड्डा, आदित्य देवीलाल, जेपी दलाल, डॉ. बनवारी लाल, मूलचंद शर्मा, अभय यादव, महिपाल ढांडा, सुभाष सुधा का नाम शामिल है।

# पश्चिमी यमुना नहर के तट में हुआ कटाव, विभाग में मचा हड़कंप



**करनाल।** करनाल में पश्चिमी यमुना बाईपास पर रेलवे पुल के समीप नहर के तट में कटाव हो गया। कटाव इतना गहरा था कि यदि समय रहते नहीं देखा जाता तो आस पास के क्षेत्र में बाढ़ आ जारी। इस तट की सूचना पर नहरी विभाग में हड़कंप मंच गया और तुरंत पूरी टीम मौके पर पहुंची। मजदूरों ने मिट्टी के कट्टे भर भर कर तट के कटाव रोकने का प्रयास किया तो वहीं जेसीबी सहित कई डंपर मिट्टी व पत्थर के मंगवाए गए। जिससे तट को दोबारा बांधने का कार्य चलता रहा। देर शाम तक मजदूर इस कार्य में लगे रहे। वहीं दूसरी ओर अधिकारियों की सांसें फूली रही। मौके पर एक्सईन, एसडीओ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**करीब 12 हजार क्यूसेक चल रहा है नहर में पानी...**पश्चिमी यमुना नहर की क्षमता करीब 13 हजार क्यूसेक है लेकिन फिलहाल बारिश के कारण नहर पानी से भरकर चल रही है। बताया जा रहा है कि नहर में करीब 12 हजार क्यूसेक पानी बह रहा है। पानी की गति भी बहुत तेज है। इस कारण यह कटाव हुआ है।

**ये दिया अधिकारियों ने तर्क...**नहरी विभाग के एक्सईन रणबीर ने बताया कि नहर की चौड़ाई करीब 200 फूट है लेकिन जिस जगह पर कटाव हुआ है वहां पर रेलवे का पुल है। इस कारण वहां पर नहर की चौड़ाई कम है। इस कारण वहां पर पानी का अधिक प्रेशर है। इस कारण उस तट में कटाव हुआ है। इसे बंद कर दिया गया है।

# पंजाब में कबाड़ी बना करोड़पति: 50 साल से राखी बंपर खरीद रहा था प्रीतम



**जालंधर।** जालंधर में कबाड़ी का काम करने वाले व्यक्ति की ढाई करोड़ रुपये की लॉटरी लगी है। कई वर्षों से राखी बंपर खरीद रहे बुजुर्ग कबाड़ी को एक बारगी यकीन नहीं हुआ कि वह करोड़पति बन गया। आदमपुर के रहने वाले बुजुर्ग कबाड़ी प्रीतम लाल जग्गी ने अखबार में पढ़ा कि वह इस बार के राखी बंपर लॉटरी के विजेता हैं लेकिन प्रीतम सिंह को यकीन नहीं हुआ। इसके बाद शहर से लॉटरी बेचने वाली एजेंसी का उन्हें फोन आया। जिसके बाद उन्हें यकीन हुआ।

**पत्नी के नाम से खरीदा था टिकट...**प्रीतम लाल कई साल से कबाड़ी का काम कर उसी से अपने घर का गुजारा कर रहे हैं। उन्होंने पिछले हफ्ते लॉटरी का टिकट शहर से आए सेवक नाम के व्यक्ति से खरीदा था। प्रीतम लाल ने बताया कि ये टिकट उन्होंने अपनी पत्नी अनीता जग्गी उर्फ बबली के नाम से खरीदा था। जिसका टिकट नंबर 452749 था। रविवार सुबह जब कबाड़ी ने अखबार पढ़ा तो पता चला कि उसकी लॉटरी निकली है।

**अब पूरी होगी घर और दुकान की तमन्ना...**प्रीतम ने कहा कि पैसा मिलने पर मैं 25 प्रतिशत पैसा सामाजिक कार्यों में लगाऊंगा। प्रीतम सिंह ने कहा कि कई सालों से कबाड़ का काम करने के बावजूद आज तक न तो अपना घर बनवा पाया हूं और न ही दुकान। प्रीतम लाल ने बताया कि जब मैंने पहला टिकट खरीदा था, तब लॉटरी की टिकट का रेट एक रुपये था। मैंने तब से लॉटरी टिकट लेना नहीं छोड़ा। अब अपना घर और दुकान दोनों होंगे।

# मेरी जान को खतरा, अगर मुझे कुछ हुआ तो सेना और आईएसआई जिम्मेदार, जेल में बंद इमरान खान बोले

**इस्लामाबाद।** जेल में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मंगलवार को कहा कि उनकी इस हालत के लिए सेना और इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) जिम्मेदार हैं। खान ने आशंका जताई कि उनकी जान को खतरा है।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक खान पिछले साल से रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में बंद हैं। उन्होंने मौजूदा सरकार को आलोचना करने वालों से नफरत करने और कानून-व्यवस्था की खराब स्थिति का दोषी ठहराया। उन्होंने पाकिस्तान की क्रिकेट की स्थिति की भी आलोचना की, जो लगातार हार का सामना कर रही है।



**'मुझे कुछ हुआ तो सेना और आईएसआई जिम्मेदार'...**सोशल मीडिया मंच एक्स पर खान ने एक पोस्ट में दावा किया कि चुनावों में धांधली हुई थी। उन्होंने कहा कि केवल सच्चे जनादेश वाली सरकार ही हालत के सुधार की योजना बना सकती है। उन्होंने कहा, आईएसआई जेल में मामलों को नियंत्रित कर रही है। मैं फिर से कह रहा हूं कि अगर मुझे कुछ हुआ तो सेना प्रमुख और आईएसआई के महानिदेशक (डीजी) जिम्मेदार होंगे।

**शहबाज सरकार के एलान के बाद आया इमरान का बयान...**पूर्व प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी शहबाज शरीफ सरकार के उस एलान के बाद सामने आई है, जिसमें कहा गया था कि इमरान खान के खिलाफ हिंसा के मामलों की सुनवाई सैन्य अदालत में हो सकती है। पिछले साल नौ मई को खान की गिरफ्तारी के बाद हिंसक प्रदर्शन हुए थे। जिसमें उनके पार्टी कार्यकताओं में कई सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया था।

**'हमले की सीसीटीवी फुटेज चोरी कर ली गई'...**उन्होंने खुद पर हुए पहले के दो हमलों की याद दिलाई और कहा कि वजीराबाद में सीसीटीवी फुटेज चोरी कर ली गई और हमले से पहले आईएसआई ने क्षेत्रों को नियंत्रित किया। उन्होंने यह भी कहा कि जेल में उनकी हालत खराब हो गई है और उनके भोजन की सुरक्षा के लिए तैनात कर्मचारियों को चौथी बार बदल दिया गया है। खान ने कहा कि पूरी सरकार झूठ पर चलती है। मैं उनके समाचार नहीं पढ़ता। हमारे बीच बातचीत केवल देश और संविधान के लिए होगी।

**क्रिकेट में पाकिस्तान की लगातार हार पर जताया दुख...**खान ने मौजूदा सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि देशभर में कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ रही है। उन्होंने पाकिस्तान के क्रिकेट की स्थिति पर भी दुख जताया औ? कहा कि इस सबके लिए एक ही संस्था जिम्मेदार है।

# मेयर गरिमा देवी सिकारिया संग पति रोहित सिकारिया ने गोपीनाथ पंचायती मंदिर में बड़े ही धूमधाम से कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया





बिट्टू कुमार

**पश्चिम चम्पारण/बेतिया।** लाल बाजार स्थित गोपीनाथ पंचायती राधा कृष्ण मंदिर में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। भक्तो ने भगवान श्री कृष्ण के जयकारे लगाए। यह कार्यक्रम देर रात तक चली। रात के 12 बजते ही कृष्ण जन्मोत्सव मनाई गई। महापौर गरिमा देवी सिकारिया के साथ पति समाजसेवी सह नगर पार्षद रोहित सिकारिया ने भी भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना की और नारियल पानी व दूध के साथ उनका अभिषेक किया और लड्डू गोपाल को झूले में झुलाया। जन्म उत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने भी राधा कृष्ण का रूप धारण कर कर आए हुए थे। रात को 12 बजने से पहले ही भक्ति मंदिरों में जुटने शुरू हो गए थे जैसे ही रात के 12 बजे हरे कृष्णा, हरे कृष्णा बाल गोपाल के जयकारे व शंख की ध्वनि से आसपास का वातावरण गूंज उठा। वहीं मेयर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि इस मंदिर में वर्षों से पूजा होते आ रहा है। मुझे 10 वर्षों से भगवान श्री कृष्ण जी का जन्म उत्सव मनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। आगे उन्होंने कहा कि राधे कृष्ण सभी को सुख दे, शांति दे तथा समृद्धि दे और जो भी उनके लालसा हो वह पूर्ण करें, यही कामना राधे कृष्ण से करती हूं। इस दौरान मंदिर के पुजारी ने कहा कि संध्या से ही भजन कीर्तन का आयोजन किया गया।

# कृषि पदाधिकारी प्रवीण कुमार राय ने पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु हरी झंडी दिखाकर बस को किया रवाना

बिट्टू कुमार

**पश्चिम चंपारण/बेतिया।** आत्मा योजना अंतर्गत कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण आत्मा के द्वारा बिहार राज्य से बाहर प्रशिक्षण परिभ्रमण मद से 28-08-2024 से लेकर 01-08- 2024 तक बेतिया पश्चिम चम्पारण के कृषि पदाधिकारी प्रवीन कुमार राय सह परियोजना निदेशक आत्मा एवं पूजा राय उप परियोजना निदेशक आत्मा पश्चिम चम्पारण के द्वारा हरी झंडी दिखाकर बस को पांच




दिवसीय शुष्क बागवानी एवं प्राकृतिक खेती विषय पर इंदिरा गांधी प्रबंधन संस्थान राजाजी पुरम लखनऊ के लिए रवाना किया गया।

वहीं कृषि पदाधिकारी ने बताया कि पश्चिम चंपारण के सभी 18 प्रखंडों से प्रशिक्षण परिभ्रमण कार्यक्रम हेतु प्रतिभागी किसानों ने भाग लिया हैं। शुष्क बागवानी एवं प्राकृतिक खेती विषय पर 50 किसानों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में नौतन, बैरिया, जोगापट्टी, नरकटियागंज, मधुबनी, बगहा, मैनाटांड़, गौनाहा, चनपटिया, पिरासी, रामनगर, भीतहा, ठकराहा सिकटा, लौरिया, आदि सभी प्रखंडों से किसानों को भाग लेने हेतु भेजा जा रहा हैं।

# बलूचिस्तानी सेना और बलूच लड़ाकों के बीच जंग जैसे हालात, छह घंटे में 102 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए

**इस्लामाबाद।** बलूचिस्तान पर अब पाकिस्तानी सेना की पकड़ कमजोर होती जा रही है। लगभग पूरे सूबे पर बलूच लड़ाकों ने कब्जा कर लिया है। पाकिस्तान की सेना और बलूच लड़ाकों के बीच जंग जैसे हालात हैं। सेना और विद्रोहियों के बीच जारी जंग में दोनों पक्षों को भीषण नुकसान पहुंचा है। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने दावा किया है कि उसने पाकिस्तानी सेना के खिलाफ ऑपरेशन हेरोफ शुरू किया है। बीएलए के एक प्रवक्ता ने दावा किया कि इस ऑपरेशन के शुरू होने के छह घंटों के अंदर 102 पाकिस्तानी सैनिक मारे जा चुके हैं।

**सैन्य काफिलों पर घात लगाकर हमला करना मकसद...**रिपोर्टों के अनुसार, इस ऑपरेशन में बीएलए के मजीद ब्रिगेड के आत्मघाती हमलावर भी शामिल हैं। इसमें पाकिस्तानी सेना के बेला कैंप के बड़े हिस्से पर कब्जा करना और सैन्य काफिलों



पर घात लगाकर हमला करना शामिल है। वहीं, पाकिस्तानी सेना ने दावा किया है कि उसने अलग-अलग जगहों पर मुठभेड़ में 21 आतंकवादियों को मार गिराया है।

**मिलिट्री बेस के एक बड़े हिस्से पर छह घंटों से कब्जा...**जीयंद बलूच ने एक बयान में बताया कि बेला में मिलिट्री बेस पर किए गए हमले में 40 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं। बीएलए के फिदायीन यूनिट ने मिलिट्री बेस के एक बड़े हिस्से पर पिछले छह घंटों से कब्जा जमाया हुआ है। वहीं, बलूच लिबरेशन आर्मी ने कहा कि मिलिट्री बेस पर अभी तक सभी फिदायीन सुरक्षित हैं और हमारे संपर्क में हैं। इससे लगता है कि बीएलए लड़ाके आर्मी कैंप में हैं और दुश्मन के खिलाफ आगे बढ़ रहे हैं।

**झड़पों में 62 सैनिक मारे गए...**बीएलए लड़ाकों ने सभी हाइवे पर चेक प्वाइंट बना लिया है और अपना अधिकार जमा लिया है। इस ऑपरेशन में बलूच आर्मी का फतह स्क्वाड और स्पेशल टैक्टिकल ऑपरेशन स्क्वाड (रळडर) शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि अब तक नाकाबंदी के दौरान हुई झड़पों में 62 से अधिक सैनिक मारे गए हैं। इस तरह से अभी तक 102 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हुई है।

बीएलए ने कहा है कि इस अभियान के दौरान सेना, लेवी और पुलिस के 22 से अधिक सदस्यों को पकड़ा गया है। बयान में कहा गया है कि चेक प्वाइंट पर दुश्मनों की पहचान करके उनको मारा गया है।

**सुरक्षा चौकियां नष्ट हुईं...**बलूच लिबरेशन आर्मी ने कहा कि रविवार की रात को बीएलए हमलावरों ने मिलिट्री बेस के मेन गेट और सुरक्षा चौंकियों पर विस्फोटक से लदे दो वाहनों में विस्फोट किया, जिससे सुरक्षा चौकियां नष्ट हो गई हैं। इसके बाद मजीद ब्रिगेड के फिदायीन लड़ाके बेला मिलिट्री कैंप में घुसे और 40 से अधिक पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया। साथ ही बेस के एक बड़े इलाके पर कब्जा कर लिया।

# राधा कृष्ण मंदिर की सजावट ने खींचा ध्यान, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम

**संवाददाता।**

**मुजफ्फरपुर/बोचहां।** मुजफ्फरपुर जिले के बोचहां प्रखण्ड स्थित सरफ़्फुद्दीनपुर के राधा कृष्ण मंदिर को इस बार श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर खास तौर पर सजाया गया। मंदिर के चारों ओर आकर्षक बल्बों और रोशनी की सजावट की गई, जो दूर-दूर से लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती रही। इस भव्य सजावट को देखने के लिए आसपास के गांवों से भी लोग बड़ी संख्या में पहुंचे।यहां श्री कृष्ण जन्माष्टमी बड़े हीं धूम-धाम से मनाया गया। भाड़ी संख्या में देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। दर्शन-पूजन एवं भजन-कीर्तन, झांकियां, और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों को




लेकर इलाके के लोगों में जबरदस्त उत्साह-उमंग देखा गया।

# शादी से पहले दुल्हन का कत्ल दूल्हा पहुंचा सलाखों के पीछे

संवाददाता।

**औरंगाबाद।** बिहार के औरंगाबाद में 14 साल की नाबालिग लड़की को दूसरी जाति का लड़का पसंद आ गया। वो उससे शादी करना चाहती थी। घर वालों ने इसका विरोध किया तो लड़की ने खुद से ही शादी का मन बना लिया। परिवार को गुस्से में कह दिया- मैं दुल्हन बनूंगी तो बस उसी की। हम शादी करने वाले हैं। बस ये बात लड़की के परिवार वालों ये बात रास न आई। दादा-दादी और दो चाचा ने मिलकर लड़की की हत्या कर डाली। शुक्रवार को नबीनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पुथर्वा गांव के एक तालाब में लड़की का शव मिला था। इसके बाद पुलिस अधीक्षक स्वपन गौतम मेश्राम ने सब-डिवीजनल पुलिस ऑफिसर संजय कुमार पांडे के नेतृत्व में एसआईटी का गठन कर मामले की जांच के आदेश दिए। लड़की की दादी भगमनिया देवी ने शिवसागर के रहने वाले विवेक चौहान, उसके भाई अशोक चौहान तथा पुथर्वा की रहने वाली उनकी चाची उर्मिला देवी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (1), 238 और 3(5) के तहत केस दर्ज करवाया था। इसके अलावा पॉक्सो तथा एससी/एसटी ऐक्ट के तहत भी इस मामले में केस दर्ज करवाया गया था।

इस मामले के मुख्य आरोपी विवेक चौहान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।लेकिन वैज्ञानिक साक्ष्य और लड़की के परिजनों के व्यवहार पर एसआइटी को शक हुआ तो उन्होंने इस मामले की गहराई से छानबीन शुरू कर दी। वैज्ञानिक तरीके से जांच और गवाहों के बयान से हेट किलिंग की कहानी का खुलासा हुआ।मृतक लड़की अनुसूचित जाति से ताल्लुक रखती थी। उसका विवेक चौहान के साथ अफेयर था। जांच टीम को यह भी जानकारी मिली- दोनों भाग कर शादी करने की योजना बना रहे थे। लेकिन इसकी जानकारी लड़की के घरवालों को मिल गई। लड़की अपने प्रेमी को छोड़ने पर राजी नहीं थी और शादी की बात पर भी अड़ी हुई थी। इसके बाद लड़की के दादा और उसके दो चाचाओं ने मिलकर लड़की की हत्या का प्लान बनाया।

गुरुवार की रात जब लड़की सो रही थी तब उन्होंने लड़की की गला दबा कर हत्या कर डाली। शव को गांव के ही तालाब में फेंक दिया। एसडीपीओ ने बताया कि मृतक लड़की के दादा घूरा पासवान और दादी भटगमिता देवी था उसके चाचा राहुल कुमार और रवि कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इन सभी ने परिवार को बचाने के लिए लड़की की हत्या का जुर्म कबूल कर लिया है। सभी को जेल भेज दिया गया है।

# पटना के 76 स्कूल शनिवार तक बंद, बाढ़ को देखते हुए पटना डीएम का आदेश

संवाददाता।

**पटना।** बिहार के पटना डीएम ने बाढ़ की हालत को देखते हुए जिले के 76 स्कूलों को बंद करने का निर्देश जारी किया है। दरअसल बीते दिनों दानापुर के नासरीगंज घाट पर विद्यालय जाने के लिए नाव पकड़ने के क्रम में एक शिक्षक की नाव से फिसल कर गंगा में गिरने से दुखद मृत्यु हो गई। इसके बाद से शिक्षकों में आक्रोश देखने को मिल रहा है।

शिक्षा विभाग ने घटना के दिन ही फैसला लिया कि जितने भी घाट से बच्चे अथवा शिक्षक विद्यालय आते जाते हैं उन घाटों को चिन्हित करके सरकारी स्तर से नाव का प्रबंध और पर्याप्त संख्या में लाइफ जैकेट उपलब्ध कराया जाए,लेकिन ऐसा कहीं हो नहीं रहा है।

ऐसे में शिक्षकों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पटना डीएम को टैग करते हुए पोस्ट




किया, जिस पर डीएम ने संज्ञान लिया है। पटना डीएम ने कहा कि आज मंगलवार सुबह उन्होंने स्कूलों की स्थिति का रिव्यू किया है। अभी के समय गंगा का जलस्तर काफी बढ़ी हुई है और कई जगहों पर खतरे के निशान से ऊपर जलस्तर बना हुआ है। गंगा की पानी में धार भी काफी तेज है। इसको देखते हुए शिक्षकों और बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से जिले के 76 दियर क्षेत्र के विद्यालयों को बंद किया गया है। इन विद्यालयों को शनिवार तक के लिए बंद किया गया है। शनिवार को विद्यालयों को लेकर के रिव्यू बैठक की जाएगी। गंगा की जलस्तर में कमी आई तो विद्यालय खुलेंगे। दोबारा से जब इन क्षेत्रों के विद्यालय खुलेंगे तो घाट पर विभाग द्वारा निर्देशित सुरक्षा के सभी प्रबंध किए जाएंगे।

# बांका में ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

## कान में लगा हुआ था हेडफोन

संवाददाता।

**बांका।** बिहार के बांका में ट्रेन हादसे में एक युवक की मौत हो गई। घटना चांदन रेलवे स्टेशन के पास हुई। मृतक की पहचान गौरीपुर पंचायत के ललित पुजारी (30 वर्ष) के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि पारिवारिक कलह के चलते ललित ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। युवक की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस और चांदन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बांका भेज दिया।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, सोमवार शाम को चांदन रेलवे स्टेशन के पास एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसा देखकर वहां मौजूद लोगों की रूह कांप गई। लोगों ने बताया कि युवक ने कान में हेडफोन लगा रखा था, जिससे उसे ट्रेन की




आवाज सुनाई नहीं दी होगी। मृतक के पास मिले दस्तावेजों के आधार पर उसकी पहचान की गई।

पुलिस ने बताया, 'मृतक के पास से मिले दस्तावेजों के आधार पर उसकी पहचान गौरीपुर पंचायत के नाढी जमदाहा गांव निवासी कारू पूजा के 30 वर्षीय पुत्र ललित पुजार के रूप में हुई।' पुलिस ने दस्तावेजों के आधार पर परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। ललित का शव देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने बताया कि ललित मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता था।

सूत्रों के अनुसार, पारिवारिक विवाद के चलते ललित ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। जीआरपी थाना पुलिस ने बताया, 'पारिवारिक विवाद के कारण युवक ने रेल में कट कर अपनी जान दे दी।' इस घटना की जांच चांदन पुलिस कर रही है। जीआरपी पुलिस के एके सिंह, मेहपाल सिंह और भागवत यादव भी घटनास्थल पर मौजूद रहे।

# युवक की हत्या कर शव को बोरे में डालकर फेंका

## प्रेम-प्रसंग में हत्या की आशंका, घटनास्थल से साइकिल बरामद




संवाददाता।

**मोतिहारी।** जिले के घोड़ासहन थाना क्षेत्र के ललुआ निमोइया गांव के समीप एक युवक की बोरे में बंद लाश मिली है। जिसकी चाकू से गोदकर हत्या करने की आशंका जताई जा रही है। आशंका है कि हत्यारों ने युवक की हत्या कर फिर उसके शव को बोरे में डालकर साइकिल से उसके घर से 500 मीटर दूर खेत में फेंक दिया । शव को देख ग्रामीणों ने घटना की सूचना पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच में जुट गई। मृतक की पहचान निमोइया गांव निवासी रामजी साह के बेटे विकास उर्फ विक्की (21) के रूप में हुई है।घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मंगलवार की सुबह करीब 6 बजे ग्रामीणों ने सड़क पर खून का दाग देखा, फिर आगे बढ़े तो देखा कीचड़ में एक साइकिल पड़ी थी और उसपर एक बोरा लदा था। जिसमें खून का दाग दिख रहा था। जिसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम में भेज दिया। वहीं साइकिल को जब्त कर कार्रवाई में जुट गई है। मृतक इंटर का छात्र था और घर से ही छोटे-मोटे लोन दिलाने का काम करता था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक का गांव के ही किसी महिला से प्रेम-प्रसंग चल रहा था, इसी चक्कर में उसकी हत्या हुई है। सिकरहना एसडीपीओ अशोक कुमार ने बताया कि घोड़ासहन थाना क्षेत्र में एक युवक का शव बोरे से बरामद हुआ है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज दिया गया है। हत्या के पीछे की जांच की जा रही है। जल्द ही खुलासा कर लिया जाएगा।

# चीन के विमान ने जापान के हवाई क्षेत्र का किया उल्लंघन

**टोक्यो।** जापान ने सोमवार को आरोप लगाया कि चीन की सेना के एक सर्विलांस विमान ने उसके हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया है। जापान का कहना है कि यह पहली बार है कि चीन के विमान ने उनके हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया है। जापान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि चीन के एक वाई-9 सर्विलांस विमान ने सोमवार की सुबह करीब 11.29 बजे उनके हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया। चाइनीज जहाज ने नागासाकी के नजदीक दानजो द्वीप के पास जापान की हवाई सीमा में प्रवेश किया। जापानी रक्षा मंत्रालय के अनुसार, चाइनीज विमान करीब दो मिनट तक जापान की सीमा में रहा।

**जापान-चीन में बढ़ सकता है तनाव...**जापान का आरोप है कि चीन लगातार समुद्री सीमा में उकसावे की कार्रवाई कर रहा है। ऐसे में अब ताजा घटना के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने की आशंका है। जापान का कहना है कि चीन के विमान पहले भी दक्षिण पूर्व की सीमा के आसपास चक्कर लगाते रहे हैं, लेकिन यह पहली बार है कि किसी विमान ने जापान के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया है। जापान ने कहा कि उन्होंने चीनी विमान के खिलाफ किसी हथियार का प्रयोग नहीं किया। हालांकि चीन की उकसावे वाली कार्रवाई को देखते हुए जापान ने अपनी पूर्वी सीमा पर लड़ाकू विमानों की तैनाती कर दी है।

**जापान ने जताई कड़ी नाराजगी...**जापान ने चीन के राजदूत को इसे लेकर समन भी जारी किया है और घटना पर कड़ी नाराजगी जाहिर की है। चीन के विमान और ड्रोन्स पहले भी विवादित सेनकाकू द्वीप पर हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करते रहे हैं। चीन, ताइवान के खिलाफ भी उकसावे की कार्रवाई कर रहा है और कई बार ताइवान के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन कर चुका है।

# प्राइवेट पार्ट में लाल मिर्ची डालने का आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता।

**अररिया।** बिहार में एक वीडियो वायरल होने से हड़कंप मच गया है। इस वीडियो में कुछ लोग एक युवक के साथ अमानवीय व्यवहार करते दिख रहे हैं। युवक पर चोरी का आरोप है और उसे सजा देने के लिए उसके गुप्तांग में मिर्ची पाउडर डाल दिया गया। घटना अररिया के इस्लामनगर की है। वायरल वीडियो में एक युवक को कुछ लोग पकड़े हुए हैं। उसका हाथ बंधा हुआ है और उसके साथ मारपीट की जा रही है। आरोपियों ने युवक के कपड़े उतार दिए और उसके गुप्तांग में मिर्ची पाउडर डाल दिया। युवक दर्द से कराहता रहा लेकिन किसी ने उसकी मदद नहीं की। कुछ लोग वीडियो बनाते रहे लेकिन किसी ने उसे बचाने की कोशिश नहीं की।

वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। एसपी अमित रंजन ने मामले की जांच के आदेश दिए। तकनीकी शाखा ने वीडियो की पुष्टि की और बताया कि यह घटना इस्लामनगर की है। इसके बाद नगर थाने में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने वीडियो के आधार पर एक आरोपी मो. सिफत को गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है और बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है।

एसपी अमित रंजन ने बताया कि वीडियो मिलते ही जांच शुरू कर दी गई थी। उन्होंने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है। वीडियो की सत्यता की पुष्टि हो चुकी है। यह घटना निंदनीय है और समाज को शर्मसार करने वाली है। चोरी के आरोप में किसी के साथ भी इस तरह का बर्ताव नहीं किया जा सकता है। पुलिस को चाहिए कि वह इस मामले में सख्त से सख्त कार्रवाई करे ताकि भविष्य में कोई भी ऐसी घृणित हरकत करने की हिम्मत न कर सके।इस घटना से यह भी पता चलता है कि हमारे समाज में कितनी क्रूरता है। लोग वीडियो बनाते रहे लेकिन किसी ने भी उस युवक की मदद नहीं की। यह बहुत ही दुखद है। हमें अपने अंदर मानवता को जिंदा रखना होगा और जरूरतमंदों की मदद करनी होगी।

# कंगना रनौत की गिरफ्तारी को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा जिलाधीश को सौपेंगा ज्ञापन

**मंडी।** सात दिन के भीतर किसानों से क्षमा याचना करें अथवा दीवानी और आपराधिक अवमानना की कार्यवाही हेतु तैयार रहें। कंगना रनौत की गिरफ्तारी की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा आज ग्वालियर में जिलाधीश को ज्ञापन सौंपेगा। डॉ सुनीलम द्वारा मंडी लोकसभा क्षेत्र, हिमाचल प्रदेश की भाजपा सांसद कंगना रनौत को एड. गुरुदत्त शर्मा, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, ग्वालियर, एड.विश्वजीत रतौनिया एवं एड. चैनसिंह राजपूत के माध्यम से नोटिस भेजकर नोटिस प्राप्ति के 7 दिन के भीतर किसान,



अन्नदाताओं से सार्वजनिक क्षमा याचना करने तथा 2 करोड़ रुपए की आर्थिक क्षति अदा करने के लिए कहा गया है। ऐसा न करने पर दीवानी और आपराधिक अवमानना की कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई है। नोटिस में कहा गया है आपके द्वारा यह बयान दिया गया कि किसान आंदोलन के दौरान उपद्रव, हिंसा, दुष्कर्म व हत्या हुई, कैसे प्रोटेस्ट के नाम पर हिंसा फैलाई गई, वहां पर रेप हो रहे थे, मारकर लाशों को लटकाया जा रहा था। आंदोलन करने वाले किसानों को विदेशी ताकतों का नुमाइंदा भी बताया गया।

नोटिस में कहा गया है कि उक्त बयान किसानों, अन्नदाताओं को अपमानित, जलील व नीचा दिखाने का होकर काफी अभद्र एवं आपत्तिजनक है, जो हेट स्पीच की श्रेणी में आता है। जबकि संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा 380 दिनों तक चलाया गया आंदोलन शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक और अहिंसक था। जिसमें 750 किसान शहीद हुए थे।

नोटिस में कहा गया है कि आपका वक्तव्य, आपका किसान विरोधी होना साबित करता है। पूर्व में भी आपके विरुद्ध विभिन्न राज्यों में इसी प्रकार के आपराधिक प्रकरण वर्तमान में लंबित हैं। इससे प्रतीत होता है कि आप आदतन हेट स्पीच देकर नफरत फैलाने की आदि हैं। डॉ सुनीलम ने बताया कि कल ग्वालियर में संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा कंगना रनौत की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### जन्माष्टमी पर पूरे भारत में हुआ 25000 करोड़ रुपये का कारोबार, उअक्ळ ने जताया अनुमान



**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) के अनुसार, देश भर में जन्माष्टमी उत्सव के दौरान व्यापार में उछाल आया और 25,000 करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन हुआ। ये आंकड़े जन्माष्टमी के जीवंत उत्सवों से प्रेरित त्योहार के दौरान मजबूत उपभोक्ता खर्च को उजागर करते हैं। यह वर्ष के सबसे अधिक व्यावसायिक रूप से सक्रिय त्योहारों में से एक है। सीएआईटी के राष्ट्रीय महासचिव और चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि इस महत्वपूर्ण त्योहार के दौरान, विशेष रूप से फूल, फल, मिठाई, देवता की पोशाक, सजावटी सामान, व्रत की मिठाई, दूध, दही, मक्खन और सूखे मेवों की बड़े पैमाने पर बिक्री देखी गई।

खंडेलवाल ने कहा कि जन्माष्टमी जैसे त्योहार सनातन अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जो देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं। इस साल 26 अगस्त को देशभर में कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। भक्तों ने पारंपरिक रूप से उपवास रखा और मंदिरों और घरों को फूलों, दीयों और रोशनी से सजाया। मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया और वहां दर्शन करने वालों की भारी भीड़ रही। उन्होंने बताया कि जन्माष्टमी उत्सव के विशेष आकर्षणों में डिजिटल झांकियां, भगवान कृष्ण के साथ सेल्फी प्वाइंट और कई अन्य रमणीय दृश्य शामिल थे। शहरों में, संतों और ऋषियों द्वारा कई भजन, धार्मिक नृत्य और प्रवचन हुए। विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी बड़े पैमाने पर जन्माष्टमी समारोह आयोजित किए। शास्त्रों के अनुसार, जन्माष्टमी भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाई जाती है। यह वह दिन है जब भगवान कृष्ण का जन्म हुआ था।

इस महीने की शुरूआत में, उअक्ळ ने राखी के त्योहार के दौरान देश भर में 12,000 करोड़ रुपये से अधिक के त्यौहारी व्यापार का अनुमान लगाया था। खंडेलवाल के अनुसार, 2022 में राखी के त्यौहार पर कारोबार करीब 7,000 करोड़ रुपये, 2021 में 6,000 करोड़ रुपये, 2020 में 5,000 करोड़ रुपये, 2019 में 3,500 करोड़ रुपये और 2018 में 3,000 करोड़ रुपये रहा था। व्यापार मंडल ने कहा कि बाजारों में खरीदारी के लिए भारी भीड़ देखी जा रही है और लोग त्योहार को लेकर काफी उत्साहित हैं।

### एपल ने भारतीय मूल के केवन पारेख को नया वित्त प्रमुख नामित किया, जनवरी में संभालेंगे पद



**नई दिल्ली** टेक दिग्गज एपल ने सोमवार को केवन पारेख को अपना मुख्य वित्तीय अधिकारी बनाने का एलान किया। वे कंपनी के दिग्गज लुका मेस्ट्री की जगह लेंगे, और 1 जनवरी, 2025 को अपनी भूमिका संभालेंगे। एपल ने यह फैसला इस सीजन में अपने नए उत्पादों की लॉन्चिंग के ठीक पहले लिया है। जानकारों के अनुसार आईफोन के लिए इस सीजन में अब तक का सबसे बड़ा सॉफ्टवेयर अपग्रेड किया जा सकता है। इन बदलावों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (अक) का प्रयोग भी शामिल है तो वैश्विक बिक्री की मंदी (खासकर) को दूर करने की दिशा में एपल के लिए काफी महत्वपूण है। पारेख, एक दशक से अधिक समय से एपल के साथ हैं और अब वे कंपनी की कार्यकारी समिति में शामिल होंगे। फिलहाल वे वित्तीय नियोजन और विश्लेषण के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे हैं। एपल से पहले पारेख थॉमसन रॉयटर्स और जनरल मोटर्स में वरिष्ठ नेतृत्वकारी भूमिका निभा चुके हैं। एपल ने कहा कि मेस्ट्री सूचना प्रणाली और प्रौद्योगिकी, सूचना सुरक्षा और रियल एस्टेट और विकास सहित कॉरपोरेट सेवा टीमों का नेतृत्व करना जारी रखेंगे और सीईओ टिम कुक को रिपोर्ट करेंगे। मेस्त्री के कार्यकाल के दौरान, ऐप्पल ने अपने राजस्व को दोगुना से अधिक किया है, सेवाओं से आने वाले राजस्व में पांच गुना से अधिक की वृद्धि हुई है। इस महीने की शुरूआत में, ऐप्पल ने कहा कि इसकी तीसरी तिमाही आईफोन की बिक्री उम्मीद से बेहतर थी और कंपनी ने अधिक लाभ का अनुमान लगाया क्योंकि यह खरीदारों को आकर्षित करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर दांव लगाने जा रहा है।

### त्योहारी सीजन में बढ़ सकती है सोने की मांग; आयात शुल्क में कटौती से खुदरा उपभोक्ता को मिली राहत



**नई दिल्ली।** आयात शुल्क में पर्याप्त कटौती से सोने की कीमतें अधिक आकर्षक हो गई हैं। इससे आगामी त्योहारी सीजन में देश में सोने की मांग मजबूत रहने की उम्मीद है।

विश्व स्वर्ण परिषद के सीईओ सचिन जैन ने कहा, सोने पर आयात शुल्क को 15 फीसदी से घटाकर 6 फीसदी करने से खुदरा उपभोक्ताओं को राहत मिली है और खरीदारी को बढ़ावा मिला है। मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के भारतीय परिचालन के प्रबंध निदेशक अशर ओ ने कहा, शुल्क कटौती से खुदरा उपभोक्ताओं के बीच धारणा बदल गई है, जो मूल्य वृद्धि के कारण खरीदारी टाल रहे थे। उन्होंने कहा, शुल्क कटौती के बिना सोने की कीमतें 80,000 रुपये से ऊपर नई रिकॉर्ड ऊंचाई को छू सकती थीं, लेकिन अब वे उच्चतम स्तर से नीचे कारोबार कर रही हैं।

अधिक आयात से बढ़ सकता है व्यापार घाटा

भारत में सोने की बढ़ती मांग वैश्विक कीमतों में तेजी को बढ़ावा दे सकती है, जो पिछले सप्ताह रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई थी। हालांकि, सोना आयात की बढ़ती मांग भारत के व्यापार घाटे को बढ़ा सकती है और रुपये पर दबाव डाल सकती है। सोने की वैश्विक कीमतें पिछले सप्ताह रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गईं, लेकिन भारत में घरेलू कीमतें सोमवार को 71,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के आसपास थीं।

## जीएमआर के खिलाफ याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने मांगा विचार, नागपुर हवाई अड्डे के संचालन से जुड़ा है मामला



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने निजी कंपनी जीएमआर एयरपोर्ट्स को नागपुर स्थित बाबासाहेब आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का रिनोवेशन और संचालन करने की अनुमति देने से जुड़े अपने फैसले के खिलाफ केन्द्र और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) की सुधारात्मक याचिका से संबंधित मुद्दों पर मंगलवार को सॉलिसिटर जनरल से विचार मांगे।

शीर्ष अदालत ने नौ मई, 2022 को बम्बई उच्च न्यायालय के उस आदेश को बरकरार रखा था, जिसमें हवाई अड्डे के उन्नयन व संचालन के लिए जीएमआर एयरपोर्ट्स को आवंटित अनुबंध को रद्द करने वाले एक संयुक्त उद्यम फर्म के मार्च 2020 के संचार को रद्द कर दिया गया था। केंद्र सरकार और एएआई ने शीर्ष अदालत के 2022 के आदेश के खिलाफ एक सुधारात्मक याचिका दायर की है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी की चार न्यायाधीशों की एक विशेष पीठ ने सुधारात्मक याचिका पर सुनवाई की।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ह्यह्ययह एक महत्वपूर्ण मामला है, जिसमें बड़ा वित्तीय मुद्दा जुड़ा हुआ है ह्लह्ल उन्होंने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि वह केंद्र के कानून अधिकारी के रूप में नहीं बल्कि अदालत के अधिकारी के रूप में अपने ह्यह्यनिष्पक्षह्लह्ल विचार दें। पीठ ने कहा कि चूंकि वह सुधारात्मक याचिका पर विचार कर रही है, इसलिए उसे समानता के संतुलन को ध्यान में रखना होगा क्योंकि सरकार और निजी कंपनी के प्रतिस्पर्धी हित हैं। सॉलिसिटर जनरल ने पीठ की सहायता करने पर सहमति जतायी और मामले को शुक्रवार के लिए सूचीबद्ध करने का आग्रह किया। अदालत ने मेहता के अनुरोध को स्वीकार कर लिया।

इससे पहले विशेष पीठ ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को हवाई अड्डे के लिए निविदा प्रक्रिया से संबंधित फाइल नोटिंग प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। वर्ष 2022 में, शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखते हुए कहा था कि उक्त निर्णय ठोस तर्क और तथ्यों के सही विश्लेषण पर आधारित है और इसमें हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। उच्च न्यायालय के आदेश में संयुक्त उद्यम फर्म, एमआईएचएएन इंडिया लिमिटेड (मल्टी मॉडल इंटरनेशनल कार्गो हब एंड एयरपोर्ट एट नागपुर) द्वारा जारी मार्च 2020 के उस संचार को खारिज कर दिया गया था, जिसमें जीएमआर एयरपोर्ट्स को अनुबंध का आवंटन रद्द कर दिया गया था।

केंद्र सरकार का आरोप है कि उच्च न्यायालय ने उसकी बात नहीं सुनी। शीर्ष अदालत ने कहा था कि यदि सरकारी निकायों द्वारा अनुबंध दिए जाते हैं, तो उनसे निष्पक्षता, समानता और कानून के शासन को बनाए रखने की अपेक्षा की जाती है। शीर्ष अदालत का फैसला महाराष्ट्र एयरपोर्ट डेवलप्मेंट कंपनी लिमिटेड की प्रमुख परियोजना एमआईएचएएन द्वारा दायर अपील पर आया, जिसमें उच्च न्यायालय के 18 अगस्त, 2021 के आदेश को चुनौती दी गई थी।

उच्च न्यायालय ने कहा था कि एमआईएचएएन इंडिया लिमिटेड द्वारा जीएमआर एयरपोर्ट्स लिमिटेड को जारी किया गया पत्र निरस्त किये जाने योग्य है। उच्च न्यायालय का यह आदेश जीएमआर एयरपोर्ट्स द्वारा दायर याचिका पर आया है, जिसमें एमआईएचएएन द्वारा नागपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उन्नयन, आधुनिकीकरण, संचालन और प्रबंधन के लिए बोली प्रक्रिया को रद्द करने की कार्रवाई को चुनौती दी गई थी, जबकि यह प्रक्रिया समाप्त हो चुकी थी और याचिकाकर्ता (जीएमआर) को 7 मार्च, 2019 को ह्यलेटर ऑफ अवार्डह्ल के माध्यम से परियोजना पहले ही प्रदान की जा चुकी थी।

याचिका के अनुसार, एमआईएचएएन परियोजना के लिए नए सिरे से निविदाएं जारी करने की योजना बना रहा था। हालांकि, एमआईएचएएन ने दावा किया था कि 7 मार्च, 2019 को याचिकाकर्ता को भेजा गया संचार केवल एक बोली स्वीकृति पत्र था, न कि ह्यलेटर आफ अवार्डह्ल। कंपनी ने कहा कि पत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया था कि बोली की स्वीकृति सशर्त है और इसके लिए केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय की मंजूरी आवश्यक है।

## सोना 550 रुपये मजबूत हुआ, चांदी की कीमतों में 1,200 रुपये की बढ़त



**नई दिल्ली** आभूषण विक्रेताओं की ताजा मांग के कारण दिल्ली सरार्फा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 550 रुपये की तेजी के साथ 74,350 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। अखिल भारतीय सरार्फा संघ ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोने का भाव 73,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अखिल भारतीय सरार्फा संघ ने कहा कि चांदी की कीमत भी 1,200 रुपये के उछाल के साथ 88,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई, जबकि इसका पिछला बंद भाव 87,000 रुपये प्रति किलोग्राम था।

इस बीच, राष्ट्रीय राजधानी में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 550 रुपये के उछाल के साथ 74,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। व्यापारियों ने बताया कि घरेलू बाजार में स्थानीय आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की मांग में तेजी के कारण सोने की कीमतों में तेजी आई है।कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सोमवार को दिल्ली में सरार्फा बाजार बंद रहे थे। एशियाई कारोबारी घंटों में सोना 11.30 डॉलर प्रति औंस की गिरावट के साथ 2,543.90 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ह्यह्यअमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़ों के अपेक्षा से बेहतर रहने और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में तेजी के कारण मंगलवार को सोने में मामूली गिरावट आई।

एमओएफएसएल के जिंस शोध के वरिष्ठ विश्लेषक मानव मोदी के अनुसार, सोने की कीमतों में गिरावट आई, लेकिन ये पिछले सप्ताह के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर बनी रहीं, क्योंकि अमेरिकी ब्याज दरों में कमी की संभावना ने डॉलर को कमजोर किया और धातु बाजारों के लिए बेहतर संभावनाएं पेश कीं। इसके अतिरिक्त, वैश्विक बाजारों में चांदी की कीमत गिरावट के साथ 30.34 डॉलर प्रति औंस पर रही।

## जी और सोनी पिक्चर्स का आपसी विवाद सुलझा दोनों सभी मामले वापस लेने पर सहमत

**नई दिल्ली।** जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज और सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया ने 10 अरब डॉलर का प्रस्तावित विलय समझौता निरस्त होने से जुड़े विवादों को सुलझा लिया है। इसके साथ ही दोनों कंपनियां एक-दूसरे के खिलाफ सभी मामलों को वापस लेने पर सहमत हो गई हैं।

दोनों कंपनियों ने मंगलवार को एक साझा बयान में कहा कि सभी मामलों को वापस लेने का यह समझौता आपसी सुलह से हुआ है। इसके पीछे उद्देश्य यह है कि दोनों कंपनियां स्वतंत्र रूप से नए उद्देश्यों के साथ भविष्य के वृद्धि अवसरों को तलाश सकें और उभरते मीडिया व मनोरंजन परिदृश्य पर ध्यान केंद्रित कर सकें।

जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड और कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में सोनी पिक्चर्स) ने एक व्यापक गैर-नकद समझौते पर सहमति जताई है। इसमें विलय सहयोग समझौते और व्यवस्था की समग्र योजना से संबंधित सभी विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने की बात कही गई है।

इस समझौते के तहत दोनों कंपनियों ने सिंगापुर अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र (एसआईएसी) में चल रहे मध्यस्थता मामले में एक-दूसरे के खिलाफ सभी आरोपों को वापस लेने और राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण और अन्य मंचों में शुरू की गई सभी कानूनी कार्यवाही को वापस लेने पर आपसी सहमति जताई है।

दोनों कंपनियां एनसीएलटी से व्यवस्था की संबंधित समग्र योजनाओं को भी वापस ले लेंगी और संबंधित नियामकीय अधिकारियों को इससे अवगत कराएंगी। इस साल जनवरी में सोनी ने जी एंटरटेनमेंट द्वारा कुछ ह्यसमापन शर्तोंह्ल को पूरा न करने का हवाला देते हुए प्रस्तावित 10 अरब डॉलर के विलय समझौते से हाथ खींच लिया था। इस तरह विलय योजना की घोषणा के दो साल बाद यह सौदा टूट गया। इसके बाद दोनों ही पक्ष अपने-अपने दावों को लेकर अदालतों में चले गए थे।

## एचयूएल को आयकर विभाग ने 962 करोड़ रुपये का टैक्स नोटिस भेजा

**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान यूनिलीवर को आयकर विभाग से 962.75 करोड़ रुपये का टैक्स नोटिस मिला है। इसमें 329.33 करोड़ रुपये का ब्याज भी शामिल है। एफएमसीजी कंपनी ने सोमवार को एक्सचेंजों को जानकारी दी। यह नोटिस ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन (जीएसके) समूह से इंडिया हेल्थ फूड ड्रिंक (एचएफडी) के बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) के अधिग्रहण के लिए किए गए खर्च 3,045 करोड़ रुपये के स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) न काटने से संबंधित है।




एचयूएल ने जीएसके से 3,045 करोड़ रुपये में हॉर्लिक्स ब्रांड का अधिग्रहण किया है। इस विलय के जरिए बूस्ट, माल्टोवा और वीवा जैसे अन्य जीएसकेसीएच ब्रांड भी एचयूएल के पोर्टफोलियो में शामिल हो गए। भारी मांग के बावजूद, कंपनी ने संकेत दिया है कि उसे इस स्तर पर किसी भी महत्वपूर्ण वित्तीय प्रभाव की उम्मीद नहीं है। एचयूएल ने कहा, "कंपनी के पास कर न रोके जाने के मामले में मजबूत मामला है, जो उपलब्ध न्यायिक उदाहरणों पर आधारित है, जिसमें माना गया है कि अमूर्त संपत्ति का स्थान अमूर्त संपत्ति के मालिक के स्थान से जुड़ा हुआ है और इसलिए, ऐसी अमूर्त संपत्तियों की बिक्री से होने वाली आय भारत में कर के अधीन नहीं है। मांग के जवाब में, ऋ्रउऋ प्रमुख ने भारतीय कानून के अनुसार सभी आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए, आदेश के खिलाफ अपील करने की योजना बनाई है।

इसके अतिरिक्त, ल्वछने कहा है कि उसके पास क्षतिपूर्ति का अधिकार है, जो उसे संबंधित पक्षों से आयकर विभाग द्वारा की गई कर मांग को वसूलने की अनुमति देता है। कंपनी से इस अधिकार को लागू करने के लिए और कदम उठाने की उम्मीद है। 26 अगस्त को इरए पर ल्वछ के शेयर 2820.70 रुपये पर बंद हुए। 2020 में आवश्यक स्वीकृतियों के बाद, ल्वछ ने ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन कंज्यूमर हेल्थकेयर लिमिटेड (ऋ्रडउल) के साथ विलय पूरा कियस था। उपभोक्ता वस्तुओं की दिग्गज कंपनी ने वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के लिए 2,538 करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ में 3% की साल-दर-साल (ङ्ग) वृद्धि दर्ज की है। रिपोर्ट किए गए तिमाही के लिए एचयूएल का परिचालन से राजस्व 15,166 करोड़ रुपये रहा, जो कि जून 2023 तिमाही में दर्ज 14,931 करोड़ रुपये के मुकाबले 2 प्रतिशत अधिक है।

## आयुष मंत्रालय से जारी औषधि व प्रसाधन सामग्री से जुड़े आदेश पर रोक, सुप्रीम कोर्ट का निर्देश



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आयुष मंत्रालय की ओर से जारी एक अधिसूचना पर रोक लगा दी है। इस अधिसूचना के जरिए मंत्रालय की ओर से औषधि और प्रसाधन सामग्री नियम, 1945 के नियम 170 को हटा दिया गया था। यह नियम आयुर्वेदिक, सिद्ध और यूनानी दवाओं के भ्रामक विज्ञापनों पर रोक लगाता है।

जस्टिस हिमा कोहली और संदीप मेहता की बेंच ने कहा कि मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना उसके (सुप्रीम कोर्ट) 7 मई, 2024 के आदेश के विपरीत है। भ्रामक विज्ञापनों पर लगाम लगाते हुए, शीर्ष अदालत ने 7 मई, 2024 को निर्देश दिया था कि किसी विज्ञापन को जारी करने की अनुमति देने से पहले, केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 1994 की तर्ज पर विज्ञापनदाताओं से स्व-घोषणा ली जाए।

अदालत ने कहा, मंत्रालय की ओर से 29 अगस्त, 2023 को जारी पत्र को वापस लेने के बजाय, औषधि व प्रसाधन सामग्री नियम, 1945 के नियम 170 को हटाने के लिए 1 जुलाई को अधिसूचना जारी की गई है, जो अदालत की ओर से जारी निदेर्शों के विपरीत है।

पीठ ने कहा, "अगले आदेश तक, हटाने की तिथि वाली अधिसूचना के प्रभाव पर रोक रहेगी।" केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने कहा कि वह स्थिति स्पष्ट करते हुए एक हलफनामा दायर करेंगे। केंद्र ने पहले राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अगस्त 2023 में लिखे अपने पत्र का बचाव किया था, जिसमें अधिकारियों से औषधि व प्रसाधन सामग्री नियम के नियम 170 का उल्लंघन करने वाली किसी भी इकाई के खिलाफ कार्रवाई शुरू न करने के लिए कहा गया था।

शीर्ष अदालत ने मई में आयुष मंत्रालय की 29 अगस्त, 2023 को लिखे पत्र को लेकर केंद्र से सवाल किया था, जिसमें लाइसेंसिंग अधिकारियों को औषधि और प्रसाधन सामग्री नियम, 1945 के नियम 170 के तहत कोई कार्रवाई शुरू नहीं करने या नहीं करने के लिए कहा गया था। पीठ ने नटराज से कहा था कि मंत्रालय पिछले साल 29 अगस्त के पत्र को "तुरंत" वापस ले। शीर्ष अदालत भारतीय चिकित्सा संघ की ओर से 2022 में दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें पतंजलि और योग गुरु रामदेव पर कोविड टीकाकरण अभियान और आधुनिक चिकित्सा पद्धति के खिलाफ बदनाम करने का आरोप लगाया गया है।

## जल्द बंद होने वाला है Wynk म्यूजिक एप, एयरटेल के फैसले से यूजर्स को झटका

**नई दिल्ली** देश की बड़ी टेलीकॉम कंपनियों में से एक भारती एयरटेल एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। भारती एयरटेल के इस कदम से बड़े स्तर पर लोग प्रभावित हो सकते हैं। दरअसल, भारती एयरटेल म्यूजिक वर्टिकल से बाहर निकल जाएगी। भारती एयरटेल विंक म्यूजिक एप को बंद करने जा रही है।

**जानिए कर्मचारियों का क्या होगा?...** रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि भारती एयरटेल विंक म्यूजिक एप के सभी कर्मचारियों को कंपनी में रख लेगी।रिपोर्ट्स में आगे बताया जा रहा है कि भारती एयरटेल अगले कुछ महीनों में विंक म्यूजिक एप को बंद करने की योजना बना रही है। इसके साथ ही विंक म्यूजिक एप के सभी कर्मचारियों को कंपनी के इकोसिस्टम में लाया जाएगा। इस बात की पुष्टि भारती एयरटेल के प्रवक्ता ने की है।

**एयरटेल ने की इस बात की पुष्टि...** भारती एयरटेल के प्रवक्ता ने कहा कि हम इस बात की पुष्टि करते हैं कि विंक म्यूजिक एप और विंक म्यूजिक के कर्मचारियों को एयरटेल कंपनी के इकोसिस्टम में लाया जाएगा। एयरटेल यूजर्स को एपल म्यूजिक का एक्सेस मिलता रहेगा। इसके अलावा विंक म्यूजिक प्रीमियम यूजर्स को एक्सक्ल्यूसिव ऑफर के तहत एयरटेल फॉर एपल की सुविधा दी जाएगी।

एयरटेल एक ऐसे एग्रीमेंट में दाखिल हो रही है, जिसमें एपल म्यूजिक का एक्सेस मिलेगा। इसके अलावा इस खास ऑफर का फायदा उन यूजर्स को मिलेगा, जो आईफोन का इस्तेमाल करते हैं।

## दुग्ध उत्पादों से ए1 ए2 दावे हटाने वाली सिफारिश वापस, जीएसटीआर-1 के लिए वैध बैंक खाता जरूरी



नई दिल्ली दुग्ध उत्पादों से ए1 ए2 दावे हटाने वाली सिफारिश वापस खाद्य सुरक्षा नियामक एफएसएसएआई ने खाद्य व्यवसायों को पैकेजिंग से ए1 और ए2 प्रकार के दूध और दूध उत्पादों के दावों को हटाने का निर्देश देने वाली सलाह वापस ले ली।

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने कहा कि हितधारकों के साथ चर्चा करने के लिए इस सलाह को फिलहाल वापस लिया गया है। ऐसे में खाद्य व्यवसाय संचालक (एफबीओ) ए1 और ए2 प्रकार के दूध के दावों के साथ अपने उत्पादों को बेचना और विपणन करना जारी रख सकते हैं। ए1 व ए2 दूध में बीटा-केसीन प्रोटीन संरचना अलग-अलग होती है और यह अंतर गाय की नस्ल के आधार पर होता है।

एफएसएसएआई ने 21 अगस्त को जारी अपने परामर्श में एफबीओ से अपने उत्पादों से ए1 और ए2 के दावे हटाने को कहा था। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म को भी उत्पादों और वेबसाइटों से इन दावों को तुरंत हटाने को कहा गया था।

**जीएसटीआर-1 के लिए वैध बैंक खाता जरूरी**

वैध बैंक खाता नहीं होने पर जीएसटी करदाता एक सितंबर से बाहरी आपूर्ति रिटर्न जीएसटीआर-1 नहीं भर पाएंगे। जीएसटी नियम 10ए के मुताबिक, करदाता को पंजीकरण की तिथि से 30 दिन की अवधि में वैध बैंक खाते का विवरण देना जरूरी है। जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने कहा, अगस्त, 2024 से आगे की कर अवधि के लिए करदाता जीएसटी मंच पर अपने पंजीकरण विवरण में वैध बैंक खाते की जानकारी दिए बिना जीएसटीआर-01/आईएफएफ (जैसा भी मामला हो) दाखिल नहीं कर पाएंगे। जीएसटी परिषद ने पिछले साल जुलाई में माल एवं सेवा कर में फर्जी और धोखाधड़ी वाले पंजीकरणों से निपटने के लिए नियम 10ए में संशोधन को मंजूरी दी थी।

**परिपक्वता से पहले ही बेच सकेंगे सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मई, 2017 और मई, 2020 के बीच जारी सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) की 30 शृंखलाओं को परिपक्वता अवधि से पहले भुनाने की तारीखों की घोषणा की है। निवेशक इन्हें 11 अक्तूबर, 2024 से 7 मार्च, 2025 के बीच भुना सकते हैं।

## शेयर बाजार में सुस्ती के बाद सपाट क्लोजिंग सेंसेक्स 13 अंक चढ़ा, निफ्टी 25000 के ऊपर



**नई दिल्ली।** रिकॉर्ड स्तरों के आसपास कारोबार करते हुए घरेलू शेयर बाजार हफ्ते के दूसरे काराबारी दिन सपाट बंद हुए। मंगलवार को सेंसेक्स 13.65 (0.01%) अंकों की बढ़त के साथ 81,711.76 पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 7.16 (0.03%) की बढ़त के साथ 25,017.75 पर बंद होने में सफल रहा। रुपया मंगलवार को डॉलर के मुकाबले 5 पैसे कमजोर होकर 83.92 रुपये के स्तर पर बंद हुआ। इससे पहले प्रमुख शेयर सूचकांकों में मंगलवार को कारोबार की शुरूआत में सकारात्मक रुख रहा। हालांकि, पश्चिम एशिया और यूक्रेन में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के मद्देनजर वैश्विक इक्विटी में कमजोर रुझानों के बीच मुनाफावसूली देखी गई और बाजार अपनी बढ़त बरकरार नहीं रख सके। शुरूआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 117.63 अंक चढ़कर 81,815.74 पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 27.1 अंक बढ़कर 25,037.70 पर पहुंच था। दोनों प्रमुख सूचकांकों को बाद में मुनाफावसूली का सामना करना पड़ा और वे गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। सेंसेक्स 63.59 अंक गिरकर 81,626.12 पर आ गया, जबकि निफ्टी 25.60 अंक टूटकर 24,982.25 पर था।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज, पावर ग्रिड, बजाज फिनसर्व, लार्सन एंड टूब्रो, नेस्ले और अल्ट्राटेक सीमेंट में उल्लेखनीय बढ़त हुई। दूसरी ओर कोटक महिंद्रा बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, भारती एयरटेल और एशियन पेंट्स लाल निशान में रहे। अंतरराष्ट्रीय तेल सूचकांक ब्रेंट क्रूड 0.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81.24 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक सोमवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुद्ध रूप से 483.36 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# सरसों में रोग अनेक उपाय एक



**तोरिया और तारामीरा भारत की प्रमुख तिलहनी फसलें हैं। इसमें 25 बीमारियां लगती हैं। इन रोगों से बचाव कर सरसों का उत्पादन बढ़ाने का एकमात्र उपाय सरसों का फसल में समन्वित रोग प्रबंधन प्रणाली अपनाना ही है। सरसों के मुख्य रोग एवं उनका समन्वित प्रबंधन इस प्रकार है:-**

## सरसों

तोरिया और तारामीरा भारत की प्रमुख तिलहनी फसलें हैं। इसमें 25 बीमारियां लगती हैं। इन रोगों से बचाव कर सरसों का उत्पादन बढ़ाने का एकमात्र उपाय सरसों का फसल में समन्वित रोग प्रबंधन प्रणाली अपनाना ही है। सरसों के मुख्य रोग एवं उनका समन्वित प्रबंधन इस प्रकार है:-

## सफेद रोली

यह रोग एल्बूगो कैन्डिडा कवक द्वारा उत्पन्न होता है। जड़ को छोड़कर पौधों के सभी भागों पर रोग के लक्षण दिखाई देते हैं। रोग का प्रभाव पौधे पर दो प्रकार से होता है:

## 1. स्थानीय 2. सर्वांगी

स्थानीय संक्रमण में पत्तियों और तनों पर फफोले बनते हैं। यह फफोले कुछ उभरे हुए, चमकीले सफेद, अनियमित गोलाकार होते हैं। अधिक पास-पास होने पर यह फफोले मिलकर बड़े धब्बों का रूपधारण कर लेते हैं। फफोले बड़े होने पर बाहरी त्वचा फट जाती है तथा अंदर से कवक के बीजाणुओं का समूह पाउडर के रूप में निकलता है। तरूण तनों तथा पुष्पक्रम पर इस रोग का सर्वांगी असर होता है। उत्तकों की अतिवृद्धि होने से पुष्प अंग फूल जाते हैं। इन सभी अतिवृद्धि अंगों में फफूंद के स्पोर भरे रहते हैं। फलियों के स्थान पर गुच्छे दिखते हैं।

## आल्टरनेरिया पर्ण दाग और अंगमारी

यह रोग आल्टरनेरिया ब्रैसिकी और आल्टर ब्रैसिसिकोला कवक से होता है। सर्वप्रथम यह बीमारी बीज पत्रीय पर्णों पर छोटे-छोटे हल्के भूरे रंग के चकत्तों के रूप में दिखाई देते हैं जो कि बाद में काला रूप धारण कर लेते हैं। पत्तियों पर संक्रमण भूरे या गहरे भूरे रंग के दागों से आरंभ होता है और बढ़कर शीघ्र ही यह तनों और फलियों में फैल जाता है। आर्द्र मौसम में दाग मिलकर पत्तियों को झुलसा देते हैं। जिससे पत्तियां झड़ने लगती हैं। फलियों पर दाग आगे बीज का संक्रमण करते हैं। बीमारी वाले बीज छोटे आकार के व सिकड़े हुए स्लेटी या भद्दा रंग धारण कर लेते हैं। जिन वर्षो में पौधे या तो पहले नष्ट हो जाते है या फलियां बनने या पकने के पहले पूर्ण रूप से खत्म हो जाती है।

## छाछिया रोग (पाउडरी मिल्ड्यू):

यह रोग ऐरीसाइफी क्रुसीफेरेरम कवक द्वारा होता है। संक्रमित पौधों में प्राय: जमीन के सम्पूर्ण हिस्सों पर यह रोग देखा जा सकता है। प्रारंभ में यह रोग पौधों के तनों पत्तियों एवं फलियों पर श्वेत, गोल चूर्णित धब्बों के रूप में दिखाई पड़ता है। तापमान की वृद्धि के साथ-साथ में धब्बे आकार में बड़े हो जाते हैं और समस्त पौधों को ढ़क लेते है। ऐसे पौधों की बढ़वार बहुत कम होती है और फलियां भी कम लगती हैं। रोगग्रस्त फलियां आकार में छोटी हो जाती हैं और उनमें सिकुड़े हुए कुछ ही बीज बन पाते हैं।

## तना गलन

यह रोग स्क्लेरोटिनिया स्क्लेरोटियोरम कवक से होता है। रोग के लक्षण के आधार पर इसे श्वेत-अंगमारी, तना विगलन, शाखा विगलन, शिखर विगलन तथा कैंकर कई नामों से जाना जाता है। तने के निचले भाग में मटमैले या भूरे रंग के फफोले दिखाई देते हैं। प्राय: यह फफोले रूई जैसे सफेद जाल से ढ़के रहते हैं। पत्तों पर इसके लक्षण कम दिखाई देते हैं। इसी कारण जब तक कि पूरा का पूरा पौधा अंदर से गल न जाए, रोगग्रस्त पौधे आसानी से पहचान में नहीं आता। ये फफोले तने व पत्तों को इस तरह ढ़क लेते हैं कि पौधा मुरझाकर लटक जाता है अंत में सूख जाता है। इस रोग के प्रभाव से पौधा बोना हो जाता है और समय से पहले ही पक जाता है। रोग के बीजाणु काले उड़द के दानों की तरह तने के भीतरी भाग में पनपते हैं जिससे कि बाहर से देखने पर उसका आभास ही नहीं हो पाता। कई बार ये बीजाणु तने की ऊपरी सतह पर भी दिखाई देते हैं।

## औरोबंकी या आग्या

सरसों, तोरिया, राया फसलों पर औरोबंकी इलिप्टिका परजीवी का प्रकोप होता है। औरोबंकी से ग्रस्त पौधे सरसों के छोटे रह जाते है और कभी-कभी मर भी जाते हैं। औरोबंकी के चूषकांग (हॉस्टोरिया) सरसों की जड़ो में घुसकर पोषक तत्व प्राप्त करते हैं। सावधानी से उखाड़ कर देखें तो पता चलता है कि औरोबंकी की जड़े सरसों की जड़ों के अंदर घुसी हुई दिखती है। सरसों के पौधे के नीचे मिट्टी से निकलते हुए औरोबंकी परजीवी दिखाई पड़ते है।



### सरसों में समन्वित रोग प्रबंध

- सरसों में सफेदरोरी, झुलसा तथा डाऊनी मिल्ड्यू रोग लगता है। उन क्षेत्रों में एपरॉन 35 एसडी का बीजोपचार करें।
- जिन क्षेत्रों में तना गलन का प्रकोप होता है वहां कार्बेण्डाजिम 2 ग्राम प्रति किलो से बीजोपचार करें या थायोफिनेट मिथाईल 2 ग्राम प्रति किलो से बीजोपचार करें।
- फसल की सिंचाई आवश्यकतानुसार करें तथा खेत में जल निकास की उचित व्यवस्था करें।
- बुवाई समय पर यानि अक्टूबर माह के अंत तक पूरी कर देनी चाहिये देरी से बुवाई में अधिक रोग लगते है।
- पौधों में फूल आने पर 0.1 प्रतिशत पर से कार्बेन्डाजिम अथवा थायोफिनेट मिथाइल को 20 दिन के अंतराल में दो बार (बुवाई के 50 एवं 70 दिन बाद) पत्तियों पर छिड़काव करने से सरसों में तना गलन को नियंत्रित किया जा सकता है।
- सरसों में सफेदरोरी, झुलसा एवं डाऊनी मिल्ड्यू का प्रकोप जहां होता है वहां इन रोगों के लक्षण दिखाई देते ही रिडोमिल एम जेड या मेन्कोजेब 0.2 प्रतिशत घोल का छिड़काव करें आवश्यकतानुसार पुन: 15 दिन बाद दोहरावें।
- जिन क्षेत्रों में छाछिया रोग का प्रकोप होता है वहां रोग नियंत्रण के लिए केराथेन 0.1 प्रतिशत या घुलनशील गंधक 0.2 प्रतिशत घोल का छिड़काव करें या गंधक चूर्ण 25 किलो प्रति हेक्टेयर का भुरकाव करें।
- जहां औरोबंकी का प्रकोप अधिक होता है वहां औरोबंकी परजीवी को हाथ से उखाड़कर या सावधानी से कसी से निराई-गुड़ाई द्वारा जमीन के ऊपर के तने को काटकर बीज बनने से पहले ही नष्ट कर देना चाहिये।
- औरोबंकी के पौधों पर दो बूंद सोयाबीन के तेल का डाल देने से भी पौधा मर जाता है। यदि रसायनों का प्रयोग करना है तो सावधानी से औरोबंकी पर ग्लाइफोसेट 0.4 प्रतिशत घोल का छिड़काव करें ध्यान रहे सरसों पर न गिरे।
- जहां सफेदरोरी का प्रकोप अधिक होता है वहां बेसिका अल्बा, ब्रेसीका केरीनेटा, ब्रेसीका नेपस का जातियां सफेदरोरी व अन्य रोगों से रोधी है उपयोग में लावें।
- तना गलन का प्रकोप होता है वहां धान व मक्का का फसल चक्र अपनावें, औरोबंकी ग्रसित क्षेत्रों में अरंडी का फसल चक्र अपनावें। उड़द एवं सरसों की क्रमवार बुवाई से भी तना गलन कम होता है।
- नए क्षेत्रों में औरोबंकी या अन्य रोगी खेत से बीज का प्रवेश नहीं होने देना चाहिये तथा परजीवी के बीज रहित सरसों के शुद्ध बीज का उपयोग करना चाहिये।

# सावधानी से करें यूरिया का उपयोग



## यूरिया का वर्गीकरण

यूरिया बहुउपयोगी उत्पाद है जिसको निम्न लिखित तीन वर्गों में विभाजित किया गया है.

## कृषि ग्रेड यूरिया

कृषि फसलों एवं उद्यानिकी फलों, मसाला, सब्जियों आदि हेतु.

## पशु आहार ग्रेड यूरिया

विभिन्न श्रेणी के पशुओं के दूध बढ़ाने फैट की मात्रा बढ़ाने तथा प्रोटीन के प्रमुख स्रोत हैं.

## टेक्निकल ग्रेड यूरिया

औद्योगिक उत्पाद के लिए पेड़-पौधों को यूरिया की उपलब्धता तथा प्रतिकूल परिस्थितियों में नत्रजन की क्षति - यूरिया का उपयोग मुख्य रूप से दो प्रकार से फसलों की आयु, वृद्धि की स्थिति, खेत की मिट्टी, जल स्तर, मिट्टी की अम्लता एवं क्षारीयता आदि स्थितियों के आधार पर किया जाता है। ठोस गोलियों के रूप में यूरिया को खेत की तैयारी के समय अन्य कार्बनिक खाद, स्फुर, पोटाश, सूक्ष्म तत्वों के साथ डाला जाता है। परंतु यह ध्यान रखें कि यूरिया कम से कम 3 इंच गहराई तक डाला जावे जिससे वह जमीन के अंदर अन्य जैविक स्रोतों, उपस्थित एंजाइम आदि के संयोजन से पौधों को उपलब्ध हो सके। समुचित नमी के अभाव में अथवा आक्सीजन की कमी आदि के कारण यूरिया के नत्रजन की गैस रूप में क्षति होती है। यदि भूमि अम्लीय एवं क्षारीय हो तो यूरिया न डाला जाए क्योंकि यूरिया उर्वरक की विशेषता है कि वह न तो अम्लीयता और न क्षारीयता के रासायनिक क्रिया में न्यूट्रल रहता है। यूरिया की खास विशेषता है कि वह पौधों को नाइट्रेट के रूप में नत्रजन देती है परंतु रासायनिक क्रियाओं में न्यूट्रल रहती है। जल में शीघ्रता से घुल जाती है तथा मिट्टी इसे अपने में सोख लेती है। खड़ी फसल में यूरिया कई बार पौधों की वृद्धि के अनुसार छिड़क कर दिया जाता है परंतु ऊपरी सतह पर सिंचाई करना जरूरी है।

## यूरिया घोल के रूप में छिड़कना

यूरिया को ठोस उर्वरक के रूप में उपयोग करने के साथ विपरीत परिस्थितियों में घोल के रूप में देना विशेष लाभप्रद है। क्योंकि उर्वरक की मात्रा कम लगती तथा उसका प्रभाव पत्तियों पर शीघ्र पड़ता है। घोल के रूप में यूरिया छिड़कते समय वायुमंडलीय आर्द्रता, पौधों की आयु, वानस्पतिक वृद्धि, पत्तियों का अच्छा विकास, पत्तियों में संचयित शकर की मात्रा के आधार पर घोल की सांद्रता निर्धारित करें। यूरिया को घोल के रूप में देते समय कीटनाशक दवाओं, फफूंदनाशक दवाओं, खरपतवारनाशक दवाओं के साथ मिलाकर छिड़कने से विशेष लाभ होता है परंतु ऐसे मिश्रण बनाते समय रसायनों का फैलाना आदि किसी कृषि जानकर वैज्ञानिक की सलाह से करना उचित होगा।

## यूरिया घोल का छिड़काव किस प्रकार के स्प्रेयर से करें तथा घोल की सांद्रता कितनी रखी जावे

सामान्यत: ग्रामीण क्षेत्रों में नेपसेक स्प्रेयर (हॉइवाल्यूम) आसानी से उपलब्ध होते हैं। उसमें फाइन नोजल रखा जावे तथा 6% घोल 600-800 लीटर पानी में घोलकर छिड़कें। मुलायम, नवीन पत्तियों वाले पौधों पर पतला घोल तथा वयस्क एवं हाई पौधों की सांद्रता वैज्ञानिकों के द्वारा की गयी अनुशंसा के आधार पर करें।

निम्न परिस्थितियों में यूरिया घोल को छिड़काव करना चाहिए -

- जब खेत में आधार या टाप ड्रेसिंग तरीके से उर्वरक देना संभव न हो।
- खेत की तैयारी हेतु समय कम हो।
- क्षारीय एवं अम्लीय मिट्टियां तथा मरुभूमि में।
- फसल प्रतिस्पर्धा तथा भूमि स्थिति ठीक न हो।
- जब पौधे की गुणवत्ता तथा मरम्मत आदि निर्धारित हो।
- जब उर्वरक महंगा एवं अनुपलब्ध हो।
- असिंचित एवं बारानी भूमि।
- जब फसल कमजोर एवं क्षतिग्रस्त हो।

## यूरिया का विकार बाइयुरेट

जब यूरिया की प्रिल (गोलियां अधिक (उच्च) तापमान एवं दाब पर बनाई जाती हैं तो समय अधिक लगने से यूरिया में एक अशुद्धि हो जाती है उसे 'बाइयुरेट' कहते हैं। जिन यूरिया में 1-2 प्रतिशत तक बाइयुरेट हो तो उसे आधार खाद या टाप ड्रेसिंग के लिए दिया जाये परंतु घोल के रूप में 0.300-0.4% के बाइयुरेट वाली यूरिया पशु आहार के रूप में उपयोग की जाती है। वह पशु आहार के लिए उपयुक्त है।

यूरिया घोल छिड़कते समय निम्न बातों पर ध्यान दें-

- यूरिया घोल की सांद्रता पौधों की आयु, वृद्धि के आधार पर निर्धारित करें।
- पत्तियों का अच्छा फोलरिज हो।
- हवा एवं वर्षा की स्थिति में छिड़काव न करें.
- दिन के गर्म अवधि में छिड़काव न करें.
- स्प्रेयर का नोजल महीन बूंदें दें।
- यूरिया घोल में कीटनाशक, फफूंदनाशक, खरपतवारनाशक दवाओं का उचित मिश्रण बनाकर ही छिड़काव करें।

**अरहर फसल को कीटों के प्रति अधिक सावधानियां रखनी होती है क्योंकि इस फसल में भी अन्य फसलों की तरह अंकुरण से लेकर पकने तक की अवस्था में विभिन्न प्रकार के कीटों का आक्रमण होता है परंतु फूल एवं फली वाली अवस्था में प्रकोप होने पर उत्पादन में कमी आ जाती है। इन अवस्थाओं में आर्थिक रूप से हानि पहुंचाने वाले प्रमुख कीटों को मुख्य रूप से दो भागों में विभाजित किया जा सकता है-**

# अरहर में एकीकृत कीटनाशी प्रबंधन



## भेदक कीट

हरी रोंयेदार इल्ली या पिच्छकी शलभ (प्लूम मॉथ), चने की इली (हेलिकोवर्पा आर्मीजेरा), फली मक्खी (पॉड फ्लाई), चित्तीदार फली भेदक (स्पाटेड पॉड बोरर) आदि।

## रसचूसक कीट

भूरा फली बग (क्लेवीग्रेला गिब्बोसा) आदि।

समन्वित कीट प्रबंधन की विभिन्न विधियों का विवरण इस प्रकार है-

- फसल अवशेषों को नष्ट तथा ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई करना चाहिये।
- अरहर की जल्दी पकने वाली जातियों का चुनाव करें जैसे- प्रगति, जाग्रति, उपास 120, प्रभात आदि।
- जिन क्षेत्रों में चित्तीदार फली भेदक का प्रकोप अधिक होता है वहां पर मध्यम अवधि की किस्मों की खेती करें जैसे आशा, नं. 148 आदि। इन जातियों में कीट प्रकोप कम होता है।
- प्रारंभिक अवस्था में हरी रोयेंदार इल्ली (पिच्छकी शलभ) की हरे या भूरे रंग की इल्लियों तथा शंखियों को इकट्ठा कर नष्ट कर दें।
- चने का फली भेदक प्रकोपित क्षेत्रों में फेरोमेन प्रपंच का उपयोग करें तथा हर दिन सुबह इनमें इकट्ठी पंखियों को नष्ट कर दें। एक हेक्टेयर में 5 फेरोमेन प्रपंच लगाना चाहिए। इन प्रपंचों में प्रयुक्त सेप्टा को 15 दिन बाद बदल दें।
- प्रकाश प्रपंच का उपयोग करें तथा सुबह इनमें इकट्ठा प्रौढों को नष्ट कर दें।
- खेत के अन्दर 4 से 5 मीटर की दूरी पर टी आकार की बांस की खूंटियों को, जिसकी लगभग ऊंचाई फसल से 30 से.मी. अधिक हो, लगा दें।
- अरहर की फसल में हानिकारक कीटों के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के परभक्षी मित्र जीव (मकड़ी, बड़ा पतंगा, मेन्टिड, काक्सीनेला, रिजूविड बग, क्रायसोपा आदि) परजीवी मित्र कीट (एपेन्टेलिस, ब्रेकान, ग्रायन, डायडिगमा, केम्पोलेटिस आदि) तथा रोगाणु पाये जाते हैं। अत: कीटनाशकों का प्रयोग बहुत सोच समझकर करें ताकि मित्र जीवों का संरक्षण एवं संवर्धन फसल के अंदर होता रहे।
- हानिकारक कीटों के सर्वेक्षण के अंतर्गत फसल पर फूलने एवं फली भरने की अवस्था पर हानिकारक कीट एवं उनके प्राकृतिक शत्रु (मित्र कीट) की संख्या के आकलन हेतु सामान्य नजरिया आकलन सप्ताह में दो बार करना चाहिये।
- अरहर में फूल आने की अवस्था में जब कीड़े आर्थिक हानि स्तर पर पहुंचने लगे या हानिकारक कीटों एवं लाभदायक जीवों का अनुपात 1: 05 होने पर सतर्क हो जायें तथा कम अनुपात होने पर कीटनाशकों का उपयोग करें। पहला छिड़काव 10 दिनों के अंतराल पर एन. पी. वी.(न्यूक्लियर पालीहाइड्रोसिस वायरस) का 250-500 एल.ई. या नीम तेल का 2.5 लीटर प्रति हेक्टेयर छिड़काव करें। यह नव विकसित इल्लियों के नियंत्रण के लिये काफी कारगर होता है।
- कीटों के अधिक प्रकोप होने की स्थिति में रसायनिक नियंत्रण के लिए प्रथम छिड़काव मेलाथियान 50 ई.सी. 35 ई.सी. एक लीटर प्रति हेक्टेयर के हिसाब से एवं उसके 15 दिन बाद दूसरा छिड़काव इसके बाद भी आवश्यकता पड़ने पर फिर से 15 दिन बाद तीसरा छिड़काव क्लोरोपायरीफॉस 20 ई.सी. एक लीटर प्रति हेक्टेयर के हिसाब से करें। हमेशा अदल-बदल कर कीटनाशकों का उपयोग करें।



उक्त समन्वित विधियों को अपनाकर किसान भाई अरहर के हानिकारक कीटों का प्रभावशाली ढंग से प्रबंधन कर अपनी आर्थिक स्थिति सुधार सकते हैं। साथ ही कीटनाशकों से होने वाली प्रदूषण की समस्याओं को भी कम कर सकते हैं।

## आईसीसी ने जारी किया संशोधित महिला टी20 विश्व कप कार्यक्रम

# दुबई में खेला जाएगा भारत-पाकिस्तान मुकाबला और फाइनल

**दुबई, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार रात आगामी महिला टी-20 विश्व कप के लिए संशोधित कार्यक्रम घोषित कर दिए हैं। दुबई 6 अक्टूबर को भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबले और 20 अक्टूबर को 18 दिवसीय टूनार्मेंट के फाइनल की मेजबानी भी करेगा।

बांग्लादेश के लिए चल रहे राजनीतिक संकट के कारण टूनार्मेंट की मेजबानी करना असंभव हो गया था, जिसके बाद टूनार्मेंट को यूएई में स्थानांतरित कर दिया गया था।

अन्य मेजबान शहर शारजाह 13 अक्टूबर को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच महत्वपूर्ण मुकाबले की मेजबानी करेगा, यह एकमात्र लीग मैच है जिसे हरमनप्रीत कौर की टीम दुबई से बाहर खेलेगी। शारजाह 18 अक्टूबर को दूसरे सेमीफाइनल की मेजबानी भी करेगा। अगर भारत क्वालीफाई करता है, तो वे 17 अक्टूबर को दुबई में पहला सेमीफाइनल खेलेंगे।




समूह पहले की तरह ही बने हुए हैं, जिसमें छह बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका ग्रुप ए में हैं। दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और स्कॉटलैंड को ग्रुप बी में रखा गया है।

प्रत्येक टीम चार ग्रुप मैच खेलेगी और प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। आईसीसी ने कहा कि सेमीफाइनल और फाइनल दोनों के लिए एक रिजर्व दिन तय किया गया है। टूनार्मेंट से पहले 28 सितंबर से 1 अक्टूबर तक 10 अभ्यास मैच आयोजित किए जाएंगे।

### संशोधित कार्यक्रम

3 अक्टूबर गुरुवार बांग्लादेश बनाम स्कॉटलैंड शारजाह
3 अक्टूबर गुरुवार पाकिस्तान बनाम श्रीलंका शारजाह
4 अक्टूबर शुक्रवार दक्षिण अफ्रीका बनाम वेस्टइंडीज दुबई
4 अक्टूबर शुक्रवार भारत बनाम न्यूजीलैंड दुबई
5 अक्टूबर शनिवार बांग्लादेश बनाम इंग्लैंड शारजाह
5 अक्टूबर शनिवार ऑस्ट्रेलिया बनाम श्रीलंका शारजाह
6 अक्टूबर रविवार भारत बनाम पाकिस्तान दुबई
6 अक्टूबर रविवार वेस्टइंडीज बनाम स्कॉटलैंड दुबई
7 अक्टूबर सोमवार इंग्लैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका शारजाह
8 अक्टूबर मंगलवार ऑस्ट्रेलिया बनाम न्यूजीलैंड शारजाह
9 अक्टूबर बुधवार दक्षिण अफ्रीका बनाम स्कॉटलैंड दुबई
9 अक्टूबर बुधवार भारत बनाम श्रीलंका दुबई
10 अक्टूबर गुरुवार बांग्लादेश बनाम वेस्टइंडीज शारजाह
11 अक्टूबर शुक्रवार ऑस्ट्रेलिया बनाम पाकिस्तान दुबई
12 अक्टूबर शनिवार न्यूजीलैंड बनाम श्रीलंका शारजाह
12 अक्टूबर शनिवार बांग्लादेश बनाम दक्षिण अफ्रीका दुबई
13 अक्टूबर रविवार इंग्लैंड बनाम स्कॉटलैंड शारजाह
13 अक्टूबर रविवार भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया शारजाह
14 अक्टूबर सोमवार पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड दुबई
15 अक्टूबर मंगलवार इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज दुबई
17 अक्टूबर गुरुवार सेमीफाइनल 1 दुबई
18 अक्टूबर शुक्रवार सेमीफाइनल 2 शारजाह
20 अक्टूबर रविवार फाइनल दुबई

### महिला टी-20 विश्वकप में श्रेयंका और भाटिया की भारतीय टीम में वापसी

नयी दिल्ली। चोट के कारण बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में स्वास्थ्य लाभ ले रही यास्तिका भाटिया और श्रेयंका पाटिल की संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अक्टूबर में होने वाले महिला टी-20 विश्वकप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम में वापसी हुई है। दोनों खिलाड़ियों का हालांकि विश्वकप खेलना उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा। भाटिया अप्रैल महीने में बंगलादेश के खिलाफ टी-20 खेलने के बाद से ही टीम से बाहर हैं। वह फिलहाल एनसीए में रिकवर कर रही हैं। भाटिया के घुटने में चोट है। पाटिल एशिया कप में पाकिस्तान के साथ हुये मैच में बाएं हाथ की उंगली में चोट लगने से टीम से बाहर हो गयी थी। पंद्रह सदस्यीय भारतीय टीम के अलावा उमा छेत्री, तनुजा कंवर और सायमा ठाकोर रिजर्व खिलाडी के तौर पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जाएंगी। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करने वाली राघवी बिष्ट और प्रिया मिश्रा को नॉन ट्रैवलिंग रिजर्व में शामिल किया गया है। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली विश्वकप के लिए चयनित 15 खिलाड़ियों में से 14 खिलाड़ी एशिया कप का हिस्सा रह चुकी हैं।

## पीबीजी बेंगलुरु स्मैशर्स ने पुणेरी पल्टन को दी शिकस्त

**चेन्नई, एजेंसी।** भारत की स्टार पैडलर मनिका बत्रा ने इंडियनऑयल अल्टीमेट टेबल टेनिस 2024 में अपनी टीम पीबीजी बेंगलुरु स्मैशर्स को पुणेरी पल्टन टेबल टेनिस के खिलाफ 10-5 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में मनिका ने अयहिका मुखर्जी के साथ अपने चर्चित मुकाबले का पहला गेम गंवा दिया, और पिछली बार लीग की सर्वोच्च रैंक वाली खिलाड़ी बर्नडेट स्जोक्स जिस तरह के जाल में फंसी थी, उसी तरह फँसती दिखीं। हालांकि, एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता ने अपने अनुभव का फायदा उठाते हुए लगातार दो गेम में पलटवार करते हुए मैच 2-1 से जीत लिया। पुनेरी पल्टन टेबल टेनिस ने शुरूआती सर्विस गिरने से पहले ही यूटीटी इतिहास रच दिया। पुणे की टीम अपने सभी छह खिलाड़ियों को शुरूआती लाइन-अप में शामिल करने वाली पहली टीम बन गई। शुरूआती लाइन अप में पाँच मैच शामिल थे। इस मुकाबले की शुरूआत पुनेरी पल्टन टेबल टेनिस के 17 वर्षीय अंकुर भट्टाचार्जी ने पीबीजी बेंगलुरु स्मैशर्स के जीत चंद्रा के साथ भिड़ंत से की। अंकुर और जीत ने अपने पिछले मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की थी। अंकुर ने जहां लिलियन बार्डेट को हराया था वहीं जीत ने शरत कमल को हराया था। लेकिन इस बार जीत अंकुर की हुई, जिसने अल्टरनेट गेम जीतकर मैच 2-1 से अपने नाम किया। मनिका ने कप्तान अल्वारो रॉबल्स के साथ मिलकर मिश्रित युगल दौर के लिए टेबल पर वापसी की। पीबीजी बेंगलुरु स्मैशर्स को टाई जीतने के लिए सिर्फ. एक अंक की जरूरत थी, तब यूएसए पैडलर लिली झांग ने पुणेरी पल्टन टेबल टेनिस की छठी खिलाड़ी याशिनी शिवशंकर को हराकर अपनी टीम को जीत दिलाई।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज के लिए बेयरस्टो, मोईन इंग्लैंड की टीम से बाहर

**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी सीरीज के लिए जॉनी बेयरस्टो, मोइन अली और क्रिस जॉर्डन को अपनी व्हाइट-बॉल टीम से बाहर कर दिया है। ये तीनों हाल ही में टी20 विश्व कप में सेटअप का हिस्सा थे, जहां इंग्लैंड सेमीफाइनल में भारत से हार गया था। इनके बाहर होने से टी20क टीम में पांच अनकैप्ड खिलाड़ियों जॉर्डन कॉक्स, जैकब बेथेल, डैन मूसली, जोश हल और जॉन टर्नर को जगह मिली है, इन सभी ने घरेलू सर्किट में विभिन्न स्तरों पर प्रभावित किया है।

इंग्लैंड के नियमित व्हाइट-बॉल कप्तान जोस बटलर और प्रीमियर पेसर जोफ्रा आर्चर भी एक्शन में वापस आएंगे। बटलर कॉल्फ की चोट से पूरी तरह से उबर चुके हैं, जिसके कारण वे द हंड्रेड के पूरे सत्र से बाहर रहे, जबकि आर्चर,



जिनके कार्यभार पर सदर्न ब्रेव के लिए नजर रखी गई थी, मार्च 2023 के बाद से अपना पहला वनडे खेलने के लिए तैयार हैं।

कॉक्स का चयन सबसे ज्यादा पूवार्नुमानित था, क्योंकि विकेटकीपर बल्लेबाज की गतिशीलता शीर्ष क्रम में है। वह इंग्लैंड के घरेलू व्हाइट-बॉल टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं, चाहे वह टी20 ब्लास्ट हो या द हंड्रेड। जोश हल का बाएं हाथ का कोण और हिट-द-डेक क्षमता उन्हें एक एक्स-फैक्टर बनाती है जबकि जॉन टर्नर ने द हंड्रेड के दौरान अपनी गति और जोश से सभी को प्रभावित किया।

जैकब बेथेल और डैन मूसली दोनों ही कुशल ऑलराउंडर रहे हैं, जिनमें बल्लेबाजी उनकी सबसे मजबूत विशेषता रही है, और इन दोनों का चयन इंग्लैंड द्वारा शॉर्ट फॉर्मेट में उपयोगी क्रिकेटरों को दी जाने वाली प्राथमिकता को दशार्ता है।

हैरी ब्रूक, मैथ्यू पॉट्स, गस एटकिंसन और जेमी स्मिथ, जो सभी श्रीलंका के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज का हिस्सा हैं, केवल वनडे मैचों में खेलेंगे, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20आई चरण टेस्ट सीरीज के निर्धारित समापन के एक दिन बाद शुरू होगा।

मार्क वुड, जिन्हें श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान जांघ में चोट लगी थी, और बेन स्टोक्स, जो हैमस्ट्रिंग टियर के कारण गर्मियों से बाहर हो गए थे, चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। जो रूट को वनडे टीम से आराम दिया गया है।

दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी टीमें पहले तीन मैचों की टी20 सीरीज में भिड़ेंगी, जिसकी शुरूआत 11 सितंबर से होगी, जिसके बाद पांच वनडे मैच खेले जाएंगे जो चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारी के लिए अहम होंगे। इंग्लैंड और मैथ्यू मॉट के अलग होने के बाद मार्कस ट्रेस्कोथिक इस सीरीज के लिए टीम के अंतरिम कोच होंगे।


## कोको गॉफ आसान जीत के साथ अमेरिकी ओपन के दूसरे दौर में

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** मौजूदा चैंपियन कोको गॉफ ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूनार्मेंट में खिताब का बचाव करने के अपने अभियान की शानदार शुरूआत की।

गॉफ ने सोमवार को यहां पहले दौर के मैच में वरवरा ग्रेचेवा को 6-2, 6-0 से पराजित किया। गॉफ हाल में खराब फॉर्म से जूझ रही थी लेकिन यहां उन्होंने शुरू से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा।

उन्होंने मैच के बाद कहा, पिछले कुछ सप्ताह मुश्किल भरे थे। मैं अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध थी लेकिन मुझे अपने अलावा किसी के सामने कुछ साबित नहीं करना है।

अमेरिका के एक अन्य खिलाड़ी और पिछले साल सेमीफाइनल में पहुंचने वाले 13वीं



वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन ने 2020 के चैंपियन डोमिनिक थिएम को 6-4, 6-2, 6-2 से हराया। थिएम का यह अमेरिकी ओपन में आखिरी मैच था क्योंकि वह पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि इस सत्र के बाद वह संन्यास ले लेंगे।

अमेरिकी ओपन में 2017 की चैंपियन स्लोएन स्टीफंस ने क्लारा ब्यूरेल के खिलाफ शुरूआती नौ गेम जीते लेकिन इसके बाद उनकी लय गड़बड़ा गई और उन्हें 0-6, 7-5, 7-5 से हार का सामना करना पड़ा।

महिला वर्ग में जिन अन्य वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने अगले दौर में जगह बनाई उनमें इस महीने की शुरूआत में पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली सातवीं वरीयता प्राप्त झेंग क्विनवेन, ओलंपिक की रजत पदक विजेता और यहां 24वीं वरीयता प्राप्त डोना वेकिच, 12वीं वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना और 14वीं वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज शामिल है।

नौवीं वरीयता प्राप्त मारिया सककारी दाहिने कंधे में चोट के कारण एक सेट के बाद मैच से हट गई।

पुरुष वर्ग में जिस वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा वह 15वें वरीय होल्गर रूण थे, जिन्हें अमेरिका के ब्रैंडन नकाशिमा ने 6-2, 6-1, 6-4 से हराया।

पुरुष वर्ग में आगे बढ़ने वाले खिलाड़ियों में चौथी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव, छठी वरीयता प्राप्त एंड्री रुबलेव, आठवें वरीय कैस्पर रूड, नौवें वरीय और 2022 के उपविजेता ग्रिगोर दिमित्रोव तथा 12वीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज शामिल है।

## जीव, रंधावा 30 अगस्त से भारत की पहली लीजेंड्स टूर प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारत के दिग्गज गोल्फर जीव मिल्खा सिंह और ज्योति रंधावा सहित 64 खिलाड़ी 30 अगस्त से ग्रेटर नोएडा के जेपी ग्रीन्स गोल्फ कोर्स पर पहली एचएसबीसी इंडिया लीजेंड्स चैंपियनशिप में खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे।

यह देश में लीजेंड्स टूर की पहली प्रतियोगिता होगी। इसकी इनामी राशि पांच लाख डॉलर है और इसमें 2005 के अमेरिकी ओपन चैंपियन न्यूजीलैड के माइकल कैंपबेल भी शिरकत करेंगे।

इंडिया लीजेंड्स चैंपियनशिप के विजेता को 74,250 डॉलर जबकि उप विजेता को 49,000 डॉलर मिलेंगे। तीसरे स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी की झोली में 32,700 डॉलर आएंगे।

यह प्रतियोगिता 54 होल की होगी और इससे पहले 28 और 29 अगस्त को प्रो-ऐम प्रतियोगिता खेली जाएगी।

लीजेंड्स टूर पेशेवर गोल्फ टूर है जिसमें 50 और इससे अधिक वर्ष के पुरुष गोल्फर हिस्सा लेते हैं। इसका संचालन पीजीए यूरोपीय टूर करता है। इसकी शुरूआत 1992 में यूरोपीय सीनियर टूर के रूप में हुई और 2020 में इस लीजेंड्स टूर नाम दिया गया।

भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) से संयुक्त मान्यता प्राप्त इस टूनार्मेंट की मेजबानी जीव कर रहे हैं। इस प्रतियोगिता में 17 देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

रंधावा ने तुर्की में लीजेंड्स टूर के क्वालीफाइंग स्कूल फाइनल्स को जीतकर इस प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया है।

# पैरालंपिक खेल: भारत को अपने सबसे बड़े दल से रिकॉर्ड पदकों की उम्मीद

**पेरिस, एजेंसी।** भारत ने बुधवार से यहां शुरू होने वाले पैरालंपिक खेलों के लिए 84 खिलाड़ियों का मजबूत दल भेजा है जिनसे उसे रिकॉर्ड पदक जीतने की उम्मीद है। भारत ने 2021 में तोक्यो पैरालंपिक में पांच स्वर्ण सहित रिकॉर्ड 19 पदक जीते थे और वह समग्र रैंकिंग में 24वें स्थान पर रहा था। इसके तीन साल बाद भारत का लक्ष्य स्वर्ण पदकों की संख्या दोहरे अंक में पहुंचाने और कुल 25 से अधिक पदक जीतना है।

भारत ने यह लक्ष्य इसलिए तय किया है क्योंकि इस बार उसका सबसे बड़ा दल इन खेलों में भाग लेगा। इसके अलावा भारतीय खिलाड़ियों ने हाल में अच्छा प्रदर्शन कर-के उम्मीद बढ़ा दी है।

भारत ने पिछले साल हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में 29 स्वर्ण सहित रिकॉर्ड 111 पदक जीते थे। इसके बाद मई में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत ने आधा दर्जन स्वर्ण सहित 17 पदक जीते।

एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले कई खिलाड़ी पैरालंपिक टीम में शामिल हैं। इनमें विश्व रिकॉर्डधारी भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल (एफ64) और राइफल निशानेबाज अवनि लेखरा (10



मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1) जैसे शीर्ष सितारे शामिल हैं। ये दोनों तोक्यो में जीते गए अपने स्वर्ण पदक का बचाव करने के लिए उतरेंगे।

भारत के लिए पैरा-एथलेटिक्स टीम ने अतीत में अच्छा प्रदर्शन किया है और इस बार भी एथलेटिक्स में भाग ले रहे 38 खिलाड़ियों से देश को काफी उम्मीद है।

पदक के अन्य प्रमुख दावेदारों में पैरा तीरंदाज शीतल देवी शामिल हैं, जो अपने पैरों से निशाना लगाती है। उनके अलावा होकाटो सेमा (शॉट पुट) और नारायण कोंगनापल्ले (रोवर) और कई अन्य खिलाड़ी पदक के दावेदार हैं।

भारत इस बार 12 खेलों में भाग ले रहा है, जबकि तोक्यो में 54 सदस्यीय टीम ने नौ खेलों में भाग लिया था।

निशानेबाज मनीष नरवाल और बैडमिंटन खिलाड़ी कृष्णा नागर भी उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जो पिछले पैरालंपिक में जीते गए अपने स्वर्ण पदक का बचाव करने के लिए उतरेंगे।

सत्रह साल की उम्र में एक दुर्घटना में अपना बायां पांव गंवाने वाले सुमित ने मई में पैरा विश्व चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता था और वह पेरिस में उसी स्थान पर 75 मीटर का आंकड़ा पार करने की उम्मीद कर रहे हैं जहां नीरज चोपड़ा ने इस महीने के शुरू में ओलंपिक रजत पदक जीता था।

लेखरा ने एक स्वर्ण और एक कांस्य के साथ तोक्यो में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और दो पदक जीते थे। उनके अलावा सिंहराज अधाना (रजत और कांस्य) ने भी दो पदक हासिल किए थे लेकिन वह मौजूदा टीम में जगह नहीं बना सके।

लेखरा पैरालंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला थीं। वह अब पैरालंपिक में तीन पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल होना चाहेगी। भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के अध्यक्ष भाला फेंक खिलाड़ी देवेंद्र झाझरिया दो स्वर्ण (2004 एथेंस और 2016 रियो) और एक रजत (2021 तोक्यो) के साथ पैरालंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले भारतीय खिलाड़ी हैं।

जोगिंदर सिंह बेदी ने 1984 पैरालिंपिक में तीन पदक (गोला फेंक में रजत, भाला और डिस्कस थ्रो में एक-एक कांस्य) जीते थे।

दीप्ति जीवनजी (महिलाओं की 400 मीटर टी20), रियो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता मरियप्पन थंगावेलु (पुरुषों की ऊंची कूद झ टी63) और योगेश कथुनिया (पुरुष डिस्कस थ्रो झ एफ56) पदक जीतने के दावेदारों में शामिल हैं।

तोक्यो खेलों के स्वर्ण पदक विजेता प्रमोद भगत डोपिंग नियमों का उल्लंघन करने के कारण इस बार पैरालंपिक में भाग नहीं ले पाएंगे।

तोक्यो में रजत पदक जीतने वाले सुहास यतिराज (पुरुष एकल और मिश्रित युगल) फिर से पदक के दावेदार होंगे।

पैरा तीरंदाजी में शीतल और हरविंदर सिंह पदक के दावेदारों में से होंगे। हरविंदर ने तोक्यो में पुरुषों की व्यक्तिगत रिकर्व ओपन में कांस्य पदक जीता था।

तोक्यो में टेबल टेनिस में रजत पदक जीतने वाली भाविनाबेन पटेल का लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना होगा। व्हीलचेयर पर बैठकर खेलने वाली यह खिलाड़ी महिला एकल एस4 और महिला युगल डी10 स्पधाओं में भाग लेगी।

एशियाई पैरा खेलों में एफ34 स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले सुमित अंतिल और शॉट पुटर भाग्यश्री जाधव पैरालंपिक खेलों के इतिहास में पहली बार किसी स्टेडियम के बाहर आयोजित होने वाले उद्घाटन समारोह में भारत के ध्वजवाहक होंगे।

## एक नजर

### जूनियर और महिला क्रिकेट में भी अब मिलेगी पुरस्कार राशि : बीसीसीआई

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने घरेलू टूनार्मेंट विजय हजारे ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में महिला और जूनियर क्रिकेट मैंच में प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि देने की घोषणा की है। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर यह घोषणा करते हुए कहा, हम घरेलू क्रिकेट टूनार्मेंट के माध्यम से महिला और जूनियर क्रिकेट में भी पुरस्कार राशि देने का मन बना लिया हैं। इसके अलावा विजय हजारे ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी अब प्लेयर ऑफ द मैच खिलाड़ी को पुरस्कार राशि दी जाएगी। हम सोच है कि घरेलू क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी पहचान मिले। उल्लेखनीय है कि इससे पहले पिछले वर्ष बीसीसीआई ने सभी घरेलू टूनार्मेंट की पुरस्कार राशि भी बढ़ाने की घोषणा की थी। जैसे की रणजी ट्रॉफी विजेता टीम को पांच करोड़, दलीप ट्रॉफी विजेता को एक करोड़, ईरानी कप विजेता को 50 लाख, सीनियर महिला वनडे कप विजेता टीम को 50 लाख रुपये दिए जाते थे। वहीं उपविजेता और सेमीफाइनल में पहुंची टीमों को भी पुरस्कार राशि दी जाती थी।

### ग्रैंड शतरंज टूर: गुकेश ने कारुआना से ड्रॉ खेला, फि रोजा ने बढ़त मजबूत की

**सेंट लुई (अमेरिका), एजेंसी।** भारत के ग्रैंडमास्टर और विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश ने ग्रैंड शतरंज टूर की प्रतियोगिता सिंकफील्ड कप में एक बार फिर अपनी बाजी ड्रॉ खेली तथा अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फैबियानो कारूआना के साथ अंक बांटे जबकि फ्रांस के खिलाड़ी अलीरेजा फि रोजा ने सातवें दौर में पूरे अंक लेकर अपनी बढ़त मजबूत कर ली। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय खिलाड़ी आर प्रज्ञाननंदा ने लगातार सातवीं बाजी ड्रॉ खेली। उन्होंने रूस के इयान नेपोम्नियाचची के साथ अंक बांटे।

अब जबकि दो राउंड का खेल बाकी है तब फिरोजा पांच अंक लेकर शीर्ष पर बने हुए हैं। उन्होंने सातवें दौर में चीन के विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराया। कारूआना उनसे एक अंक पीछे हैं। पांच खिलाड़ी अमेरिका के वेस्ली सो, उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव, फ्रांस के मैक्सिम वाचिएर लाग्रेव, गुकेश और प्रज्ञाननंदा 3.5 अंकों के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। लिरेन और नेपोम्नियाचची इनसे आधा अंक पीछे हैं जबकि नीदरलैंड के अनीश गिरी 2.5 अंकों के साथ तालिका में सबसे नीचे हैं।

### पीसीबी अध्यक्ष ने कहा, पाकिस्तान के पास अच्छे खिलाड़ियों का मजबूत पूल नहीं है

**रावलपिंडी, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने पहले टेस्ट मैच में बांग्लादेश से मिली 10 विकेट की करारी हार को निराशाजनक करार देते हुए कहा कि पाकिस्तान के पास अच्छे खिलाड़ियों का मजबूत पूल नहीं है जो जरूरत पड़ने पर राष्ट्रीय टीम में शामिल खिलाड़ियों की जगह ले सकें। नकवी ने कहा, यह हार बेहद निराशाजनक है। समस्या यह है कि चयन समिति के पास ऐसे खिलाड़ियों का पूल नहीं है जो जरूरत पड़ने पर सीनियर खिलाड़ियों की जगह ले सकें। पाकिस्तान ने घरेलू धरती पर अपना आखिरी टेस्ट मैच दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दिसंबर 2021 में रावलपिंडी में जीता था। इस बीच उसे पांच मैच में हार का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान श्रृंखला के शुरूआती मैच में विशेषज्ञ स्पिनर के बिना उतरा। उसने चार तेज गेंदबाजों को टीम में रखा लेकिन उसका यह फैसला गलत साबित हुआ। नकवी ने कहा,ह्यह्यबांग्लादेश के खिलाफ हार दुखद है लेकिन चयन समिति ने टीम प्रबंधन को 17 खिलाड़ी दिए थे। अगर कोच या कप्तान ने इनमें से कुछ खिलाड़ियों को बाहर रखा तो यह उनका फैसला है। हो सकता है कि उन्होंने गलती की हो लेकिन इसका चयन समिति से कोई लेना देना नहीं है।

### डब्ल्यूटीसी तालिका में आठवें स्थान पर खिसका पाकिस्तान

**दुबई, एजेंसी।** पाकिस्तान रावलपिंडी में बांग्लादेश के खिलाफ खेले गए पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में 10 विकेट की हार और उसके बाद धीमी ओवर गति की पेनल्टी के कारण विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की तालिका में आठवें स्थान पर खिसक गया है।

पाकिस्तान छह मैचों के बाद 16 अंकों और 22.22 के जीत प्रतिशत के साथ आठवें स्थान पर है। वह केवल वेस्टइंडीज से आगे है। रविवार को समाप्त हुए मैच में पाकिस्तान के खिलाफ अपनी पहली जीत दर्ज करने वाला बांग्लादेश 21 अंकों के साथ सातवें स्थान पर है। उसने अब तक अपने पांच में से दो मैच जीते हैं। पाकिस्तान के लिए पहले टेस्ट में धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण स्थिति और अधिक निराशाजनक हो गई है। उसने निर्धारित समय में छह ओवर कम किए और इस कारण छह डब्ल्यूटीसी अंक गंवा दिए। बांग्लादेश ने भी निर्धारित समय में तीन ओवर कम किए और इस कारण उसे तीन अंको से हाथ धोना पड़ा। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दूसरा टेस्ट मैच शुक्रवार से रावलपिंडी में खेला जाएगा। भारत नौ मैचों में छह जीत हासिल करके 74 अंकों और 68.52 के जीत प्रतिशत के साथ डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष पर है।


### शिलांग लाजोंग को हराकर नॉर्थईस्ट यूनाईटेड डूरंड कप के फाइनल में

**शिलांग, एजेंसी।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम नॉर्थईस्ट यूनाईटेड एफसी ने सोमवार को यहां स्थानीय दावेदार शिलांग लाजोंग एफसी को 3-0 से हराकर डूरंड कप फुटबॉल टूनार्मेंट के फाइनल में जगह बनाई। नॉर्थईस्ट यूनाईटेड की ओर से थोई सिंह (13वें मिनट) और मोरक्को के स्ट्राइकर अलाइडिन अजरेई (33वें मिनट) ने पहले हाफ में गोल दागे जबकि पार्थिब गोगोई (90 प्लस तीन मिनट) ने दूसरे हाफ में गोल किया। नॉर्थईस्ट यूनाईटेड ने पहली बार डूरंड कप के फाइनल में प्रवेश किया है। मुकाबले के लिए स्टेडियम में 15 हजार से अधिक दर्शक मौजूद थे।

### इंग्लैंड के पूर्व फुटबॉल कोच स्वेन-गोरान एरिक्सन का 76 वर्ष की आयु में निधन

**स्टॉकहोम, एजेंसी।** स्वीडिश फुटबॉल मैनेजर स्वेन-गोरान एरिक्सन, जिन्होंने 2001 से 2006 तक इंग्लैंड को कोचिंग दी थी, का सोमवार को 76 वर्ष की आयु में अग्नाशय के कैंसर से निधन हो गया। जनवरी में, एरिक्सन ने खुलासा किया कि वह घातक कैंसर से पीड़ित हैं और उनके पास जीने के लिए अधिक से अधिक एक साल है। एरिक्सन ने 2001 में इतिहास रचा था जब उन्होंने केविन कीगन की जगह ली और इंग्लैंड टीम की कमान संभालने वाले पहले विदेशी कोच बने और उन्होंने 2002 और 2006 में दो विश्व कप फाइनल चरणों में टीम का नेतृत्व किया, जिसमें सितंबर 2001 में जर्मनी के खिलाफ 5-1 की ऐतिहासिक जीत शामिल थी, जिससे वह बहुत लोकप्रिय व्यक्ति बन गए। फुटबॉल जगत ने उनके निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। कई प्रसिद्ध फुटबॉल क्लबों, खिलाड़ियों और पत्रकारों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शोक संवेदनाएँ पोस्ट की हैं।

यूरोपीय फुटबॉल की शासी संस्था यूईएफए ने एक्स पर कहा, यूरोपीय फुटबॉल समुदाय की ओर से, यूईएफए में हर कोई स्वेन-गोरान एरिक्सन के निधन के बारे में जानकर बहुत दुखी है।



# कोलकाता डॉक्टर मामले पर बोले जॉन अब्राहम

**कोलकाता में डॉक्टर के साथ हुई दरिंदगी के बाद देशभर के लोगों में गुस्सा है। फिल्मी कलाकार भी इस मामले पर खुलकर बोल रहे हैं। इसी सिलसिले में ताजा नाम जॉन अब्राहम का है, जो आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हुई घटना से काफी दुखी हैं। उन्होंने एक हालिया साक्षात्कार में महिला सुरक्षा को लेकर अपनी ओर से सुझाव दिया है।**

## लड़कों को दी अच्छा व्यवहार करने की सलाह

जॉन अब्राहम का कहना हैं कि माता-पिता को अपने बेटों को सही ढंग से व्यवहार करने के बारे में सिखाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी के स्वर में लड़कों से अच्छा बर्ताव करने को कहा। साथ ही मां-बाप से लड़कों की अच्छी परवरिश करने की भी उम्मीद जताई।

## मैं लड़कियों को कुछ नहीं कहूंगा

जॉन अब्राहम ने यह सब सुझाव रेडियो नशा को दिए एक हालिया साक्षात्कार में साझा किए। जॉन ने कहा कि वो लड़कियों को कुछ भी नहीं कहेंगे, क्योंकि उनकी गलती ही क्या है? बता दें कि ये पहला मौका नहीं है, जब जॉन अब्राहम ने महिला सुरक्षा को लेकर खुलकर अपनी बात रखी हो। उन्होंने रणवीर इलाहाबादिया के पॉडकास्ट में कहा था कि भारतीय पुरुषों को इस बात को समझना चाहिए कि उन्हें महिलाओं के साथ किस तरह का व्यवहार करना चाहिए।
बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष कर रही है वेदा
इन दिनों जॉन अब्राहम की फिल्म वेदा सिनेमाघरों में चल रही है। यह फिल्म जातिगत भेदभाव के मुद्दे पर बात करती है। इसमें शरवरी और अभिषेक बनर्जी ने भी अहम रोल अदा किया है। इसका निर्देशन निखिल आडवाणी ने किया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष करती हुई दिख रही है। फिल्म ने अभी तक 17 करोड़ रुपये का ही कलेक्शन किया है।




# जी ले जरा-फैशन 2 की शूटिंग के लिए मुंबई लौटीं प्रिंयका चोपड़ा?

बॉलीवुड देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा बेहद ही स्टाइलिश लुक में मुंबई एयरपोर्ट पहुंचीं। उनको वापस भारत में देखकर उनके प्रशंसक बेहद खुश हैं, साथ ही वह यह कयास लगा रहे हैं कि क्या वह फिल्म जी ले जरा या फिर फैशन 2 की शूटिंग के लिए मुंबई लौटीं हैं। मुंबई एयरपोर्ट पर प्रियंका चोपड़ा का स्टाइलिश लुक हर किसी को पसंद आया। एयरपोर्ट से बाहर निकलती हुई प्रियंका मुस्कुराती हुई नजर आईं। उनका यह लुक उनके प्रशंसकों को बेहद पसंद आया। इन दिनों प्रियंका चोपड़ा अपनी कई आगामी फिल्मों को लेकर व्यस्त हैं। हाल ही में प्रियंका ने फिल्म द ब्लफ की शूटिंग ऑस्ट्रेलिया में खत्म की थी। उनके प्रशंसकों का कहना है कि प्रियंका मुंबई इसलिए वापस लौटीं ताकि वह अपनी बॉलीवुड फिल्म जी ले जरा की शूटिंग शुरू कर सकें। हालांकि कुछ प्रशंसकों का कहना है कि क्या प्रियंका निर्देशक मधुर भंडारकर की फिल्म फैशन 2 में आने वाली हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हाल ही में मधुर अभिनेत्री से मिलने उनके घर लॉस एंजेलिस गए थे।
हाल ही में लॉस एंजेलिस से फैशन डायरेक्टर मधुर भंडारकर के साथ उनकी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। अभिनेत्री-निर्देशक की यह जोड़ी लंबे समय के बाद मिली और दोनों के बीच कुछ चर्चाएं भी हुईं। हालांकि यह बात साफ नहीं हो पाया है कि मुधर किसी बॉलीवुड प्रोजेक्ट के सिलसिले में प्रियंका से मिले थे या यह सिर्फ एक मुलाकात ही थी। मधुर ने तस्वीर साझा करते हुए लिखा था, लॉस एंजेलिस में अपने शानदार घर पर टेलेंटेड प्रियंका चोपड़ा से मिलना और आकर्षक चर्चा में शामिल होना बहुत खुशी की बात थी। वहीं इन दोनों की साथ में तस्वीरे के बाद प्रशंसक फैशन 2 के आने के बारे में कमेंट करते नजए आए।
वर्कफ्रंट की बात करें तो प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में द ब्लफ की शूटिंग पूरी की है, जिसके लिए वह ऑस्ट्रेलिया में शूटिंग कर रही थीं। इस फिल्म में प्रियंका के अलावा कार्ल अर्बन, इस्माइल क्रूज कॉर्डोवा, सफिया ओकले-ग्रीन और वेदांतन नायडू भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। इसके अलावा प्रियंका फिल्म हेड्स ऑफ स्टेट की शूटिंग पूरी कर चुकी हैं। इस फिल्म में उनके साथ इदरीस एल्बा, जॉन सीना मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। प्रियंका के बॉलीवुड प्रोजेक्ट्स की बात करें तो, कथित तौर पर निर्देशक फरहान अख्तर की फिल्म जी ले जरा में प्रियंका के साथ कैटरीना कैफ और आलिया भट्ट मुख्य भूमिका में नजर आ सकती हैं। हालांकि अभी तक इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।



# हाउसफुल 5 में अक्षय कुमार के साथ नजर आएंगी जैकलीन फर्नांडिस

हिंदी सिनेमा की सबसे बहुप्रतीक्षित फ्रैंचाइज़, हाउसफुल 5, लम्बे समय से चर्चाओं में हैं। अब यह फिल्म फ्लोर पर जाने के लिए तैयार है। बताया जा रहा है कि आगामी माह से यह फिल्म शूटिंग शुरू कर रही है। निर्माता साजिद नाडियाडवाला की इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ फरदीन खान, रितेश देशमुख और संजय दत्त मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। 300 करोड़ के भारी भरकम बजट में बनने वाली यह अब तक की सबसे महंगी हाउसफुल फिल्म है और निर्माता कास्टिंग के साथ इस



फ्रैंचाइज़ को और भी बड़ा बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। फिल्म का नेतृत्व करने के लिए शीर्ष ए लिस्ट अभिनेताओं को चुनने के बाद, साजिद नाडियाडवाला ने जैकलीन फर्नांडीज को हाउसफुल 5 की मुख्य महिला कलाकारों में से एक के रूप में चुना है। प्राप्त समाचारों के अनुसार जैकलीन को हाउसफुल 5 में अक्षय कुमार के साथ जोड़ा गया है। बताया जा रहा है कि, जैकलीन हाउसफुल फ्रैंचाइज़ में वापसी को लेकर उत्साहित हैं। उन्हें कॉमिक स्पेस पसंद है और वह साजिद नाडियाडवाला और हाउसफुल फ्रैंचाइज़ के साथ अपना जुड़ाव जारी रखने को लेकर उत्साहित हैं। सूत्र ने आगे बताया कि साजिद फिल्म में शामिल होने के लिए तीन अन्य शीर्ष अभिनेत्रियों से बातचीत कर रहे हैं और जल्द ही आधिकारिक घोषणा की जाएगी। हाउसफुल 5 जून 2025 में रिलीज होगी और इसका निर्देशन तरुण मनसुखानी करेंगे।



# छावा में औरंगजेब के रूप में नजर आएंगे अक्षय खन्ना

कुछ दिन पूर्व विक्की कौशल के अभिनय से सजी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म छावा का टीजर जारी किया गया था। इस टीजर में युद्ध के कुछ दृश्य थे जिनमें सिर्फ विक्की कौशल नजर आ रहे थे। टीजर के अंत में दो क्षण के फिल्म का दूसरा मुख्य किरदार नजर आया जो मुस्लिम बादशाह के रूप में था। इस किरदार ने अपनी दो क्षण की उपस्थिति में वो चर्चा पाई है जो विक्की कौशल भी नहीं पा सके हैं। सब तरफ यह बात हो रही है कि यह अदाकार कौन है?
विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म छावा इस समय काफी चर्चा में है। फिल्म की कहानी मराठा योद्धा छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है, जिसमें विक्की कौशल मुख्य भूमिका में नजर आएंगे, लेकिन इस फिल्म में औरंगजेब के किरदार को लेकर भी काफी उत्सुकता है।
फिल्म छावा में मुगल बादशाह औरंगजेब के किरदार के लिए सीनियर एक्टर अक्षय खन्ना को चुना गया है, जो अपनी दमदार एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं और अपने करियर में कई आइकॉनिक किरदार निभा चुके हैं। छावा पिछले काफी समय से चर्चा में है। हाल ही में फिल्म का टीजर रिलीज हुआ था, जिसमें विक्की कौशल फुल एक्शन मोड में नजर आए थे, लेकिन सबसे ज्यादा ध्यान अक्षय खन्ना ने खींचा क्योंकि टीजर में उन्हें पहचान पाना मुश्किल था। छावा के टीजर के आखिर में अक्षय थोड़ी देर के लिए औरंगजेब के किरदार में नजर आए, लेकिन उनका लुक और एक्टिंग ऐसी है कि इत्तेफाक एक्टर को पहचानने के लिए दोबारा टीजर देखना पड़ सकता है। छावा के साथ दर्शक अक्षय खन्ना को औरंगजेब के किरदार में एक नए अवतार में देख पाएंगे। यह देखना दिलचस्प होगा कि वह इस ऐतिहासिक किरदार को किस तरह जीवंत करते हैं। छावा का निर्माण बड़े पैमाने पर किया जा रहा है और हर कोई इसके रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उटेकर कर रहे हैं। फिल्म में साउथ की सनसनी रश्मिका मंदाना के साथ विक्की कौशल और अक्षय खन्ना भी हैं।

# शादी के लिए इटली रवाना हुई एमी जैक्सन

सिंह इज ब्लिंग फेम बॉलीवुड एक्ट्रेस एमी जैक्सन शादी करने जा रही हैं। वह मंगेतर और ब्रिटिश एक्टर एड वेस्टविक से दो साल डेटिंग के बाद शादी कर रही हैं। एमी अपने बेटे एंड्रियास और मंगेतर के साथ प्राइवेट जेट से इटली रवाना हो गई हैं। इस कपल ने इटली के अमाल्फी कोस्ट को वेडिंग वेन्यू चुना है। एमी जैक्सन ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह मंगेतर एड, अपने होने वाले ससुराल वालों और अपने बेटे एंड्रियास के साथ उड़ान भरती नजर आ रही हैं। एमी जैक्सन ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, चलो बेबी, शादी कर लेते हैं।
एमी ने इसके साथ ही अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर भी तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने लिखा, इटली, हम आ रहे हैं। बीते दिनों एमी ने प्राइवेट जेट में बैचलर पार्टी की थी। उनके मंगेतर एड वेस्टविक बेहद मशूहर टीवी शो गॉसिप गर्ल में चक बास के रोल के लिए काफी मशहूर हैं। दोनों ने इसी साल जनवरी में सगाई की थी। एड वेस्टविक ने इस साल जनवरी में स्विट्जरलैंड के गस्टाड में एमी जैक्सन को प्रपोज किया था। इस खूबसूरत पल की तस्वीरें काफी वायरल हुई थीं। तब कैप्शन में रिंग इमोजी के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए एमी ने लिखा, यकीनन हां। जबकि एड वेस्टविक ने फोटो शेयर करते हुए लिखा, मैंने जैकपॉट मारा है।
एमी जैक्सन की एक बार पहले भी सगाई हो चुकी है। वह पहले बिजनसमैन जॉर्ज पानायियोटौ को डेट करती थीं। दोनों ने सगाई की। उनका एक बेटा एंड्रियास भी पैदा हुआ। लेकिन शादी से पहले यह रिश्ता टूट गया। एमी जैक्सन फिल्मों से ज्यादा अपनी लव लाइफ को लेकर चर्चा में रही हैं। 2011 में उन्हें फिल्म एक दीवाना था के सेट पर प्रतीक बब्बर से हुआ। लेकिन 2012 में दोनों का ब्रेकअप हो गया। इसके बाद वह तीन साल मुंबई छोड़ लंदन चली गईं। एमी जैक्सन ने साल 2010 में तमिल फिल्म मद्रासपट्टिनम से एक्टिंग की शुरुआत की थी। उनकी पहली बॉलीवुड फिल्म प्रतीक बब्बर के साथ एक दीवाना था थी, जो 2012 में रिलीज हुई।





# कहानी को और गहरा बनाता है तनाव 2 में मेरा किरदार

स्ट्रीमिंग शो 'तनाव' सीजन 2 में दिखाई देने वाले अभिनेता सत्यदीप मिश्रा ने कहा कि उनकी भूमिका शो की कहानी को और भी गहरा करती है और साथ ही इसे आगे बढ़ाने में मदद करती है। तनाव' इजरायली सीरीज 'फौदा' का भारतीय रूपांतरण है। कश्मीर में सेट की गई एक एक्शन से भरपूर कहानी में बहादुरी, धोखे, लालच, प्यार और बदले की कहानियों को दिखाया गया है। दूसरे सीजन में स्पेशल टास्क ग्रुप (एसटीजी) को एक नए खतरे का सामना करना पड़ता है, जब अल-दमिश्क नामक एक प्रतिशोधी युवक घाटी में आता है। शो में अपनी भूमिका के बारे में सत्यदीप ने आईएएनएस को बताया, यह सीजन पहले सीजन को आगे लेकर जाता है, जो शो को अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर ले जाता है। हर एपिसोड दर्शकों को रोमांचित करेगा, जिसमें हर तरफ ट्विस्ट और सरप्राइज हैं। उन्होंने यह भी कहा कि स्पेशल टास्क ग्रुप का हिस्सा होने से उनके किरदार को एक स्थायी प्रभाव छोड़ने का एक अनूठा अवसर मिला है, चाहे वह देश की रक्षा करने या जान बचाने के बारे में हो।
उन्होंने कहा, यह भूमिका न केवल उनके लिए एक अभिनेता के रूप में चुनौती है, बल्कि यह इसकी कहानी को भी खास गहराई देती है। कोविड-19 महामारी से पहले की पृष्ठभूमि की कहानी पर आधारित यह शो एक सामाजिक-राजनीतिक ड्रामा है, जो घाटी में राज्य द्वारा संचालित स्पेशल टास्क ग्रुप और पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के बीच संघर्ष के इर्द-गिर्द घूमता है। शो के पहले सीजन में इसमें हरकत-उल-मुजाहिदीन, जमात-ए-इस्लामी कश्मीर जैसे आतंकवादी संगठनों की गतिविधियों और एसटीजी द्वारा उनका मुकाबला करने के तरीके को दिखाया गया था। अप्लॉज एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित तनाव का निर्देशन पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता सुधीर मिश्रा और ई. निवास ने किया है। शो में मानव विज, गौरव अरोड़ा, अरबाज खान, रजत कपूर, सुखमणि सदाना, साहिबा बाली, अर्सलान गोनी, अमित गौर, एकता कौल और वलूशा देसूसा जैसे कलाकारों की टोली शामिल है। तनाव 2 सोनी लिव पर 6 सितंबर को रिलीज होगी।

# भावनाओं का एटम बम होगी गदर 3



**बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल गदर फ्रैंचाइजी की अगली किस्त में तीसरी बार तारा सिंह का किरदार निभाने के लिए तैयार हैं। गदर 2 की सफलता के बाद दर्शक गदर 3 देखने के लिए बेहद उत्साहित हैं। अब फिल्म के निर्देशक अनिल शर्मा ने फिल्म से जुड़ी बड़ी अपडेट दी है। उन्होंने हाल ही में एक बातचीत में सनी देओल स्टारर गदर फ्रैंचाइजी के अगले सीक्वल को भावनाओं का परमाणु बम बताया है।**

## गदर 3 पर शुरू हो चुका है काम

अनिल शर्मा ने एक बातचीत में फिल्म के बारे में बात करते हुए खुलासा किया कि उन्होंने गदर 3 पर काम शुरू कर दिया है। इसके साथ ही सनी देओल की तारा सिंह के रूप में वापसी की पुष्टि की है। निर्देशक ने कहा, हमने गदर 3 पर काम करना शुरू कर दिया है। फिल्म से जुड़ी जब हर चीज हो जाएगी, तब हम इसे साझा करेंगे, अभी कुछ समय है। उन्होंने आगे कहा कि फिल्म गदर 2 को बनने में 20 साल लग गए। निर्देशक अनिल शर्मा ने आगे फिल्म के बारे में बात करते हुए कहा कि वह चाहते हैं कि अगला भाग पहले की रिलीज की तुलना में बड़ा और बेहतर भावनात्मक पहलू वाला हो। उन्होंने कहा, गदर 3 तब आएगी जब स्क्रिप्ट पूरी हो जाएगी और मुझे लगता है कि यह सिर्फ भावनाओं का बम नहीं बल्कि भावनाओं का एटम बम है। इसके साथ ही उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि कहानियों का सिलसिला जारी रहना चाहिए। मैं कहानी का सिलसिला जारी रखना चाहता हूं।